

# तरुण छत्तीसगढ़

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

■ रायपुर,सोमवार 05 अगस्त 2024 ■ श्रावण शुक्ल पक्ष-1 ■ वर्ष- 40 ■ अंक-129 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 06 अगस्त 2024 ■ मूल्य 1.00 रु.

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112


## संक्षेप

### 25 से अधिक अनुपस्थित अधिकारी-कर्मचारियों को नोटिस जारी करने निर्देश

**रायपुर,5 अगस्त।** संभागायुक्त श्री महादेव कावरे आज सुबह राजधानी रायपुर स्थित तीन शासकीय कार्यालयों का निरीक्षण किया और निर्धारित समय 10 बजे कार्यालय से अनुपस्थित लगभग 25 अधिकारी कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। श्री कावरे आज सुबह कृषि विभाग के संयुक्त संचालक कार्यालय पहुंचे। कार्यालय में निर्धारित समय 10 बजे कोई अधिकारी कर्मचारी उपस्थित नही थे। कार्यालय के मेन गेट पर लगा ताला देख संभागायुक्त ने गहरी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने संयुक्त संचालक से दूरभाष पर बात कर सभी अनुपस्थित अधिकारी कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। श्री कावरे ने इसके बाद नगर एवं निवेश विभाग के संयुक्त संचालक कार्यालय और सहकारी समितियों के पंजीयक कार्यालय का भी निरीक्षण किया। इन दोनों कार्यालयों में भी अनुपस्थित अधिकारी कर्मचारियों को नोटिस जारी करने के निर्देश संभागायुक्त ने दिए। उन्होंने सभी अधिकारी कर्मचारियों को निर्धारित समय सुबह 10 बजे कार्यालय में उपस्थित होने के निर्देश भी दिए।

निरीक्षण के दौरान नगर एवं निवेश कार्यालय पहुंचे संभागायुक्त ने उपस्थित कर्मचारियों से लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत लंबित प्रकरणों की जानकारी मांगी। उपस्थित कर्मचारी द्वारा जानकारी उपलब्ध नहीं करा पाने पर श्री कावरे ने नाराज़गी व्यक्त की। उन्होंने लोक सेवा गारंटी अधिनियम से संबंधित प्रकरणों का ऑनलाइन रिकार्ड रखने के साथ-साथ पंजी संधारण करने के निर्देश भी दिए। संभागायुक्त ने उपस्थित कर्मचारियों को निर्देशित किया कि कार्यालय में आने वाले नागरिकों को शासकीय योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ सरलता से दिलाने का प्रयास किया जाए। नागरिकों को अपने कामों के लिए सरकारी दफ्तरों के चक्कर ना काटने पड़े। संभागायुक्त ने लंबित प्रकरणों का भी शासकीय नियम अनुसार त्वरित निराकरण करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। संभागायुक्त ने लोक सेवा गारंटी अधिनियम सहित शासकीय योजनाओं और उनके क्रियान्वयन के लिए निर्धारित समय सीमा की जानकारी कार्यालयों के बाहर समुचित स्थान पर प्रदर्शित करने के भी निर्देश अधिकारियों को दिए।

### वक्फ एक्ट में कोई भी बदलाव मंजूर नहीं

**नईदिल्ली,5 अगस्त।** वक्फ बोर्ड में संशोधन वाला बिल अभी संसद पेश नहीं हुआ है लेकिन उसे लेकर हंगामा पहले ही मच गया है। ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने इसपर एतराज़ जताया है और कहा है कि वक्फ़ एक्ट 2013 में कोई भी ऐसा बदलाव, जिससे वक्फ़ संपत्तियों की हैसियत और प्रकृति बदल जाए या उन्हें हड़पना सरकार या किसी व्यक्ति के लिए आसान हो जाए, हरगिज़ क़बूल नहीं होगा। इसी तरह वक्फ़ बोर्डों के अधिकारों को कम या सीमित करने को भी कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। वहीं सुन्नी धर्मगुरू मौलाना खालिद रशीद फिरंगी महली ने भी वक्फ एक्ट में संशोधन को गैरज़रूरी बताया है। ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने बयान जारी किया है जिसमें कहा गया है कि वक्फ एक्ट में कोई भी बदलाव मंजूर नहीं। वक्फ बोर्ड के अधिकारों को कम करना बर्दाश्त नहीं। इसमें संशोधन होने से वक्फ की जमीन हड़पना आसान हो जाएगा। सरकार इस कानून में कोई संशोधन नहीं कर सकती। ओवैसी ने तो संशोधन बिल को वक्फ बोर्ड की संपत्ति हड़पने की साजिश बता दी है चो वहीं लखनऊ-दारुल उलूम प्रवक्ता सुफियान निज़ामी ने कहा है कि सरकार वक्फ़ एक्ट को मजबूती प्रदान करें, वक्फ़ से अवैध कब्ज़ों को सरकार हटाए, वक्फ़ बोर्ड के हाथों को सरकार मजबूत करें सही नीयत से सरकार बोर्ड की मदद करें, वक्फ़ जमीनों पर सरकारी इमारतों से लें।





# मुख्यमंत्री ने कावड़ियों पर की पुष्पवर्षा

**रायपुर,5 अगस्त।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज कबीरधाम जिले के भोरमदेव में शिव भक्तों पर हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा की। इस दौरान उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा साथ थे। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के साथ भोरमदेव बाबा भगवान शिव जी का दर्शन कर मंत्रोच्चारण के साथ विशेष पूजा-अर्चना और रुद्राभिषेक किया तथा प्रदेश की समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की और आशीर्वाद लिया।

# सुको ने कोचिंग संस्थानों को बताया डेथ चेंबर्स

## केंद्र-दिल्ली सरकार को जारी किया नोटिस

**नई दिल्ली,5 अगस्त।** सुप्रीम कोर्ट ने 5 अगस्त को पिछले महीने दिल्ली के कोचिंग सेंटर में हुई मौतों का स्वतः संज्ञान लिया और इस मामले पर केंद्र और दिल्ली सरकार को नोटिस जारी किया। अदालत ने कोचिंग सेंटरों में सुरक्षा मानदंडों से संबंधित मुद्दे पर संज्ञान लिया और कोचिंग संस्थानों में हाल की घटनाओं पर चिंता व्यक्त की, जिसमें विभिन्न परीक्षाओं के युवा उम्मीदवारों की जान चली गई। शीर्ष अदालत ने केंद्र, दिल्ली सरकार और एमसीडी को यह बताने



के लिए जवाब दाखिल करने को कहा कि अब तक क्या सुरक्षा मानदंड निर्धारित किए गए हैं। अदालत ने राष्ट्रीय राजधानी के पुराने राजिंदर नगर में एक यूपीएससी कोचिंग सेंटर के बेसमेंट में तीन छात्रों की मौत पर कोचिंग सेंटरों को फटकार लगाई और कहा कि वे उम्मीदवारों के जीवन के साथ खेल रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि कोचिंग सेंटर देश के विभिन्न हिस्सों से आए उम्मीदवारों के जीवन के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। यह घटना आंखें खोलने वाली है। किसी भी संस्थान को तब तक संचालन की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए जब तक कि वे सुरक्षा मानदंडों का पालन नहीं करते।

# शेख हसीना ने छोड़ा बांग्लादेश

**ढाका,5 अगस्त।**

बांग्लादेश में आरक्षण के खिलाफ जारी विरोध प्रदर्शन अब एक बड़े आंदोलन में बदल चुका है. इस बीच खबर है कि बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना ढाका पैलेस छोड़कर किसी सुरक्षित स्थान पर चली गईं हैं. वहीं लाखों लोग कर्फ्यू तोड़कर सड़क पर उतर चुके हैं, ये लोग प्रधानमंत्री शेख हसीना से इस्तीफे की मांग कर रहे हैं. वहीं संभावना जताई जा रही है कि शेख हसीना प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा दे सकती हैं.बांग्लादेश सरकार के खिलाफ जारी इस प्रदर्शन में अब तक कम से कम 300 लोगों की मौत हो चुकी है.




बांग्लादेश में हिंसा के दौरान रविवार को ही 100 से ज्यादा लोगों की मौत हो गई। वहीं हिंसा में एक हिंदू पार्षद की भी हत्या कर दी गी। रंगपुर सिटी के पार्षद हराधन रॉय हारा के घर पर प्रदर्शनकारियों ने हमला कर दिया और उनको मार डाला। वहीं रिपोर्ट्स में बताया जा रहा है कि हिंदुओं के मंदिरों और उनके घरों को भी निशाना बनाया जा रहा है। इस्कान और काली मंदिर में भी प्रदर्शनकारियों ने तोड़फोड़ की और श्रद्धालुओं पर हमला कर दिया। इसके बाद उन्हें जान बचाने के लिए भागना पड़ गया। हराधन रॉय रंगपुर शहर में वॉर्ड नंबर 4 से परषुराम थाना आवामी लीग पार्टी से पार्षद थे। न्यू इंडियन एक्सप्रेस की रिपोर्ट के मुताबिक काजल रॉय नाम की एक पार्षद की भी रविवार को हत्या कर दी गई। बता दें कि प्रदर्शनकारी प्रधानमंत्री शेख हसीना के इस्तीफे को लेकर अड़े हुए हैं। आरक्ष के विरोध में शुरू हुई हिंसा का अब राजनीतिक और सांप्रदायिक रंग भी सामने आ रहा है। जगह-जगह पर सरकार के समर्थकों और विरोधों के बीच हिंसक झड़प हो रही है। इस हिंसा में अब तक 300 से ज्यादा लोगों की जान जा चुकी है। भारत ने रविवार रात बांग्लादेश में रह रहे अपने सभी नागरिकों को पड़ोसी देश में हिंसा की ताजा घटनाओं के मद्देनजर 'अत्यधिक सावधानी' बरतने और अपनी आवाजाही सीमित रखने की सलाह दी। भारत ने नया परामर्श जारी कर अपने नागरिकों से अगले आदेश तक बांग्लादेश की यात्रा नहीं करने के लिए कहा है।

# करेंट से 9 कांवड़ियों की मौत

**पटना,5 अगस्त।** बिहार के हाजीपुर में करंट लगने से 9 कांवड़ियों की मौत हो गई है। इसमें एक नाबालिग भी शामिल है। घटना रविवार (4 अगस्त) देर रात की है। कांवड़िये सावन सोमवारी का जल उठाने के लिए जा रहे थे। इसी दौरान ट्रैक्टर-ट्रॉली पर लगाया गया डीजे 11 हजार वोल्ट के चपेट में आ गया, जिसमें 9 कांवड़िये हाईटेंशन तार में 15 सेकंड तक चिपक गए, जिसमें उनकी मौत हो गई। वहीं कई लोग घायल हो गए, जिन्हें अस्पताल में भर्ती किया गया है। यह घटना हाजीपुर के औद्योगिक थाना क्षेत्र के सुल्तानपुर गांव की है। सभी मृतकों की पहचान कर ली गई है। घटना की पुष्टि एसडीओ महेंद्र बैठा ने की है। जानकारी के मुताबिकसावन के महीने में गांव के लड़के हर सोमवार को पास के ही हरिहरनाथ मंदिर में जलाभिषेक करने जाया करते थे। रविवार की रात को भी लड़के जलाभिषेक के लिए निकले थे। इन लड़कों ने यात्रा के लिए ट्रैक्टर-ट्रॉली पर डीजे का भी इंतजाम किया था। इस गांव की सड़क ऊबड़-खाबड़ होने की वजह से ट्रैक्टर ट्रॉली सड़क के ऊपर से ही गुजर रही हाईटेंशन लाइन की चपेट में आ गई। करंट की वजह से ट्रॉली पर सवार लड़के झुलस गए तो कई अफरातफरी के दौरान करंट की चपेट में आ गए। इसकी वजह से घटनास्थल पर ही 9 लोगों की मौत हो गई। एक प्रत्यक्षदर्शी ने बताया कि वह अपने दोस्तों के साथ सुल्तानपुर से डीजे ट्रॉली पर सवार होकर पहलेजा घाट जा रहा था।

# वक्फ को टच मी नॉट की सनक से बाहर आना होगा: नकवी

**नई दिल्ली,5 अगस्त।** वक्फ एक्ट में संशोधनों की अटकलों के बीच भारतीय जनता पार्टी के मुस्लिम नेता बोर्ड को टच मी नॉट की सनक से बाहर आने की हिदायत दे रहे हैं। संभावनाएं जताई जा रही हैं कि सरकार एक्ट में संशोधन के लिए सदन में बिल पेश कर सकती है। हालांकि, इस प्रस्तावित बिल को लेकर स्थिति स्पष्ट नहीं है। साल 1995 में तत्कालीन प्रधानमंत्री पीवी नरसिम्हा राव सरकार ने वक्फ एक्ट में पहली बार बदलाव किया। अल्पसंख्यक मामलों के पूर्व मंत्री और वरिष्ठ भाजपा नेता मुख्तार अब्बास नकवी ने एक्स पर कहा, वक्फ की कार्यशैली को टच मी नॉट (अछूत) की सनक-सियासत से बाहर आना होगा। उन्होंने जोर देकर कहा, समावेशी सुधारों पर सांप्रदायिक वार ठीक नहीं है। खबरें हैं कि एक्ट में संशोधनों पर कैबिनेट ने मुहर लगा दी है। ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने रविवार को कहा कि वक्फ बोर्ड की कानूनी स्थिति और शक्तियों में किसी भी तरह का हस्तक्षेप बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।



एआईएमपीएलबी ने एनडीए के सहयोगी दलों और विपक्षी दलों से भी आग्रह किया कि वे ऐसे किसी भी कदम को पूरी तरह से खारिज करें और संसद में ऐसे संशोधनों को पारित न होने दें। एआईएमपीएलबी के प्रवक्ता एस क्यू आर इलियास ने एक बयान में कहा कि बोर्ड इस कदम को विफल करने के लिए सभी प्रकार के कानूनी और लोकतांत्रिक उपाय अपनाएगा।असदुद्दीन ओवैसी भी विरोध में नजर आ रहे हैं। ओवैसी ने यहां संवाददाताओं से कहा कि प्रस्तावित संशोधनों के बारे में मीडिया में खबरें आ रही हैं, जिनसे पता चलता है कि नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार वक्फ बोर्ड की स्वायत्तता छीनना चाहती है। वह वक्फ संपत्ति के संचालन में हस्तक्षेप करना चाहती है। यह अपने आप में धार्मिक स्वतंत्रता के खिलाफ है। हैदराबाद के सांसद ने कहा कि यदि वक्फ बोर्ड की स्थापना और संरचना में कोई संशोधन किया जाता है, तो प्रशासनिक अराजकता पैदा होगी और वक्फ बोर्ड अपनी स्वायत्तता खो देगा। उन्होंने कहा कि प्रस्तावित संशोधनों से संकेत मिलता है कि विवादित संपत्ति का सर्वेक्षण सरकारी अधिकारी करेंगे, न कि मामले का न्यायालय में निर्णय होगा। उन्होंने कहा, कुल मिलाकर, अगर मीडिया की खबरें सच हैं, तो मोदी के नेतृत्व वाली सरकार मुसलमानों से वक्फ बोर्ड की संपत्तियां छीनना चाहती है। उन्होंने आगाह किया कि भाजपा के सहयोगियों को सोचना होगा कि क्या वे चाहते हैं कि मुसलमानों की वक्फ संपत्तियां छीन ली जाएं।

### हिजबुल्लाह ने इजरायल पर किए ताबड़तोड़ हमले

**लेबनान,5 अगस्त।** मिडिल ईस्ट में तनाव बढ़ने की खबर के बीच अब हिजबुल्लाह ने कहा है कि उसने सोमवार तड़के सुबह उत्तरी इजराइल पर ड्रोन के जरिए हमला किया है। इजराइली सेना ने कहा है कि इस हमले में दो इजराइली सैनिक घायल हो गए वहीं इलाके में आग भी लग गई है। यह हमला ऐसे समय में हुआ है जब पिछले सप्ताह लेबनान में हिजबुल्लाह कमांडर और ईरान में हमास के लीडर की हत्या के बाद पूरे इलाके में तनाव बढ़ गया है और जंग की आशंका बढ़ गई है। ईरान समर्थित हिजबुल्लाह ने एक बयान में कहा है कि उसने दक्षिणी लेबनान के कई गांवों में इजराइल के हमलों और हत्याओं के जवाब में उत्तरी इजराइल में एक सैन्य ठिकाने को निशाना बनाया।

# 15 अगस्त को लाल किले से दिखेगी नारी शक्ति

**नईदिल्ली, 5 अगस्त ।** अपनी पंचायतों को विभिन्न प्रकार की समस्याओं से स्वतंत्रता दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा चुकीं महिला जनप्रतिनिधि लाल किले से नारी सशक्तिकरण का संदेश देंगी। पंचायतीराज मंत्रालय के मानकों पर राज्यों द्वारा चयनित 150 महिला सरपंच, ग्राम पंचायत अध्यक्ष, जिला पंचायत अध्यक्ष आदि महिला पंचायत प्रतिनिधि इस बार स्वतंत्रता दिवस समारोह में शामिल होंगी। इनकी नेतृत्व क्षमता को और तराशने के लिए न सिर्फ यहां राष्ट्रीय कार्यशाला आयोजित की गई है, बल्कि केंद्र सरकार द्वारा यहां इन्हें सम्मानित भी किया जाएगा। नारी शक्ति को एक प्रमुख जाति के रूप में संरक्षण और प्रोत्साहन देने के लिए मोदी सरकार लगातार प्रयासरत है। राजनीति में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए नारी शक्ति वंदन अधिनियम राजग सरकार समय-समय पर बेहतर काम करने वाली महिला जनप्रतिनिधियों को प्रेरणापुंज के रूप में स्थापित करने के अवसर तलाश रही है।गणतंत्र दिवस समारोह में तो केंद्र सरकार ने देशभर से निर्वाचित पंचायत प्रतिनिधियों को आमंत्रित किया था, लेकिन स्वतंत्रता दिवस समारोह में सिर्फ पंचायतों की निर्वाचित महिला जनप्रतिनिधियों को ही बुलाया गया है। पिछले दिनों पंचायतीराज मंत्रालय की ओर से सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को पत्र लिखकर कहा था कि स्वतंत्रता दिवस समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में आमंत्रित करने के लिए अपने-अपने राज्यों की महिला पंचायत जनप्रतिनिधियों का चयन करें।इसके लिए मानक बताए गए कि पंचायत ने कोई राष्ट्रीय या राज्य स्तरीय पुरस्कार जीता हो, महिला एवं बाल विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य, पेजयल, स्वच्छता या पर्यावरण संरक्षण जैसे क्षेत्रों में पंचायत ने उल्लेखनीय कार्य किया हो, सामाजिक-आर्थिक विविधता के लिए कार्य किया हो या पंचायत प्रतिनिधि का संबंध स्वतंत्रता सेनानी के परिवार से हो। ऐसी महिला जनप्रतिनिधियों की राज्यों की ओर से जो सूची भेजी गई है, उसे पंचायतीराज मंत्रालय ने अपने मानकों पर परखते हुए अंतिम सूची तैयार कर ली है। महिला जनप्रतिनिधियों को उनके पति सहित आमंत्रित किया है। उनके साथ राज्यों से नोडल अधिकारी भी व्यवस्थाओं की देखरेख के लिए आएंगे। इस तरह 150 महिला प्रधान या सरचंप, ग्राम पंचायत अध्यक्ष, ब्लाक पंचायत अध्यक्ष, जिला पंचायत अध्यक्ष सहित कुल 274 अतिथि देशभर से आ रहे हैं। इन महिला जनप्रतिनिधियों के लिए 14 अगस्त को नई दिल्ली स्थित डॉ. भीमराव आंबेडकर इंटरनेशनल सेंटर में संबह दस बजे से पंचायतीराज में महिला नेतृत्व विषय पर राष्ट्रीय कार्यशाला आयोजित की जाएगी।दोपहर में सभी विशिष्ट अतिथि प्रधानमंत्री संग्रहालय का भ्रमण करेंगे, जबकि शाम को आंबेडकर इंटरनेशनल सेंटर में ही केंद्रीय पंचायतीराज मंत्री ललन सिंह और राज्यमंत्री प्रो. एसपी सिंह बघेल द्वारा महिला जनप्रतिनिधियों को सम्मानित किया जाएगा।

# उपमुख्यमंत्री अरुण साव के भांजे का शव बरामद

**रायपुर,5 अगस्त।** छत्तीसगढ़ के कबीरधाम जिले अंतर्गत बोड़ला थाना क्षेत्र के रानीदहरा जलप्रपात में बीते रविवार को डिप्टी सीएम अरूण साव का भांजा तुषार साहू लापता हो गया था। वह अपने दोस्तों के साथ चिल्फी- सरोदा दादर से लौटकर रानीदहरा घूमने गया था। यह शाम साढ़े पांच बजे की घटना है। इस घटना पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने गहरा दुख व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कवर्धा के रानीदहरा जलप्रपात में उपमुख्यमंत्री श्री अरुण साव जी के भांजे तुषार साहू के डूबने की हृदयविदारक सूचना प्राप्त हुई। घटना से मन व्यथित है। ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति और शोकाकुल परिजनों को संबल प्रदान करने की विनम्र प्रार्थना करता हूं।



जलप्रपात में पानी ज्यादा होने और लगातार बारिश के कारण टीम रेस्क्यू नहीं कर पा रही थी। वहीं आज सोमवार की सुबह सात बजे शव को जलप्रपात से बाहर निकाला गया। इस रेस्क्यू ऑपरेशन के लिए एसडीआरएफ दुर्ग की टीम को बुलाई गई थी। वहीं शव को पीएम के लिए बोड़ला के सरकारी अस्पताल में भेजा जा रहा है। इस मामले में बोड़ला थाना पुलिस जांच कर रही है। मृतक युवक बेमेतरा का निवासी था। साथ ही भाजपा में पदाधिकारी था।

**आधुनिक ग्रीष्मकालीन ओलंपिक खेल, 2024 : पेरिस, भारतीय खिलाड़ियों का निराशाजनक प्रदर्शन जारी** jasclaudius@gmail.com

# मैच में आपको विपक्षी पढ़ ले, यही आपकी हार

✍ **जसवंत क्लाडियस,तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता**

वर्तमान के बहुखेल प्रतियोगिता में ओलंपिक खेलों को सबसे प्रमुख और कड़े संघर्ष की प्रतिस्पर्धा मानी जाती है। 2024 पेरिस के ओलंपिक खेलों में 206 देश/संगठन के 10714 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। इनमें 32 खेलों के 329 इवेंट हो रहे हैं। पेरिस ओलंपिक खेलों की शुरुवात हालांकि 24 जुलाई से हो चुकी है परंतु इसका विधिवत उद्‌घाटन 26 जुलाई को हुआ जो कि 11 अगस्त तक चलेगा। ओलंपिक टूर्नामेंट के लिए 28 कोर गेम्स के साथ इस बार 4 अन्य खेल वैकल्पिक रूप से शामिल हैं जिनमें स्केटबोर्डिंग, स्पोर्ट क्लाइंबिंग, सरफिंग तथा ब्रेकिंग (ब्रेक डांस) सम्मिलित हैं। 117 खिलाड़ियों का भारतीय दल 16 खेलों में भाग लेने पेरिस गया है। जिस तरह की तैयारी भारत में खेलो इंडिया कार्यक्रम के लागू होने के पश्चात खिलाड़ियों के लिए की जा रही है उससे अब तक मिले सिर्फ तीन कांस्य अत्यंत निराशाजनक है। टोक्यो 2020 ओलंपिक खेलों में भारतीय खिलाड़ियों ने सात पदकों पर कब्जा जमाया था वह स्थिति अब नहीं लगती। पेरिस ओलंपिक खेलों में भारतीय खिलाड़ियों ने बेहद निराशाजनक प्रदर्शन करते हुए अब तक सिर्फ तीन कांस्य पदक निशानेबाजी में हासिल की है। भारतीय तीरंदाजों, मुक्केबाजों के अपने विपक्षी को पछाड़ने के तौर तरीके ने पूरे देशवासियों को हताश किया है। दहाई से अधिक पदक जीतकर लाने की उम्मीद पूरे देशवासी कर रहे थे लेकिन हमारे खिलाड़ी पदक की दौड़ में पहुंचते-पहुंचते हार रहे हैं। यह सब कुछ सीधे प्रसारण के माध्यम से देखकर बहुत अफसोस हुआ। पहलवानों में लवलीना बोरगोहेन सिर्फ एक मैच खेलकर क्वार्टरफाइनल में पहुंची। उन्होंने राउंड ऑफ 16 में महिलाओं के 75 किलो ग्राम वर्ग में नार्वे की सुनिवा होफस्टाड को पराजित किया था। फिर क्वार्टर फायनल में टोकयो 2020 की कांस्य पदक विजेता लवलीना का मुकाबला विश्व की नंबर एक चीन की दो ओलंपिक पदक विजेता ली कयान से हुई और वे पराजित हो गई। चौथी बार ओलंपिक में भाग ले रही दीपिका कुमारी, रिकर्व एकल क्वार्टर फायनल में अपनी प्रतिद्वंदी से 4-0 की बढ़त के बावजूद पराजित हो गई। दीपिका कई बार विश्व कप विजेता तीरंदाज हैं और गत अप्रैल में शंघाई विश्वकप में व्यक्तिगत इवेंट का स्वर्णपदक जीता था। इसी तरह भारत के बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन ओलंपिक शुरू होने से पहले विश्व के 21वीं नंबर के खिलाड़ी थी बाद में वे 14वें नंबर पर आ गए हैं। सेमीफाइनल में उनका मुकाबला विश्व के दूसरे नंबर केडेनमार्क के शटलर विक्टर एक्सेलसन से हुआ और वे पहले गेम में 14-7, फिर 20-18 से जबकि दूसरे गेम में 7-0 से आगे थे फिर भी पराजित हो गए। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए विक्टर ने कहा कि लक्ष्य जैसे ही बढ़त बनाते थे उनका ध्यान खेल से भटक जाता था। उपरोक्त तीन उदाहरण से स्पष्ट है कि भारतीय खिलाड़ी आज भी अपने मुकाबले में विपक्षी के मुकाबले मनोवैज्ञानिक रूप से कमजोर हैं। पिछले 77 वर्षों से भारतीयों की अंतर्राष्ट्रीय स्पर्धाओं विशेषकर ओलंपिक खेलों में असफलता का यही सबसे बड़ा कारण है। हमारे खिलाड़ी मैच के सबसे महत्वपूर्ण क्षण में अपने आपका नियंत्रण खो बैठते हैं। लक्ष्य की असफलता विक्टर की प्रतिक्रिया से स्पष्ट है कि विपक्षी खिलाड़ी हमारे भारतीय खिलाड़ियों की मनोदशा को पढ़ लेते हैं। खेल के क्षेत्र में हमारी यह स्थिति स्पष्ट बताती है कि भारतीय मानसिक रूप से कितने कमजोर हैं। सच्चाई तो यह है कि भारतीय लोग सीधे व सरल होते हैं। वे दूसरे को सहज ही स्वीकार कर लेते हैं तभी तो इतिहास पर नजर डालने से स्पष्ट है कि दूसरे देश के लोगों ने सैकड़ों वर्ष हमारे देश पर राज किया पर खेल के मैदान में अब यह नीति उपयोगी नहीं है। खेल के मैदान को युद्ध का क्षेत्र समझकर ही उसमें प्रतिद्वंद्वी से संघर्ष करने उतरना चाहिए। परिणाम चाहे जो आये उसके बाद अपने विरोधी से सामान्य व्यवहार करे लेकिन मैच के दौरान किसी प्रकार की ढील देना याने अपने पैर पर कुल्हाड़ी मारना है। पेरिस ओलंपिक 2024 में भारतीयों के मन में दहाई पदक जीत कर लौटने की जो उम्मीद जताई गई थी अब वह धूमिल होती जा रही है। आज के युग में आपके पास बहुत अच्छी तकनीक है, आप शक्तिशाली हैं। रणनीति अच्छी है लेकिन कोई दूसरा आपको पढ़ ले तो सारी बातें धरी की धरी रह जाती है।

# दलित संगठनों ने 21 अगस्त को भारत बंद का किया ऐलान

**नई दिल्ली,5 अगस्त।** सुप्रीम कोर्ट ने पिछले सप्ताह एसी-एसटी आरक्षण में उप-कोटा तय करने को मंजूरी दी थी. अदालत ने कहा था कि यदि राज्य सरकारों को लगता है कि एसी-एसटी वर्ग की कोई जाति ज्यादा पिछड़ी है तो फिर उसके लिए सब-कोटा तय किया जा सकता है. यही नहीं 7 जजों की संवैधानिक बेंच ने 4-3 के बहुमत से कहा था कि एसी-एसटी में क्रीमी लेयर की भी पहचान होनी चाहिए. क्रीमी लेयर के तहत आने वाले इस वर्ग में लोगों को आरक्षण का लाभ नहीं मिलना चाहिए. शीर्ष अदालत के इस फैसले का एक वर्ग ने स्वागत किया है तो वहीं दलित समाज के बड़े हिस्से में उबाल है. ट्विटर पर पिछले 2 दिनों से लगातार इसके विरोध में ट्रेंड चल रहा है. यही नहीं 21 अगस्त को भारत बंद का आह्वान भी कई दलित संगठनों की ओर से किया गया है. खासतौर पर बीएसपी प्रमुख मायावती ने भी इसका विरोध किया है. उन्होंने कहा कि इस तरह-तरह आरक्षण को ही खत्म करने की साजिश हो रही है. सब-कोटा पर मायावती ने कहा कि इससे सरकारें अपने मन से किसी भी जाति को कोटा दे सकेंगी और अपने राजनीतिक हितों को साधा जा सकेगा. ऐसा फैसला ठीक नहीं है. यही नहीं उन्होंने क्रीमीलेयर पर भी सुप्रीम कोर्ट की राय का विरोध किया. मायावती ने कहा कि यह बात सही है कि दलित समाज में 10 त्न लोगों के पास पैसा आया है. वह पदों पर पहुंचे हैं, लेकिन उनके बच्चों से आरक्षण का लाभ नहीं छीना जा सकता. ऐसा इसलिए क्योंकि जातिवादी मानसिकता के लोगों के विचार अब भी नहीं बदले हैं. समाज में पैसा आने के बाद भी स्वीकार्यता नहीं है. उनसे आरक्षण छीनना ठीक नहीं होगा. इस मामले पर बीएसपी और कांग्रेस ने कोई रिएक्शन नहीं दिया है.

## एक नजर

### सट्टा खेलाने वाला गिरफ्तार



**भिलाई, 5 अगस्त।** भिलाई आनलाइन सट्टा एप रेड्डी अन्ना के पैनल नंबर 128 में सट्टा खेल रहे एक आरोपित को भट्ठी पुलिस ने गिरफ्तार किया है आरोपित पूर्व में दिल्ली और आंध्रप्रदेश के पलासा में संचालित पैनलों में काम भी कर चुका है उससे दो मोबाइल, पांच सिम, पांच एटीएम कार्ड, 1,043 रुपये नकद और कार जब्त किया गया है पुलिस ने आरोपित के खिलाफ संशोधित सट्टा अधिनियम की धारा के तहत कार्रवाई की है भट्ठी टीआई प्रशांत मिश्रा ने बताया कि एक युवक कार में बैठकर लगातार मोबाइल पर कुछ संदिग्ध गतिविधि कर रहा था संदेह पर पुलिस ने उसे पकड़ा पूछताछ में आरोपित ने अपना नाम हर्ष कुमार (24 साल ) निवासी तिरंगा नगर दुर्गा मंदिर के पास न्यूखुर्सीपार बताया उसके मोबाइल की जांच पर उसमें से आनलाइन सट्टा एप रेड्डी अन्ना के पैनल नंबर 128 की आइडी मिली जिस पर आरोपित रुपये का दांव लगाकर स?ट्टा खेला रहा था आरोपित लंबे समय से इस काम में जुड़ा है वह अलग-अलग शहरों में रहकर सट्टा के पैनलों में काम भी कर चुका है उसके खातों में छह लाख 37 हजार 330 रुपये का हिसाब भी मिला है आरोपित से पूछताछ जारी है, ताकि आनलाइन सट्टा से जुड़े अन्य की भी जानकारी मिल सके आरोपित से दो फोन, पांच एटीएम, पांच सिम और 1,043 रुपये जब्त दिल्ली और आंध्रप्रदेश के पलासा में कर चुका है सट्टा का काम

### दो सटोरियों के खिलाफ कार्रवाई

**भिलाई, 5 अगस्त।** भिलाई - 3 थाना क्षेत्र सट्टे का अवैध कारोबार करने वाले दो सटोरियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने जुआ एक्ट के तहत छ.ग. जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 की धारा 6 जुर्म दर्ज किया है छावनी सीएसपी हरिश पाटिल ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर दादर रोड चरोदा में दो लोगों द्वार सट्टापट्टी लिख कर हार जीत का दांव लगाने की जानकारी हुई मौके पर पुलिस ने दबिश देकर पवन ट्रेडर्स के बाजू दादर रोड चरोदा निवासी प्रफुल प्रधान उर्फ जापानी से 6 नग सट्टापट्टी, नगदी रकम 52 हजार 600 और बाम्बे आवास चरोदा विनोद सिंह से 2 नग सट्टापट्टी, नगदी रकम 2 हजार 330 रुपए बरामद किया है सटोरिया प्रफुल प्रधान उर्फ जपानी रेलवे क्षेत्र में अर्से से सट्टापट्टी का अवैध कारोबार करता रहा है कई बार रेलवे पुलिस ने इसके खिलाफ कार्रवाई भी कर चूकी है





### स्मृति नगर के घर में चोरी

**भिलाई, 5 अगस्त।** भिलाई स्मृति नगर चौकी क्षेत्र एक घर में दिन दहाड़े चोरी की घटना हुई है अज्ञात आरोपित ने घर के दरवाजे का ताला तोड़कर सोने-चांदी के आभूषण और चांदी के बर्तन चुरा ले गए घटना की शिकायत पर स्मृति नगर चौकी पुलिस ने प्राथमिकी कर मामले की जांच शुरू की है विवानव यादव ने पड़ोसी मदन सिंह के घर पर हुई चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई है मदन परिवार के साथ 28 जुलाई को बिहार चला था उसने शिकायतकर्ता को घर की चाबी दी थी, ताकि वह घर की देखरेख कर सके शिकायतकर्ता दो अगस्त की रात को मदन के घर पर सोने गया और अगले दिन दोपहर 11-30 बजे ताला लगाकर लौट आया दोपहर में साढ़े तीन बजे वह फिर से उसके घर पर गया, जहां उसे अपने घर के दरवाजे का ताला टूटा मिला मदन ने उसे बताया कि आलमारी में सोने का हार, मांग टीका, झुमका, सोने की चूड़ी, चांदी की पायल और चांदी का लोटा व गिलास था चोरी गए सामान की अनुमानित कीमत करीब ढाई लाख रुपये आकी गई है ।

### दो आरक्षक पुरस्कृत

**भिलाई, 5 अगस्त।** भिलाई लूट के अपचारी बालकों को पकड़ने में सफलता हासिल करने वाले दो आरक्षकों को दुर्ग एसपी जितेन्द्र शुक्ला ने नगद पुरस्कृत किया है जिसमें वैशाली नगर थाना में पदस्थ आरक्षक आवेश सिद्धकीय, नितेश पाण्डेय है उरला बस्ती वार्ड 58 निवासी रमेश सिसोदिया अपने काम से रात को घर लौट रहे थे। इस दौरान उनके साथ कुछ लोग उनकी बाइक एमपी 48 एमडब्लू 0479 रोक कर उनके -साथ गाली गलौज कर उनके जेब से मोबाइल और नगदी रकम, बाइक को लूट कर फरार हो गए घटना 31 जुलाई की है शिकायत दर्ज होने पर वैशाली नगर पुलिस ने आरोपियों को पतसाजी के लिए आरक्षक आवेश सिद्धकीय, नीतेश पाण्डेय को लगा दिया दोनों आरक्षखों ने घटनास्थल से आसपास में लगे सीसी कैमरों को खंगालने पर कुछ अपचारी बालक दिखाई दे रहे थे संदेह के आधार पर अपचारी बालकों को पकडा और पूछताछ करने पर रमेश सिसोदिया के साथ लूटपाट करने की घटना को अंजाम देना स्वीकार किया।


# सीएम ने भोरमदेव में पूजा-अर्चना और रुद्राभिषेक कर प्रदेश की खुशहाली की कामना की

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा,5 अगस्त।** प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज छत्तीसगढ़ के प्राचीन, पुरातात्विक, धार्मिक और ऐतिहासिक महत्व के स्थल बाबा भोरमदेव मंदिर में पवित्र सावन मास में सैकड़ों किलो मीटर पदयात्रा कर जलाभिषेक करने आने वाले हजारों कावड़ियों पर हैलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत अभिनंदन किया। उन्होंने हर-हर महादेव और बोलबम के जयघोष के साथ श्रद्धालुओं और हजारो पदयात्री कावड़ियों का हौसला बढाते हुए भोरमदेव परिसर में आत्मीयता से मुलाकात की।

मुख्यमंत्री के साथ प्रदेश के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने भी कावड़ियों का स्वागत अभिनंदन किया। यह आयोजन छत्तीसगढ़ में पहली बार हो रहा है, जब प्रदेश के मुखिया स्वयं कावड़ियों पर पुष्प वर्षा किये। इसके बाद मुख्यमंत्री श्री साय ने उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा के साथ भोरमदेव बाबा भगवान शिव जी का दर्शन कर मंत्रोच्चारण के साथ विशेष पूजा-अर्चना और रुद्राभिषेक किया तथा प्रदेश की समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की और आशीर्वाद लिया। मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री ने मंदिर परिसर में बोल-बम कावड़ यात्रियों एवं श्रद्धालुओं से मुलाकात कर हाल चाल जाना। मुख्यमंत्री श्री साय ने मंदिर परिसर में बोल-बम कावड़ यात्रियों एवं श्रद्धालुओं का अभिवादन किया।

मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने शिव भक्त कावड़ियो और श्रद्धालुओं से कहा कि आज बड़े सौभाग्य की बात है सावन के तीसरे सोमवार को भोरमदेव में भगवान भोलेनाथ का दर्शन करने आए है। यहां पहुंचकर मैं भगवान भोलेनाथ से प्रदेश के सभी लोगो की सुख शांति समृद्धि के लिए कामना किया हूं। हेलीकॉप्टर से भोरमदेव मंदिर में पुष्पवर्षा भी किए है। उन्होंने सावन मास के लिए सभी भक्तजनों को शुभकामनाएं दी।मुख्यमंत्री श्री साय और उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने मंदिर परिसर के समीप भंडारा स्थल पहुचकर श्रद्धलुओं को अपने हाथों से खीर, पुड़ी, चावल और प्रसाद भी बांटे। इस दौरान पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सुशीला राम कुमार भट्ट, जनपद अध्यक्ष इंद्राणी चंद्रवंशी, पूर्व विधायक अशोक साहू, जिला बीजेपी उपाध्यक्ष कैलाश चंद्रवंशी , नगर पंचायत अध्यक्ष मनहरण कौशिक, सहित जनप्रतिनिधियों ने भी भोरमदेव बाबा भगवान शिव की पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद लिया।



### सीएम ने हेलीकाप्टर से पुष्प वर्षा कर हजारों कांवड़ियों का किया भव्य स्वागत



कवर्धा, 5 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता) । प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने छत्तीसगढ़ के प्राचीन, पुरातात्विक, धार्मिक और ऐतिहासिक महत्व के स्थल बाबा भोरमदेव मंदिर में पवित्र सावन मास में सैकड़ों किलो मीटर पदयात्रा कर जलाभिषेक करने आने वाले हजारों कावड़ियों पर हैलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत अभिनंदन किया। मुख्यमंत्री के साथ प्रदेश उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने भी कावड़ियों का स्वागत अभिनंदन किया। भोरमदेव में कावडियो और श्रद्धालुओं के बोल बंम, हर-हर महादेव के नारे से भगवान शिव का दरबार गूंज रहा। भोरमदेव मंदिर स्थलों और मार्गों पर भगवा वस्त्रों में रंगा हुआ कांवरियों का जत्था मनमोहक दृश्य शिव भक्तों से रमा हुआ है।

## श्रावण सोमवार सप्ताह में शिव सेना निकलेगी त्रिशूल यात्रा

**भिलाई, 5 अगस्त।** शिवसेना उद्धव ठाकरे के राजू गुप्ता ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से कहा कि श्रावण सोमवार के सप्ताह में प्रदेश उप प्रमुख सुरेंद्र यादव के नेतृत्व में रायपुर लाखे नगर से, महादेव घाट-रायपुर तक विशाल त्रिशूल यात्रा निकाली जाएगी। दिन सोमवार को हजारो शिवसैनिक सुरेन्द्र यादव के नेतृत्व में भिलाई-दुर्ग राजनाँद गाँव, बेमेतरा धमधा, साजा से लाखे नगर, महादेव घाट के लिए प्रस्थान करेंगे सभी भक्त गण, त्रिशूल यात्रा में त्रिशूल एवं कांवर यात्रा में शामिल होंगे। महादेव घाट में भोले नाथ की, आरती प्रार्थना, याचना कर- हटकेश्वर मंदीर में नदी से लिए गए जल को हटकेश्वर महादेव को समर्पित करेंगे। विदित हो कि काँवर प्रदेश के अनेक भक्तजनो द्वारा महादेव घाट से जल लेकर - हटकेश्वर शिव शंभू को अर्पित कर प्रदेश की खुशहाली के लिए प्रार्थना करेंगे, वहीं लाखे नगर में भक्त गणो के लिए - प्रसादी एवं भंडारा का आयोजन है। लाखेनगर से रायपुर के कार्यकर्ता शामिल होंगे। भिलाई से राजू गुप्ता के नेतृत्व में बिरेन्द्रगीरी, आशीष कुमार देवांगन, संदीप हटवार, कपिल दिनेश राजपूत ,ममता राजपूत ,नारायण देवांगन, संभु देवांगन, संजय यादव, सुरेश पंचधारे, मंजू साहू, अरविन्द पाण्डेय, सलमा बेगम, रमेश सिह, महिला विंग से नेहा पाटिल, संगीता सिंह, सुविधा, सुनंदा गीता सहित सैकड़ो सैकड़ो शिव सैनिक सुबह 11 बजे महादेव घाट रायपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।

### सीटीसी मीटिंग जल्द आयोजित करे प्रबंधन: बीएकेएस

**भिलाई, 5 अगस्त।** बीएसपी अनाधिशासी कर्मचारी संघ ने निदेशक कार्मिक को रिमाइंडर पत्र भेजकर सीटीसी मीटिंग जल्द आयोजित कराने का माँग किया है । गौरतलब है कि पिछला सीटीसी मीटिंग नवम्बर 2023 मे आयोजित किया गया था । उसके बाद भिलाई सहित सेल की सभी इकाइयों के कार्मिक अपने स्थानांतरण के लिए सीटीसी पोर्टल पर अप्लाई किए है । कई का आवेदन स्वीकृत भी हो गया है तथा अंतिम निर्णय के इंतजार में सभी कार्मिक हैं । आवेदन किए अधिकतर कार्मिकों के पास कई निजी परेशानियां हैं। कई कार्मिकों के माँ-पिताजी काफी बीमार हैं तो कई दूसरे इकाई के अन्य कार्मिकों के साथ म्युचुअल ट्रांसफर हेतु आवेदन किए हैं ।सीटीसी मीटिंग समान्यतः तीन माह में एक बार आयोजित की जाती है । परंतु पिछले दो तीन सालो से वर्ष में एक बार आयोजित की जा रही है । जिसके कारण कर्मचारियों के बीच काफी बेचैनी है । बीएसपी अनाधिशासी कर्मचारी संघ के उप महासचिव नवीन ध्रुव ने अपने बयान में कहा है कि सीटीसी मीटिंग अपने तय शेड्यूल के हिसाब से आयोजित होनी चाहिए ।

## कांवड़ यात्रा के संयोजक ने कार्यक्रम स्थल का लिया जायजा



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**उतई, 5 अगस्त।** बोल बम कांवड़ यात्रा समिति पाटन क्षेत्र की बैठक गांव - गांव में अनवरत जारी हैं। 12 अगस्त 2024 को पाटन से निकलने वाला कांवड़ यात्रा भव्य होने वाला हैं। आज समिति के संयोजक श्री जीतेन्द्र वर्मा जी के गरिमामयी उपस्थिति में ठाकुराइन टोला में बोल बम कांवड़ यात्रा समिति की बैठक सम्पन्न हुआ। बैठक के उपरांत समिति के सदस्यों ने कार्यक्रम स्थल का निरिक्षण कर जायजा लिया एवं 12 अगस्त के लिए योजना बनाई। विगत वर्ष हुए 21,000 रुद्राक्ष वितरण में सहयोग प्रदान करने के लिए संयोजक वर्मा जी ने धन्यवाद ज्ञापित किया।कांवड़ यात्रा के संयोजक जितेंद्र वर्मा ने बैठक को सम्बोधित करते हुए कहा कि हर साल कांवड़ यात्रा में ठाकुराइन टोलावासियों का अद्वितीय सहयोग प्राप्त होता हैं। भोजन व्यवस्था से लेकर पार्किंग व्यवस्था सहित विभिन्न सेवाकार्यों में टोलवासी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस बार भी कांवड़ यात्रा को भव्य बनाने के लिए सभी संकल्पित हैं। एक मुट्ठी दान, भगवान शंकर के नाम से प्राप्त

जनसहयोग से प्राप्त दान से महाप्रसाद बनेगा। जिसे सभी शिवभक्तो को प्रदान किया जाएगा। गांव-गांव, घर-घर में कांवड़ यात्रा को लेकर सभी उत्साहित हैं। इस अवसर पर श्री वर्मा ने सभी को अधिक से अधिक जनसम्पर्क कर कांवड़ यात्रा में शामिल होके के लिए आमंत्रित करने का आह्वान किया।बैठक में प्रमुख रुप से जितेन्द्र वर्मा,विनोद साहू,दिलीप साहू,माधव वर्मा,निक्की भाले,गिरधर वर्मा,रमेश वर्मा,केवल देवांगन,भीखम निषाद,ललित निषाद,प्रेमलाल निषाद,नरसिंग निषाद,गोवर्धन निषाद,छबि निषाद,लाला निषाद,लीलागर निषाद,भागवानी निषाद,हेमलाल,निलेश,बृजेन्द्र,टीकमलाल सहित बोल बम कांवर यात्रा समिति के सदस्यगण मौजूद रहे।

## विभिन्न वार्डो में आयोजित जन समस्या निवारण शिविर में पहुंच रहे हैं लोग



**साजा, 5 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता) ।** शासन के आदेशानुसार दिनांक 27/07/2024 से दिनांक 10/08/2024 के मध्य जन समस्या निवारण पखवाडा का आयोजन नगरीय क्षेत्र नगर पंचायत साजा के विभिन्न वार्डो में पूर्वान्ह 10 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक आयोजित किया जा रहा है,स्थानीय नगरीय निकायों द्वारा अपने क्षेत्र के नागरिको को मूल भुत नागरिक सुविधाए यथा डोर टू डोर,नल जल आपूर्ति ,राशन कार्ड सामाजिक सहायता योजना, जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र, अनापत्ति प्रमाण पत्र, भवन निर्माण अनुज्ञा , नालियों एवं गलियों की साफ सफाई, सडको की गड्ढे पाटना, स्ट्रीट लाइट मरम्मत आदि दयनान्दिनी समस्यायों के निराकरण करना इस शिविर का मुख्य उद्देश्य है। शुभारम्भ दिनांक 27/07/2024 से 29.07.2024 को यादव भवन साजा में वार्ड क्रमांक 01, 07, एवं 15 दिनांक 30.07.2024 से 01.08.2024 वार्ड क्रमांक 02,03,04 कर्मा भवन साजा, दिनांक 02.08.2024 से 04.08.2024 तक वार्ड क्रमांक 05सेवा भवन साजा में वार्ड क्रमांक 05, 09,10 दिनांक 05.08.2024 से 07.08.2024 तक वार्ड क्रमांक 08 सांस्कृतिक मंच राम मंदिर के पास वार्ड क्रमांक 06,08,11 दिनांक 08.08.2024 से 10.08.2024 तक वार्ड क्रमांक 12 डॉ बी आर अम्बेडकर भवन साजा में वार्ड क्रमांक 12,13,14 जनसमस्या का शिविर आयोजित होगा जिसमे आम नागरिकों से अपीलहै,उक्त पखवाड़ा में मांग शिकायत से संबंधित आवेदन कर सकते है।दिनांक 02.08.2024 को सेवा भवन साजा में जन समस्या निवारण पखवाडा का आगाज हुआ,जिसमे 13 मांग व 2 शिकायत प्राप्त हुआ,जिसमे कार्यवाही पर 13 मांग व 2 शिकायत पर त्वरित निराकरण किया जा रहा है। इस अवसर पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी के साथ-साथ नगरीय निकाय के समस्त शाखा प्रभारी उपस्थित रहे।

## भाजपा ने किया हरेली पर गेड़ी दौड़ एवं नारियल फेंक प्रतियोगिता का आयोजन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा, 5 अगस्त।** भाजपा शहर मण्डल कवर्धा के द्वारा अपनी छत्तीसगढ़ का प्रथम पारम्परिक त्यौहार हरेली के अवसर पर पहली बार कवर्धा में ,गेड़ी दौड़ प्रतियोगिता एवं नारियल फेंक प्रतियोगिता का भव्य आयोजन स्थानीय भारत माता चौक में किया गया।भाजपा शहर मण्डल अध्यक्ष चंद्र प्रकाश चंद्रवंशी ने बताया कि हरेली पर्व हमारे छत्तीसगढ़ संस्कृति का एक अनूठा पर्व है ,जिसमें शौर्य और साहस के साथ अपनी परंपरा का निर्वहन छत्तीसगढ़ की संस्कृति में होता है ,इस छत्तीसगढ़ की महान संस्कृति को आगे बढ़ाने हेतु भाजपा शहर मंडल के द्वारा कवर्धा में के हृदय स्थल भारत माता चौक अंबेडकर चौक में रविवार , गेड़ी दौड़ एवं नारियल फेंक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया ।

इसमें गेड़ी दौड़ में प्रथम पुरस्कार टेक राम साहू 3000 रूपये,द्वितीय पुनेश धुर्वे- 2000, तथा तृतीय वीरेंद्र साहू - 1000 रुपये का नगद पुरस्कार, प्राप्त किया । नारियल फेक में प्रथम पुरस्कार 3000 रूपये रवि कश्यप ,द्वितीय पुरुस्कार 2000,कमलेश निषाद एवं तृतीय पुरुस्कार 1000 रुपये अरुण धुर्वे ने नगद पुरस्कार प्राप्त किया ।



अवसर पर शहर मंडल ने शानदार गेड़ी दौड़ और नारियल फेक का आयोजन किया । इस त्योहार को ग्रामीण अंचलों में इसी उत्साह के साथ मनाया जाता है । उन्होंने कहा यह प्रथम आयोजन था उसे बहुत बढ़िया तरीके से आयोजित किया गया आने वाले वर्ष में ईनाम की राशि बढ़ाकर 11 हजार प्रथम पुरस्कार किया जाएगा और इस परंपरा को हम सब मिलकर आगे बढ़ायेगे । उन्होंने हरेली पर्व पर जिले वासियों को बधाई दी इस अवसर पर,पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष रामकुमार भट्ट,जिला भाजपा महामंत्री संतोष पटेल,नगर पालिका अध्यक्ष मनहरण कौशिक मंडल प्रभारी मनोज गुप्ता,श्रीमती मधु तिवारी ,रघुनाथ योगी,सुनील दोषी,सनत साहू,जशवंत छाबड़ा,श्रीकान्त उपाध्याय,सालिक निर्मलकर, राजा पीयूष टाटिया,नीलेश जैन,आंनद मिश्रा,पार्षद पवन जायसवाल,प्रमोद शर्मा,सुनील साहू,अजय ठाकुर,संजय मिश्रा,दुर्गेश अवस्थी, कमलेश द्विवेदी,हर्ष खुराना,दुर्गेश ठाकुर,दीपक सिन्हा शामिल रहे ।

इस अवसर पर सांसद संतोष पाण्डे ने कहा गेड़ी एक तरह से हमारी छत्तीसगढ़ी में अपनी शौर्य और वैज्ञानिकता को दिखाता है ,हरेली के दिन हर घर मे नीम की टहनियों को लगाया जाता है ताकि हमारे घरों में इंफेक्शन न साथ-साथ अपनी परंपरा का निर्वहन करता है ,आज के दिन से हमारे छत्तीसगढ़ में त्योहारों का आरंभ हो जाता है,हरेली के दिन हम अपने घरों के कृषि औजारों की पूजा करते हैं ,एक प्रकार से सनातन की संस्कृति का यह अद्भुत रूप है । इस महान संस्कृति को आगे बढ़ने का कार्य भाजपा शहर मण्डल ने किया है, ताकि छत्तीसगढ़ के महान संस्कृति जन जन तक पहुंच सके इस शानदार आयोजन के लिए भाजपा शहर मंडल को कोटिशः बधाई ।इस अवसर पर जिला भाजपा अध्यक्ष अशोक साहू ने कहा छत्तीसगढ़ पारम्परिक त्यौहार हरेली के

### न्योता भोज में विद्यार्थियों को खीर-पूड़ी का वितरण



**पाटन,5 अगस्त।** शासकीय नवीन प्राथमिक शाला केसरा दानीपारा में विद्यालय की छात्रा वर्षा के जन्मदिन के अवसर पर पालक सुखदेव निषाद द्वारा नेवता न्योता भोज के अंतर्गत विद्यार्थियों को पूरक पोषण आहार के रूप में खीर-पूड़ी का वितरण किया । जिसे खाकर विद्यालय में उपस्थित 90 बच्चें आनंदित हों गए। प्रधानपाठक नारायण प्रसाद साहू ने बताया कि न्योता भोजन में पारंपरिक, सामाजिक, सामुदायिक भागीदारी के विभिन्न त्यौहारों, वर्षगांठ, जन्मदिन, विवाह एवं राष्ट्रीय पर्व आदि पर समुदाय के सदस्यो द्वारा अतिरिक्त खाद्य पदार्थ या पूर्ण भोजन के रूप में श्रद्धापूर्वक बच्चों को पौष्टिक और स्वादिष्ट भोजन प्रदान कर सकते हैं। न्योता भोजन समुदाय और विद्यालय के बीच अपनेपन की भावना, सामुदायिक सहभागिता को बढ़ाने में मददगार है।

इस अवसर पर शिक्षक अनकेश्वर प्रसाद महिपाल, हेमंत कुमार सेन, मौसमी सिन्हा, महावीर सिन्हा शाला प्रबंध समिति के अध्यक्ष बेनी राम निषाद , दिलीप निषाद, संतोष निषाद व अन्य सदस्यगण उपस्थित रहे।

## भाजपा कार्यालय में धूमधाम से मनाया गया हरेली त्यौहार



**भिलाई, 5 अगस्त।** हरेली पर्व के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में बतौर अतिथि दुर्ग सांसद विजय बघेल एवं वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन शामिल हुए। कार्यक्रम में उपस्थित सभी महिलाएं हरे रंग के ड्रेस कोड में नजर आईं, हरा रंग हरियाली का प्रतीक होता है और हरेली त्यौहार हरियाली को दर्शाता है। इस मौके पर मुख्य अतिथि सांसद विजय बघेल एवं विधायक रिकेश सेन सहित सभी उपस्थित लोगों ने गेड़ी चढ़ हरेली त्यौहार का आनंद लिया। कार्यक्रम के दौरान विधायक रिकेश सेन ने महिलाओं के साथ छत्तीसगढ़ी गाने पर सुआ नृत्य कर उपस्थित महिलाओं और भाजपा कार्यकर्ताओं का उत्साह वर्धन किया। आपको बता दें कि छत्तीसगढ़ के प्रथम त्यौहार हरेली के शुभ अवसर पर वैशाली नगर विधानसभा क्षेत्र के विधायक रिकेश सेन ने जिला भाजपा कार्यालय की केयर टेकर टिकेश्वरी जंघेल के नृत्य से प्रभावित होकर उन्हें एक नया मोबाइल सेट भेंट किया। साथ ही उनके परिवार को प्रधानमंत्री आवास दिलाने की घोषणा की। इतना ही नहीं विधायक ने उपस्थित सभी महिलाओं को भी उपहार वितरित किए। विधायक रिकेश सेन ने अपने संबोधन में कहा कि आज से छत्तीसगढ़ में त्योहारों की शुरुआत हो गई है, आने वाले दिनों में राखी, तीजा सहित अन्य सभी त्यौहार धूमधाम से मनाया जायेगा। आज हरेली त्यौहार वैशाली नगर विधानसभा क्षेत्र के सभी वार्डों में पारंपरिक ढंग से सुबह से उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। विभिन्न वार्डों में आयोजित कार्यक्रमों में भी मैं सम्मिलित हुआ। गौरतलब हो कि वार्ड में आयोजित कार्यक्रमों में विधायक रिकेश सेन द्वारा लगभग 1 हजार गेड़ी का वितरण किया गया। जिला भाजपा कार्यालय में आयोजित हरेली त्यौहार कार्यक्रम में जिला भाजपा अध्यक्ष महेश वर्मा, जिला उपाध्यक्ष योगेंद्र सिंह, श्रीमती मिथिला खिचरिया, पुरूषोत्तम देवांगन, विनोद सिंह, विजय जायसवाल, उपासना साहू, प्रमोद सिंह, खिलावन साहू, वीरेंद्र साहू, गजानन, तिलक राज, शैलेंद्र शिंदे, एसएन सिंह, योगेश्वर सोनी जिला महिला मोर्चा अध्यक्ष स्वीटी कौशिक, जिला भाजयुमो अध्यक्ष अमित मिश्रा के आलावा कई पार्षद, विधायक प्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# विधायक देवेंद्र 12 को निकालेंगे विशाल कांवड़ यात्रा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 5 अगस्त ।** हर साल की तरह इस वर्ष भी जय हनुमान सेवा वाहिनी द्वारा विशाल कांवड़ यात्रा का आयोजन किया जाएगा। 12 अगस्त को सुबह 6 बजे भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव शिवनाथ नदी में स्नान कर अपने कांवड़ में शिवनाथ नदी का जल भरकर हर हर महादेव का जयकारा करते हुए निकलेंगे। उनके साथ बाबा भोले नाथ के हजारों भक्तों विधायक देवेन्द्र यादव के साथ कांवड़ यात्रा निकालेंगे। शिवनाथ नदी से अपने कावड़ में जल भरकर भक्त पैदल-पैदल हर-हर महादेव का जयकारा लगाते हुए देवबलोदा प्राचीन मंदिर पहुंचेगे। देव बलौदा के प्राचीन मंदिर में शिवलिंग पर जलाभिषेक करेंगे। इस भव्य आयोजन का नेवता सेवा वाहिनी जिले के सभी लोगों को दे रहे हैं। राजनीति से पूरी तरह से परे होकर सिर्फ बाबा भोलेनाथ की भक्तिमय इस धार्मिक आयोजन में सभी बाबा के भक्त के रूप में शामिल होंगे। इस भव्य आयोजन में शामिल होने और भक्तों की सेवा और स्वागत के लिए शहर के जनप्रतिनिधि, समाजसेवी, बुद्धिजीवी वर्ग सभी अपना वीडियो शेयर करके लोगों से अपील कर रहे हैं। विधायक देवेंद्र यादव ने सभी को आमंत्रित करते हुए कि कहा कि शिवनाथ नदी से जल लेकर प्राचीन मंदिर देवबलोदा पहुंचेंगे। जहां सभी भक्त पूजा अर्चना करेंगे। सभी भिलाईवासियों से अनुरोध है कि इस यात्रा में शामिल होकर यात्रा को सफल बनाएं और शहर व प्रदेश के लिए शिवजी से कामना करें और सभी के जीवन में खुशहाली आए, यह भाव लेकर आगे बढ़े। हर साल की तरह इस साल भी विशाल कावड़ यात्रा निकाली जाएगी। सभी कावडियों के लिए कावड़ और कलश की व्यवस्था रहिये। जिनके पास सुविधा है, वे अपने साथ कावड़ और ध्वज खुद भी लेकर आ सकते हैं ।



एक नजर

## जिला शिक्षा अधिकारी ने शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला चिचोला का आकस्मिक निरीक्षण किया

**छूरिया 5 अगस्त।** ज़िला शिक्षा अधिकारी श्री ए के जयसवाल ज़िला राजनांदगांव ने दिनांक 13.7.2024 समय 12ः00 शासकीय उत्तर माध्यमिक शाला चिचोला विकासखंड छुरिया का आकस्मिक निरीक्षण मौके पर किये मौके पर सभी शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित मिले शाला में उपयोगिक लैब के साथ-साथ शिक्षक एवं कार्यालयीन कार्यवाही की विस्तृत जानकारी भी लिया संस्था की समस्याओं के बारे में पूछताछ पर प्रकाश चंदजोशी प्राचार्य ने अवगत कराते हुए विशेष रूप से शिक्षक की कमी की जानकारी दी तत्पश्चात आज दिनांक 31.8.2024 संस्था में कार्यरत श्री लक्ष्मी नारायण शर्मा सेवानिवृत्त हो रहे हैं इस संबंध में बधाई दी कार्यालयीन व्यवस्था में अवरुद्ध न होने पर लिंग शाला शासकीय हाई स्कूल रामपुर मे कार्यरत श्री लाल सिंह ऊईके पद लेखपाल के लिए आदेशित कर दिया गया है।

## जुआ खेल रहे जुआरियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**राजनांदगांव 5 अगस्त।** श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय मोहित गर्ग के निर्देशन एंव अति पुलिस अधीक्षक महोदय श्री राहुल देव शर्मा ,नगर पुलिस अधीक्षक श्री पुष्पेन्द्र नायक के मार्गदशन मे अवैध रूप से शराब बिक्री, जुआ ,सटटा पर अंकुश लगाने व कड़ी कार्यवाही करने के मार्गदर्शन व निर्देश पर थाना प्रभारी बसंतपुर निरीक्षक सत्यनारायण देवांगन द्वारा थाना बसंतपुर स्टाफ के मुखबीर की सुचना के आधार पर रेड कार्यवाही कर हाट बजार एबीस मटन मार्केट के पीछे नाला किनारे स्ट्रीट लाईट के नीचे रोशनी में 18 लोग को 52 पत्ती ताश से रूपये पैसे का हारजीत का दांव लगाकर जुआ खेलते रंगे हाथ पकडे एंव उनके पास एंव कब्जे से 11060 रूपये नगदी एंव 52 पत्ती ताश , 14 नग विभिन्न कम्पनियो का मोबाइल एंव घटना स्थल से एक सफेद रंग की एक्टीवा क्रमांक छ्त्त 08 श्च 7211 को किया गया जप्त कर आरोपीगण के विरूध छ0ग0 जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 की धारा 3(2) के तहत कार्यवाही किया गया उक्त् कार्यवाही मे निरीक्षक सत्यनारायण देवांगन सउनि मनमोहन साहू आर0क्र0 1318,1312,53,1764,452 की भूमिका सराहनीय रही।

## भाजपा नेता सुमीत ने जताया विधानसभा अध्यक्ष डा रमन सिंह का आभार

**राजनांदगांव 5 अगस्त।** भारतीय जनता पार्टी उत्तर मंडल के उपाध्यक्ष सुमीत सिंह भाटिया ने शहर को करोड़ों की उपलब्धियों के लिए राजनांदगांव के विधायक एवम छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डा रमन सिंह के प्रति आभार व्यक्त किया है। भाजपा नेता सुमीत ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम और दिग्विजय स्टेडियम के लिए 35 करोड़ रुपए की राशि डा रमन सिंह जी के प्रयास से स्वीकृत हुआ है, साथ ही कृषि उपज मंडी की विभिन्न निर्माण कार्यों के लिए लगभग 7 करोड़ के कार्य की स्वीकृति मिली है। शहर में विभिन्न विकास कार्यों के लिए निगम को भी करोड़ों की राशि डा रमन सिंह के प्रयास से दिया गया है। इसके अलावा मेडिकल कॉलेज की सबसे बड़ी समस्या चिकित्सक की कमी को दूर करते हुए यहां के मेडिकल कॉलेज में 14 एमबीबीएस चिकित्सको को नियुक्ति भी डा रमन सिंह के प्रयास से की गई है। भाजपा नेता सुमीत ने बताया कि पिछले 5 वर्ष कांग्रेस के शासनकाल में राजनांदगांव के विकास में रोक सा लग गया था, क्योंकि कांग्रेस की सरकार ने राजनांदगांव की विशेष उपेक्षा कर रखी थी। राजनांदगांव के लोकप्रिय विधायक एवम छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डा रमन सिंह के विशेष प्रयास से भाजपा की सरकार बनने के बाद विभिन्न विकास कार्यों के लिए करोड़ों की राशि की स्वीकृति राजनांदगांव को मिली है।



## आशा कंपनी को सौर संयंत्र के लिए ईपीसी अवार्ड प्राप्त हुआ

**रायपुर 5 अगस्त।** जेनसोल इंजीनियरिंग लिमिटेड, सौर ऊर्जा इंजीनियरिंग, खरीद और निर्माण (ईपीसी) सेवाओं और इलेक्ट्रिक मोबिलिटी क्षेत्र में अग्रणी कंपनी को गुजरात के कच्छ के रण में स्थित खावड़ा आरई पावर पार्क में 463 करोड़ रुपये के सौर संयंत्र के लिए इंजीनियरिंग, डिजाइन, खरीद, निर्माण, परीक्षण और कमीशनिंग (ईपीसी) का पुरस्कार प्राप्त हुआ है। यह 463 करोड़ रुपये की परियोजना अत्याधुनिक फिक्स्ड टिल्ट मॉड्यूल माउंटिंग स्ट्रक्चर के साथ-साथ शेष बैलेंस ऑफ सिस्टम के साथ तैयार की जाएगी। इस ऑर्डर जीत पर बोलते हुए, जेनसोल इंजीनियरिंग लिमिटेड की मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सोलर ईपीसी, भारत), सुश्री शिल्पा उर्हेकर ने कहा, हमें एक प्रमुख स्वतंत्र बिजली उत्पादक से यह प्रतिष्ठित ऑर्डर जीतकर बहुत खुशी हो रही है। यह जीत जेनसोल की परियोजना प्रबंधन क्षमताओं और निष्पादन विशेषज्ञता में विश्वास को दर्शाती है। ग्राहक की जरूरतों की हमारी समझ, उत्कृष्ट इंजीनियरिंग ट्रैक रिकॉर्ड के साथ-साथ उच्च गुणवत्ता वाले अक्षय समाधान प्रदान करने की हमारी प्रतिबद्धता हमारी लगातार जीत के पीछे महत्वपूर्ण रही है।

### निधन

## सुखदेव लाल



**डोंगरगढ।** सेवानिवृत्त प्रधानपाठक सुखदेव लाल देवांगन का 82 वर्ष की उम्र में 4 अगस्त को प्रातः निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में देवांगन समाज और शहर के नागरिकगण उपस्थित रहे।

# चिकित्सक सेवाभाव से मरीजों का इलाज करें:मुख्यमंत्री साय

### मुख्यमंत्री ने बीरगांव में एनकेडी हॉस्पिटल का किया शुभारंभ



**रायपुर 5 अगस्त।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने आज बीरगांव में एन.के.डी. हास्पिटल का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर अस्पताल के संचालकों को बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि डॉक्टरों को भगवान का दूसरा रूप माना जाता है। डॉक्टर गंभीर बीमारियों से पीड़ित मरीजों को नया जीवन देने का काम करते हैं। उन्होंने कहा कि इलाज की आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित इस अस्पताल के चिकित्सक सेवा भाव से मरीजों का इलाज पुण्य का काम समझ कर करेंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य गठन के 24 वर्षों में प्रदेश में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र से लेकर जिला अस्पताल तक स्वास्थ्य सुविधाएं सुदृढ़ हुई हैं, लेकिन अभी भी इस क्षेत्र में काफी कुछ करने की जरूरत है। मेडिकल कॉलेजों की संख्या बढ़कर 14 हो गई है। राज्य सरकार के साथ-साथ निजी क्षेत्र को भी लोगों को बेहतर से बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने में कंधे से कंधा मिलाकर काम करना होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज पूरे प्रदेश में हरेली का त्यौहार उमंग और उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। इस पावन अवसर पर आज राजधानी में दो अस्पतालों का शुभारंभ हुआ है। इससे नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध हो सकेंगी।

इस अवसर पर रायपुर ग्रामीण क्षेत्र के विधायक श्री मोती लाल साहू, बीरगांव नगर निगम के महापौर श्री नंद लाल देवांगन, अस्पताल के संचालक डॉ. नंद किशोर देवांगन, डॉ. वेद प्रकाश देवांगन, डॉ. देव प्रकाश देवांगन सहित अनेक चिकित्सक, जनप्रतिनिधि, प्रबुद्ध नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# कुरूद में हर्षोल्लास के साथ मनाया हरेली का त्यौहार



तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कुरूद 4 अगस्त।** छत्तीसगढ़ मां सबसे पहली मनाया जाने वाला त्यौहार हरियाली सावन महीना के अमावस तिथि मां मनाने का रीवाज चली आ रही है किसानो के फसल बुवाई के बाद जब सावन महीना में फसल पौधा तैयार होकर चारों तरफ हरियाली की चादर ओढ़ अपनी अनुपम छटा बिखेर रहे हैं ।तब किसान यह मनोरम दृश्य अपने हरे भरे खेतों को देखकर खुशी जाहिर करने के लिए हरियाली का त्यौहार मनाते हैं। इसी दिन किसान बोवाई , सियासी,रोपाई , के बाद किसानी के समान नागर, बसूला,कुदाल, रापा, गैयती, अन्य किसानी सामान को धोकर तुलसी चांवरा के पास रखकर सभी औजारो का पूजा पाठ करते हैं। इसी दिन बच्चे बांस का गेड़ी बनाकर गली में गेड़ी दौड़ भी खेलते हैं।

# जन समस्या निवारण शिविर में 23 आवेदनों का निराकरण

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**राजनांदगांव 4 अगस्त।** नगर निगम द्वारा वार्डवासियों की समस्या निवारण के लिये 27 जुलाई से वार्डो में जन समस्या निवारण शिविर लगाया जा रहा है। शिविर मे वार्डवासी पहुॅचकर अपनी शिकायत एवं मांग के संबंध में आवेदन देकर प्रसन्न हो रहे है कि लगातार 20 दिनों से हो रही बारिश के बीच वार्ड में आयोजित शिविर से उन्हें नगर निगम काम के लिये जाना नहीं पड़ रहा है। इस बीमारी के मौसम में बिना भटके वार्ड में आयुष्मान कार्ड बनने पर लोग शासन के वार्ड में शिविर लगाने के कार्य की सराहना कर रहे है। आज हरेली त्यौहार एवं रविवार होने के बावजूद गांधी सभागृह के शिविर में 68 आवेदन प्राप्त हुये, प्राप्त आवेदनों में से 23 आवेदन का निराकरण हुआ तथा 20 लोगों ने मौसमी बीमारी और शुगर, बी.पी. की जॉच करा निःशुल्क दवा भी लिये।

जन समस्या निवारण के प्रत्येक शिविर का आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता तथा उपायुक्त व नोडल अधिकारी श्री मोबिन अली सहित अन्य अधिकारी मानिटरिंग कर रहे है। आज गांधी सभागृह में वार्ड नं. 24,25 व 38 के लिये आयोजित शिविर में जल विभाग के 1, राशन कार्ड संबंधी 8, प्रधानमंत्री आवास योजना के 23, भवन नजूल के 2, स्वास्थ्य विभाग व लोककर्म विभाग के 3-3, विद्युत विभाग के 1, शहरी आजीविका मिशन के 1, श्रमिक कार्ड पंजीयन के 5, आयुष्मान कार्ड पंजीयन के 18 तथा महिला बाल विकास विभाग संबंधी 3 इस प्रकार कुल 68 आवेदन प्राप्त हुये, जिसमें सें श्रमिक कार्ड एवं आयुष्मान कार्ड के सभी प्रकरणों का निराकरण कर कार्ड बनाया गया। इसके अलावा 20 लोगो ने स्वास्थ्य परीक्षण कर दवा प्राप्त किये।

गांधी सभागृह में आज आयोजित शिविर में आयुष्मान कार्ड पंजीयन के लिये प्राप्त 18 आवेदन का शिविर में ही निराकरण किया गया। सभी आवेदकों ने इसके लिये राज्य सरकार को धन्यवाद ज्ञापित किया कि रविवार अवकाश का दिन होने के बाद भी उनका वार्ड में भी आयुष्मान कार्ड बना, आयुष्मान कार्ड बनने से इस बीमारी के मौसम में उन्हे ईलाज करानें में सुविधा होगी। इस संबंध में अपना अनुभव साझा करते हुये जमातपारा निवासी श्रीमती कामनी यादव ने कहा कि उनकी बच्ची वेदिका यादव बिमारी के कारण अस्पताल में भरती थी,उस समय उन्हें इलाज कराने में आर्थिक कठिनाई का सामना करना पड़ा, क्योकि उनके पास आयुष्मान कार्ड नही था। शिविर की जानकारी होते ही उसने आज आयुष्मान कार्ड बनाने पहुची और उसका तुरंत कार्ड बना, जिसपर उसने कहा कि आगे अब ईलाज के लिये उसे सुविधा मिलेगी। इसी प्रकार जमातपारा के ही कांति बाई यादव ने कहा कि उसका आयुष्मान कार्ड बना था, पर बंद हो गया था, जिससे वह बहुत परेशान थी, पर आज शिविर में जाते ही पुनः पंजीयन कर कार्ड बन गया। कार्ड बनने पर उन्होंने वार्ड में शिविर लगाने के लिये राज्य सरकार का आभार जताया है। जनसमस्या निवारण पखवाड़ा अंतर्गत कल 5 अगस्त सोमवार को काली माई मंदिर रोड भरकापारा स्कूल में वार्ड नं. 27,28 व 37 के लिये एवं 6 अगस्त मंगलवार को वार्ड नं. 29,30,31 व 36 के लिये प्रातः 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक शिविर आयोजित किये जायेगे। आज के शिविर में वरिष्ठ पार्षद श्री शिव वर्मा सहित वार्ड पार्षद सुश्री मणिभास्कर गुप्ता, श्रीमती जया दुर्गेश यादव के अलावा शिविर प्रभारी अधिकारी उपायुक्त श्री मोबिन अली सहित समाज कल्याण अधिकारी श्री भूपेन्द्र वाडेकर,सहायक अभियंता श्री प्रणय मेश्राम, उप अभियंता श्रीमती ज्योति साहू व श्री अशोक देवांगन एवं विभिन्न विभाग के कर्मचारी उपस्थित थे।

# डबल इंजन सरकार में महंगाई की मार:भुनेश्वर

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**डोंगरगढ़ 5 अगस्त।** डबल इंजन सरकार में महंगाई की मार पर तंज कसते पूर्व विधायक भुनेश्वर सिंह बघेल ने बयांन जारी किया है कि छत्तीसगढ़ में डबल इंजन की नाकाम सरकार उद्योगों को षडयंत्र पूर्वक बंद करवा कर लाखों कार्यरत लोगों को बेरोजगारी का रास्ता दिखा चुकी है। बिजली बिल में वृद्धि के साथ लगभग 200 से अधिक उद्योग बंद होने के कगार पर आ चुके हैं, फिर से वह समय लौट चुका है जब भाजपा की पूर्ववर्ती सरकार ने सैकड़ो उद्योगों को बंद कर दिया था और अब भी वही चल रहा है। वह समय दूर नहीं जब प्रदेश में बेरोजगारी फिर से बढ़ जाएगी और प्रदेश में लाखों लोगों के समक्ष रोजी-रोटी कमाना एक संकट बन जाएगा। श्री बघेल ने कहा कि पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार में उद्योगों को 6 रु प्रति यूनिट में बिजली दी जा रही थी लेकिन भाजपा की सरकार बनने के बाद इसे 7.60 रुपए प्रति यूनिट कर दिया गया है। जहां 15 फ़ीसदी तक एफपीपीएस, 10 पैसे उपकर लिया जा रहा है। जिसके चलते उत्पादन की लागत बढ़ गई है, जहां लागत बढ़ने का असर लोहे की कीमत पर पड़ेगा, कुछ दिनों में ही लोहे की कीमतों में 10त्न से ज्यादा वृद्धि हो जाएगी। लोहे का उपयोग कई प्रकार के कार्यों में किया जाता है जिससे महंगाई दर बढ़ सकती है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में 500 से अधिक उद्योगों का संचालन हो रहा है पर आज यह उद्योगपति भाजपा सरकार को कोस रहे हैं उनके समझ से परे है कि आखिर करें तो क्या करें! अब उनके सामने उद्योग बंद करने के अलावा कोई रास्ता नहीं बचा है। उद्योगों बंद होने से लाखों बेरोजगार नहीं बल्कि लाखों परिवारों को इसका परिणाम झेलना पड़ेगा। छत्तीसगढ़ को देश में उत्पादक राज्यों में गिना जाता है लेकिन उपभोक्ता की नजर से राज्य छोटा है। जाहिर सी बात है कि अन्य राज्यों की तुलना में हमारे राज्य में उत्पादन महंगा होगा और बिक्री भी महंगी होगी। इसलिए आने वाले समय में राज्य को न केवल बेरोजगारी का सामना करना पड़ेगा बल्कि जनता को डबल इंजन सरकार द्वारा मिलने वाली महंगाई की दोहरी मार भी झेलनी पड़ेगी।

# नेहरू महाविद्यालय में दीक्षारंभ समारोह

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोंगरगढ़ 5 अगस्त।** षासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय, डोंगरगढ़ में उच्च षिक्षा विभाग छ.ग. षासन के अकादमिक कलेण्डर 2024-25 के अनुसार 5 अगस्त को सोमवार प्रातः 11 बजें से नव प्रवेषित छात्र-छात्राओं का इंडक्षन प्रोग्राम दीक्षारंभ समारोह के रूप में आयोजित किया जा रहा है। उक्त समारोह में बी.ए., बी.कॉम., बी.एस.सी. प्रथम सेमेस्टर में प्रवेषित छात्र-छात्राओं को स्वागत एवं इस सत्र से लागू राश्ट्रीय षिक्षा नीति - 2020 के प्रावधानों से अवगत कराने के साथ-साथ महाविद्यालय में उपलब्ध सुविधाओं के बारें में जानकारी दी जायेगी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डोंगरगढ़ विधायक हर्शिता स्वामी बघेल एवं अध्यक्षता प्रदेष महामंत्री भाजपा एवं पूर्व विधायक डोंगरगढ़ रामजी भारती, विषिश्ट अतिथि के रूप में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिशद की प्रांत सहमंत्री सुश्री रष्मि देवी, पूर्व विधायक डोंगरगढ़ विनोद खांडेकर, नगर पालिका अध्यक्ष सुदेष मेश्राम, न.पा.प. उपाध्यक्ष उमा महेष वर्मा, जिला उपाध्यक्ष भाजपा सुरेन्द्र सिंग बन्नौआना, स.षि.उ.मा.वि.डोंगरगढ़ के अध्यक्ष सुनील जैन चीकु, भाजपा षहर मंडल अध्यक्ष अमित जैन, भाजपा डोंगरगढ़ ग्रामीण मंडल अध्यक्ष जैन कुमार मेश्राम उपस्थित रहेंगे। महाविद्यालय की प्रभारी प्राचार्य डॉ. ई.व्ही. रेवती व महाविद्यालय परिवार ने समस्त नवप्रवेषित छात्र-छात्राओं से अपने पालकों के साथ उक्त कार्यक्रम में उपस्थिति की अपील की है।



### छत्तीसगढ़ शासन विभिन्न ट्रस्टों की मांग के अनुरूप डोंगरगढ़ को सौगात दी है

# डोंगरगढ़ का पर्यटन क्षेत्र के रूप में होगा भरपूर विकास:विजेन्द्र

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**डोंगरगढ़ 5 अगस्त।** भाजपा के कार्यकाल में धर्मनगरी का होगा भरपूर विकास। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह, गृह एवं प्रभारी मंत्री विजय शर्मा एवं उप मुख्यमंत्री अरुण साव, सांसद संतोष पाण्डेय, डोंगरगढ़ के पूर्व विधायक एवं शैडो विधायक विनोद खांडेकर व प्रदेश जिला एवं मंडल संगठन का धन्यवाद ज्ञापित करते डोंगरगढ़ विधानसभा क्षेत्र के मीडिया प्रभारी विजेंद्र सिंह ठाकुर ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर जानकारी देते हुए बताया कि वाह वही लेने की होड़ पड़ी है। जबकि सांसद संतोष पाण्डेय के सोच के अनुरूप परिक्रमा पथ के सभी निर्माण कार्य होंगे। सभी धार्मिक स्थलों को जोड़ते हुए डोंगरगढ़ सर्व धर्म सद्भाव की नगरी है। यहां डोंगरगढ़ के विकास के लिए सभी धर्म के लोग आगे आकर अपनी राय समय-समय पर सांसद संतोष पाण्डेय के समक्ष रखते रहे हैं धर्मानगरी के धार्मिक ट्रस्ट मां श्री बमलेश्वरी मंदिर ट्रस्ट समिति के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल, महेंद्र परिहार के साथ ट्रस्ट समिति के सदस्य गण, चंद्रगिरी ट्रस्ट के अध्यक्ष किशोर जैन, ट्रस्टी अमित जैन एवं सदस्य गण, प्रज्ञा गिरी ट्रस्ट समिति के प्रमुख विनोद खांडेकर ,शैलेंद्र डोंगरे सहित सदस्य गण, जटाशंकर मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष सोनू कुमार सिन्हा, जितेंद्र सिंह ठाकुर, भागवत नामदेव , सहित सदस्य गण, रावटी पहाड़ी सतनामी धाम अध्यक्ष परस राम , जितेंद्र गेंदरे सहित सदस्य अपने-अपने ट्रस्ट के लेटर पैड के माध्यम से मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, राजनांदगांव के सांसद संतोष पाण्डेय को अनेक विकास कार्यों की लिखित रूप से जानकारी देते हुए अवगत कराते रहे हैं। सांसद संतोष पाण्डेय के द्वारा उक्त सभी मांगों को राज्य एवं केंद्र स्तर तक पहुंचने का लगातार प्रयास किया जा रहा है । रोड का काम पूर्व से गाजमर्रा से चंद्रगिरी से बम्लेश्वरी मंदिर रोड तक काम प्रगति पर है इसी प्रकार डोंगरगढ़ के विकास के लिए पूर्व में प्रसाद योजना के तहत विभिन्न कार्य स्वीकृत हुए थे वह सभी कार्य प्रारंभ है। वर्तमान में सांसद श्री पाण्डेय ने छत्तीसगढ़ शासन को पत्र व्यवहार के माध्यम से डोंगरगढ़ के सभी धार्मिक क्षेत्र को जोड़ने के लिए फोरलेन परिक्रमा पथ निर्माण की महत्वपूर्ण मांगों को बजट में जोड़ने का अग्रह किया था जिसे बजट में शामिल किया गया है। छत्तीसगढ़ शासन विभिन्न ट्रस्टों के मांग के अनुरूप डोंगरगढ़ को बाईपास एवं परिक्रमा पथ की सौगात के साथ-साथ अन्य सौगात भी प्रदान किए गए हैं साथ ही विभिन्न ट्रस्टों के द्वारा अलग-अलग जो मांग की गई थी वह भी शासन एवं प्रशासन के माध्यम से उसकी रूपरेखा तैयार की जा रही है और जल्द ही सभी विकास कार्य बिना रुकावट के प्रारंभ होंगे। राजनांदगांव जिले के लोकप्रिय जागरूक सांसद संतोष पाण्डेय के द्वारा समय-समय पर सभी ट्रस्ट के प्रमुख के साथ विशेष रूप से चर्चा करते हुए डोंगरगढ़ के विकास में और क्या-क्या हो सकता है उस की रूपरेखा तैयार की जाती रही है।

समाचार संक्षेप

## लेखापाल लक्ष्मी नारायण शर्मा को सेवानिवृत्त के अवसर पर सम्मान एवं भावभीनी विदाई



**छुरिया 5 अगस्त।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला चिचोला में पदस्थ रहे लेखापाल श्री लक्ष्मी नारायण शर्मा को उनके 52 वर्ष सेवाकाल के सेवा निवृत्त के अवसर पर विकास खंड छुरिया लिपिक संघ एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला के स्टाफ चिचोला के संयुक्त तत्वाधान में सम्मान एवं विदाई समारोह का आयोजन किया गया सर्वप्रथम कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के तैल चित्र पर पूजा अर्चना कर माल्यार्पण कर किया गया कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रकाश चंद जोशी शासकीय उत्तर माध्यमिक शाला चिचोला एवं कार्यक्रम का संचालन जेके कानडे प्रधान पाठक शासकीय उत्तर माध्यमिक शाला चिचोला ने किया कार्यक्रम में लिपिक संघ विकासखंड छूरिया शाखा के अध्यक्ष नीलमणि साहू संरक्षक लाल सिंह ऊईके वरिष्ठ लेखपाल कुशल कुमार सनथकर कृपाल सिंह ठाकुर हीरामन लाल साहू उमेश मानिकपुरी जयप्रकाश भुवनेश्वर मिलन कुमार उईके तनिष्क कुंजम मोटेश कुमार बंजारे ज्ञानेश कुंजाम योगिता कुंजाम सिद्धार्थ शंकर शर्मा कमल नारायण दररो एवं डी डी यो के सभी प्राचार्य गण उपस्थित थे वरिष्ठ व्याख्याता एस आर कौचे मोतीलाल देवांगन गरिमा वार्निश श्री के के कांडे प्राचार्य श्री अरुण पटेल रामपुर बरसंदडदस कोटरे खोभा सदाशिव सलामे हेमलता विजय विश्राम कुंजन कल्लू बंजारी प्रदीप वर्मा आशीष वैष्णव सविता वर्मा आत्मानंद शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला छुरिया प्राचार्य धनेश सिंह सरपंच आतिश सिन्हा पुनाराम सिंह वह और भी जन गण मान्य नागरिक उपस्थित थे इस अवसर पर विभिन्न संस्थाओं एवं लिपिक संघ की ओर से लक्ष्मी नारायण शर्मा को श्रीफल व शाल भेंट किया गया मोमेंटो भेंटकर सम्मानित किया शर्मा जी का नौकरी प्रारंभ 1998 से सेवानिवृत्त तक लगातार एक ही स्थान पर पदस्थ रहकर सेवा कार्य का उपलब्धियों एवं कार्यों पर वक्ताओं ने विस्तृत प्रकाश डाला भविष्य में बचे हुए समय का समाज के कार्यों में अवसर प्रदान करने का संकल्प लिया

## विधानसभा अध्यक्ष ने प्रसिद्ध कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा से सौंजन्य भेंट की



**राजनांदगांव 5 अगस्त ।** विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने आज स्पीकर हाऊस राजनांदगांव में प्रसिद्ध कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा से सौंजन्य भेंट की। विधानसभा अध्यक्ष ने उन्हें शाल-श्रीफल प्रदान कर सम्मानित किया तथा स्मृति चिन्ह नंदी की मूर्ति भेंट की। इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह एवं उनकी पत्नी श्रीमती वीणा सिंह ने पूजा-अर्चना की और आशीर्वाद लिया। विधानसभा अध्यक्ष ने सभी को हरेली पर्व की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी तथा प्रदेश के सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की।

## सर्वसम्मति से छत्तीसगढ़ श्रमजीवी पत्रकार संघ के ब्लॉक अध्यक्ष घनश्याम साहू एवं सचिव महेन्द्र लेझारे बने

**डोंगरगांव 5 अगस्त।** छत्तीसगढ़ श्रमजीवी पत्रकार संघ के प्रदेश अध्यक्ष अरविंद अवस्थी जी, महासचिव विश्व दीपक राई , (1)संभाग अध्यक्ष छगन साहू, (2)संभाग अध्यक्ष मिर्ज़ा जी के मार्गदर्शन एवं राजनांदगांव जिला प्रभारी ललित साहू, राजनांदगांव जिला अध्यक्ष राम साहू के नेतृत्व व वरिष्ठ पत्रकार बाल कृष्णा सिंन्हा, प्रेस क्लब के अध्यक्ष प्रेम गोस्वामी के विशेष उपस्थित में ब्लाक इकाई डोंगरगांव का गठन हुआ जिसमें वरिष्ठ पत्रकार घनश्याम साहू दैनिक भास्कर को सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुना गया वहीं सचिव के रूप में महेन्द्र लेझारे को चुना गया। इस नियुक्ति पर संघ के पदाधिकारियों और शुभचिंतकों ने श्री साहू एवं लेझारे को बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। नियुक्ति पश्चात नवनियुक्त अध्यक्ष घनश्याम साहू ने कहा कि सर्वसम्मति से जल्द ही अन्य पदाधिकारियों का चुनाव किया जायेगा। इस अवसर पर राजनांदगांव जिला प्रभारी ललित साहू, राजनांदगांव जिलाध्यक्ष राम साहू, एवं गोविन्द गुप्ता, दिवाकर सोनी, राजा राणा टिकु देवांगन, टुम्मन साहू,, प्रकाश कुमार गुप्ता एवं ब्लाक के समस्त पत्रकार साथी विशेष रूप से उपस्थित है।



## संपादकीय

# संस्कृति को बचाना, बढ़ावा देना तो अच्छी बात है...

राजनीति से कोई क्षेत्र अछूता नहीं रह गया है, यहां तक कि लोकपर्व को लेकर भी राजनीति की जाती है, श्रैय लिया जाता है कि देखो हमने शुरू किया था, देखो यह तो हमारी नकल कर रहे है। यदि किसी एक राजनीतिक दल ने खुद को छत्तीसढ़िया सीएम बताने के लिए राज्य के पर्व, तिहार उसने सीएम निवास में भव्य आयोजन कर मनाना शुरू किया था तो उनके बाद वाले सीएम को खुद को छत्तीसढ़िया सीएम बताने के लिए पहले से भी भव्य आयोजन करना जरूरी हो जाता है। अगर वह नहीं करते हैं तो कहा जाएगा पहले सीएम वाकई खांटी छत्तीसगढ़िया सीएम थे तब ही तो वह राज्य की परंपरा के अनुरूप अपने घर में छत्तीसगढ़ का पर्व मनाया करते थे और राज्य के लोगों को बुलाया करते थे, वह सीएम तिहार के दिन सीएम आवास को आम लोगों के लिए खोल देते थे, तिहार के दिन सीएम हाउस सीएम नही रह जाता है, वह राज्य के मुखिया का घर बन जाता था, जहां हर कोई सीएस के साथ तिहार मनाने आ सकता था। एक सीएम ने ऐसा किया है तो बाद वाले सीएम को भी खुद को उससे ज्यादा छत्तीसढ़िया बताने के लिए करना पड़ता है,वह नहीं करेंगे तो कहा जाएगा कि यह छत्तीसगढ़िया सीएम नही है, यह छत्तीसगढ़िया संस्कृति को बचाने व बढ़ावा देने वाला नहीं है। हरेली का तिहार लोकपर्व है, माना जाता है कि इस दिन से राज्य में पर्व मनाना शुरू होता है,यह राज्य का पहला पर्व होता है, इसके बाद सारे पर्व मनाए जाते हैं। राज्य में भूपेश बघेल ने सीएम निवास में हरेली आदि तिहार धूमधाम से मनाना शुरू किया था इसलिए साय सरकार के लिए इस परंपरा को बनाए रखना जरूरी हो गया और सीएम साय के निवास में भी हरेली के तिहार पर भव्य आयोजन किया गया, परंपरा के अनुरास पूजा पाठ किया गया।छत्तीसगढ़िया पकवान बनाए गए, सब कुछ किया गया जो एक आम छत्तीसगढ़ि़या घर में किया जाता है। ऐसा किया गया तो कांग्रेस की तरफसे कहा जाएगा कि भाजपा सरकार ने कांग्रेस सरकार की नकल की है. अगर भाजपा सरकार नहीं करती तो कांग्रेस कहती कि सही मायने भूपेश सरकार ही खांटी छत्तीसगढ़ि़या सरकार थी, भूपेश बघेल ही छत्तीसगढ़िया संस्कृति व तिहार को बढ़ावा देने वाले , उसकी रक्षा करने वाले थे। राजनीति में खुद तो दूसरे से हर क्षेत्र मे बेहतर साबित करना पड़ता है इसलिए कई बार वह सब करना पड़ता है जो जरूरी नहीं होता है।पर्व व तिहार तो लोक के होते हैं। इसके लिए सामाजिक संगठनों को आगे आना चाहिए और ऐसे आयोजन करना चाहिए जिसमें बढ़ी संख्या में लोग शामिल हो, तिहार मे आपस में मिले जुलें, एक दूसरे के लिए मगलकामना करे। स्थानीय खेलों का प्रतियोगिता करानी चाहिए, परंपरा गेड़ी चढ़ने की है तो इस परपरा को बनाए रघने का प्रयास होना चाहिए। पौधे लगाए जाते हैं तो पौधे जरूर लगना चाहिए। इसके लिए सरकार को सामाजिक संगठन जैसा सहयोग चाहते है, जरूर करना चाहिए। राज्य एक परिवार है तो सीएम उसके मुखिया है, जैसे हर तिहार में मुखिया की जैसी भूमिका होनी चाहिए, वैसी राज्य के तिहार में सीएम की होनी चाहिए। उन्हें राज्य के लोगों की बीच तिहार मनाना चारिए। इससे जनता व सीएम के बीच की दूरी कम होती है। लोगों को लगता है कि हमारे बीच तिहार मनाने वाला सीएम हमारा सीएम है। जनता व सीएम के बीच दूरी कम होती है, उनके बीच सहज संवाद होता है, जनता वह सब कह सकती है जो वह आम तौर पर दूरी रहने पर कह नहीं पाती है। सीएम व जनता के बीच दूरी कम करने के जितने प्रयास हो सकते हैं किए जाने चाहिए,जरूरी नहीं है कि एक सीएम ने जैसा किया है, दूसरा सीएम भी वैसा ही करे। वह और कुछ नया कर सकता है। वह और कुछ नया सोच सकता है। एक सीएम यदि सीएम हाउस में आयोजन कर लोगों को अपने घर बुलाता है तो दूसरा सीएम हरेली पर लोगों के घर जाकर उनको हरेली की शुभकामना दे सकता है। आयोजन तो दूसरा हो सकता है लेकिन कोशिश तो वही सीएम व जनता के बीच दूरी करना और सहज संवाद करना होना चाहिए। अगर सरकार राज्य की संस्कृति को किसी भी तरह से बचा रही है, बढ़ावा दे रही है तो विपक्ष को उसकी सराहना करनी चाहिए न कि यह कहना चाहिए कि हमारी नकल कर रहे है। भूपेश बघेल संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए कुछ करते हैं तो सीएम साय भी अपने ढंग से कुछ कर सकते है। सराहना तो दोनों की होनी चाहिए कि वह राज्य हित में अच्छा कर रहे है।

पर्व

-प्रियंका सौरभ

# सावन में खुशियों के बीज बोने आती हरियाली तीज



**श्रावण का महीना महिलाओं के लिए विशेष उल्लास का महीना होता है। इस महीने में आने वाले अधिकांश लोक पर्व महिलाओं द्वारा ही मनाए जाते हैं। श्रावण मास के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को श्रावणी तीज कहते हैं। इसे हरितालिका तीज भी कहते हैं। जनमानस में यह हरियाली तीज के नाम से जानी जाती है। श्रावण के महिने में चारों ओर हरियाली की चादर सी बिखर जाती है। जिसे देख कर सबका मन झूम उठता है। सावन का महिना एक अलग ही मस्ती और उमंग लेकर आता है। श्रावण के सुहावने मौसम के मध्य में आता है तीज का त्यौहार।**

हरियाली तीज का उत्सव श्रावण मास में शुक्ल पक्ष तृतीया को मनाया जाता है। मुख्यतः यह स्त्रियों का त्योहार है। इस समय जब प्रकृति चारों तरफ हरियाली की चादर सी बिछा देती है तो प्रकृति की इस छटा को देखकर मन पुलकित होकर नाच उठता है। जगह-जगह झूले पड़ते हैं। स्त्रियों के समूह गीत गा-गाकर झूला झूलते हैं। श्रावण मास के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को श्रावणी तीज कहते हैं। इसे हरितालिका तीज भी कहते हैं। जनमानस में यह हरियाली तीज के नाम से जानी जाती है। श्रावण के महिने में चारों ओर हरियाली की चादर सी बिखर जाती है। जिसे देख कर सबका मन झूम उठता है। सावन का महिना एक अलग ही मस्ती और उमंग लेकर आता है। श्रावण के सुहावने मौसम के मध्य में आता है तीज का त्यौहार। स्त्रियां अपने हाथों पर त्योहार विशेष को ध्यान में रखते हुए भिन्न-भिन्न प्रकार की मेहंदी लगाती हैं। मेहंदी रचे हाथों से जब वह झूले की रस्सी पकड़ कर झूला झूलती हैं तो यह दृश्य बड़ा ही मनोहारी लगता है, मानो सुहागिन आकाश को छूने चली हैं। इस दिन सुहागिन स्त्रियां सुहागी पकडकर सास के पांव छूकर उन्हें देती हैं। यदि सास न हो तो स्वयं से बड़ों को अर्थात जेठानी या किसी वृद्धा को देती हैं। इस दिन कहीं-कहीं स्त्रियां पैरों में आलता भी लगाती हैं जो सुहाग का चिह्न माना जाता है। हरियाली तीज के दिन अनेक स्थानों पर मेले लगते हैं और माता पार्वती की सवारी बड़े धूमधाम से निकाली जाती है। वास्तव में देखा जाए तो हरियाली तीज कोई धार्मिक त्योहार नहीं वरन महिलाओं के लिए एकत्र होने का एक उत्सव है। नवविवाहित लड़कियों के लिए विवाह के पश्चात पड़ने वाले पहले सावन के त्योहार का विशेष महत्त्व होता है।

धार्मिक मान्यता के अनुसार माता पार्वती ने भगवान शिव को पति रूप में पाने के लिए इस व्रत का पालन किया था। परिणामस्वरूप भगवान शिव ने उनके तप से प्रसन्न होकर उन्हें पत्नी रूप में स्वीकार किया था। माना जाता है कि श्रावण शुक्ल तृतीया के दिन माता पार्वती ने सौ वर्षों के तप उपरान्त भगवान शिव को पति रूप में पाया था। इसी मान्यता के अनुसार स्त्रियां माता पार्वती का पूजन करती हैं। तीज पर मेहंदी लगाने, चूडियां पहनने, झूला झूलने तथा लोक गीतों को गाने का विशेष महत्व है। तीज के त्यौहार वाले दिन खुले स्थानों पर बड़े-बड़े वृक्षों की शाखाओं पर, घर की छत पर या बरामदे में झूले लगाए जाते हैं जिन पर स्त्रियां झूला झूलती हैं। हरियाली तीज के दिन अनेक स्थानों पर मेलों का भी आयोजन होता है। हाथों में रची मेंहदी की तरह ही प्रकृति पर भी हरियाली की चादर सी बिछ जाती है। इस नयनाभिराम सौंदर्य को देखकर मन में स्वतः ही मधुर झनकार सी बजने लगती है और हृदय पुलकित होकर नाच उठता है। इस समय वर्षा ऋतु की बौछारें प्रकृति को पूर्ण रूप से भिगो देती हैं। सावन की तीज में महिलाएं व्रत रखती हैं। इस व्रत को अविवाहित कन्याएं योग्य वर को पाने के लिए करती हैं तथा विवाहित महिलाएं अपने सुखी दांपत्य की चाहत के लिए करती हैं। तीज का आगमन भीषण ग्रीष्म ऋतु के बाद पुनर्जीवन व पुनर्शक्ति के रूप में होता है। यदि इस दिन वर्षा हो तो यह और भी स्मरणीय हो उठती है। लोग तीज जुलूस में ठंडी बौछार की कामना करते हैं। ग्रीष्म ऋतु के समाप्त होने पर काले कजरारे मेघों को आकाश में घुमड़ता देखकर पावस के प्रारम्भ में पपीहे की पुकार और वर्षा की फुहार से आभ्यंतर आनन्दित हो उठता है। ऐसे में भारतीय लोक जीवन कजली या हरियाली तीज का परम्परा है। इसे स्थानीय भाषा में तीज की भेंट कहा जाता है। राजस्थान हो या पूर्वी उत्तर प्रदेश, प्रायः नवविवाहिता युवतियों को सावन में ससुराल से मायके बुला लेने की परम्परा है। सभी



पर्वोत्सव मनाता है। आसमान में घुमड़ती काली घटाओं के कारण ही इस त्योहार या पर्व को कजली या कज्जली तीज तथा पूरी प्रकृति में हरियाली के कारण तीज के नाम से जाना जाता है। इस त्योहार पर लड़कियों को ससुराल से पीहर बुला लिया जाता है। विवाह के पश्चात पहला सावन आने पर लडकी को ससुराल में नहीं छोड़ा जाता है। नवविवाहिता लडकी की ससुराल से इस त्योहार पर सिंजारा भेजा जाता है। हरियाली तीज से एक दिन पहले सिंजारा मनाया जाता है। इस दिन नवविवाहिता लडकी की ससुराल से वस्त्र, आभूषण, श्रृंगार का सामान, मेहंदी और मिठाई भेजी जाती है। इस दिन मेहंदी लगाने का विशेष महत्त्व है। स्त्रियां आकर्षक परिधानों से सुसज्जित हो भगवती पार्वती की उपासना करती हैं। राजस्थान में जिन कन्याओं की सगाई हो गई होती है, उन्हें अपने भविष्य के सास-ससुर से एक दिन पहले ही भेंट मिलती है। इस भेंट को स्थानीय भाषा में शिंझार (श्रृंगार) कहते हैं। शिंझार में अनेक वस्तुएं होती हैं, जैसे मेहंदी, लाख की चूड़ियां, लहरिया नामक विशेष वेश-भूषा, जिसे बांधकर रंगा जाता है तथा एक मिष्ठान जिसे घेवर कहते हैं। इसमें अनेक भेंट वस्तुएं होती हैं, जिसमें वस्त्र व मिष्ठान होते हैं। इसे मां अपनी विवाहित पुत्री को भेजती है। पूजा के बाद बया को सास को सुपुर्द कर दिया जाता है। पूर्वी उत्तर प्रदेश में भी यदि कन्या ससुराल में है तो मायके से तथा यदि मायके में है तो ससुराल से मिष्ठान, कपड़े आदि भेजने की विवाहिताएं इस दिन विशेष रूप से श्रृंगार करती हैं। सायंकाल बन ठनकर सरोवर के किनारे उत्सव मनाती हैं और उद्यानों में झूला झूलते हुए कजली के गीत गाती हैं। इस अवसर पर नवयुवतियां हाथों में मेहंदी रचाती हैं। तीज के गीत हाथों में मेहंदी लगाते हुए गाये जाते हैं। समूचा वातावरण श्रृंगार से अभिभूत हो उठता है। इस त्योहार की सबसे बड़ी विशेषता है, महिलाओं का हाथों पर विभिन्न प्रकार से बेलबूटे बनाकर मेहंदी रचाना। पैरों में आलता लगाना, महिलाओं के सुहाग की निशानी है। हाथों व पांवों में भी विवाहिताएं मेहंदी रचाती हैं जिसे मेहंदी मांडना कहते हैं। इस दिन बालाएं दूर देश गए अपने पति के तीज पर आने की कामना करती हैं जो कि उनके लोकगीतों में भी मुखरित होता है। तीज के दिन का विशेष कार्य होता है, खुले स्थान पर बड़े-बड़े वृक्षों की शाखाओं पर झूला बांधना। झूला स्त्रियों के लिए बहुत ही मनभावन अनुभव है। मल्हार गाते हुए मेहंदी रचे हुए हाथों से रस्सी पकड़े झूलना एक अनूठा अनुभव ही तो है। सावन में तीज पर झूले न लगें, तो सावन क्या? तीज के कुछ दिन पूर्व से ही पेड़ों की डालियों पर, घर की छत की कड़ों या बरामदे में कड़ों में झूले पड़ जाते हैं और नारियां, सखी-सहेलियों के संग सज-संवरकर लोकगीत, कजरी आदि गाते हुए झूला झूलती हैं। पूरा वातावरण ही उनके गीतों के मधुर लयबद्ध सुरों से रसमय, गीतमय और संगीतमय हो उठता है।

## आज का राशिफल

मेष राशिः आज आपका दिन शानदार रहेगा। आज आपकी परिस्थितियां पहले से अनुकूल रहेंगी। व्यापारिक क्षेत्र में आपको मेहनत से आज अधिक लाभ होगा। आज कोई महत्वपूर्ण काम पूरा होने के योग है। आज आपको अनुभवी लोगों का मार्गदर्शन मिलेगा। इसका सकारात्मक असर आपके व्यक्तित्व पर भी पड़ेगा। आज किसी दोस्त या रिश्तेदार से चल रही गलतफहमी दूर होगी। स्टूडेंट को करियर संबंधित मेहनत के अच्छे नतीजे मिलेंगे। आज दोस्तों के साथ ट्रिप का प्लान कर सकते हैं। किसी अनजान की हेल्प करके आप अपने आप को कुछ बेहतर फील महसूस करेंगे।

वृष राशिः आज आपका दिन लाभदायक रहेगा। आज आपका कोई छुपा टैलेंट लोगों को पता चलेगी। आध्यात्मिक गतिविधियों में कुछ समय बीतने से मानसिक सुकून मिलेगा। व्यापार में आज आपको किसी अनुभवी व्यक्ति का साथ मिलेगा। आज घर में सुख-शांति का माहौल रहेगा। लवमेट के साथ कहीं घूमने जाएंगे। आज आपको कार्य क्षेत्र में सफलता मिलेगी। आज आपके रुके हुए कार्य पूरे होंगे। दांपत्य जीवन में आपसी तालमेल बढ़ेगा। कुल मिलाकर आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है।

मिथुन राशिः आज आपका दिन उत्तम रहने वाला है। आज बिजनेस में काम करने के तरीको में बदलाव संबंधी नीतियों पर गंभीरता से विचार करेंगे। नई कार्य प्रणाली संबंधी योजनाएं सफल रहेंगी। नौकरी में आपके अच्छे काम की तारीफ होगी। प्रमोशन की खबर मिलने के योग हैं। आज सकारात्मक सोच और संयमित दिनचर्या आपको सेहतमंद और ऊर्जावान रखेंगी। आज आपके व्यक्तित्व में निखार आएगा। आज आपके पारिवारिक जीवन में सौहार्द्र की वृद्धि होगी। आज कोई बड़ी जिम्मेदारी का निर्वाहन करना पड़ सकता है। लवमेट के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है।

कर्क राशि : आज आपका दिन बढ़िया रहने वाला है। आज अधूरे कामों पर ज्यादा ध्यान देंगे। कार्यक्षेत्र में बदलाव करने की सोच रहे हैं तो वास्तु के नियमों का ध्यान रखेंगे। आज ऑफिस में अपना कार्य समय पर निपटा लेंगे। आज जीवनसाथी और परिवार वालों में आपसी तालमेल रहेगा। आज आप किसी जॉब के लिए इंटरव्यू देने जाएंगे जिसमे आपको सेलेक्ट कर लिया जायेगा। आज आपके ईमानदारी की हर जगह चर्चा होगी। कार्यक्षेत्र में भी लोगों का विश्वास आप पर बनेगा।

सिंह राशिः आज आपका दिन मिला-जुला रहने वाला है। आज कार्यस्थल की अंदरूनी व्यवस्था को और बेहतर बनाने की जरूरत है। इससे काम करने के तरीको में सुधार होगा। हर काम अपनी देखरेख में ही करवाएं। ऑफिस में कुछ लोग आपकी उन्नति से जलन की भावना रख सकते हैं। आज मन मुताबिक तरीके से सभी काम निपटाते जाएंगे। सामाजिक कामों में आपकी मौजूदगी से तारीफ मिलेगी। स्टूडेंट्स अपनी पढ़ाई पर पूरी तरह ध्यान दें। विद्यार्थियों को अपनी मेहनत के बेहतर परिणाम हासिल होंगे। दांपत्य जीवन में खुशी का माहौल बनेगा।

कन्या राशिः आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। आज किसी भी फोन कॉल को नजरअंदाज न करें। आपको कोई विशेष सूचना मिल सकती हैं। करीबी इंसान की मदद करके आपको खुशी मिलेगी। घर की व्यवस्था को उचित बनाने में आपकी कोशिश कामयाब रहेगी। आज परिवार के साथ किसी उत्सव में जाने का मौका मिलेगा। आज ऑफिस में टीम वर्क से बेहतर नतीजे मिलेंगे। काफी दिनों बाद आज परिवार के साथ समय बिताएंगे। आज उनके प्रति लागाव बढ़ेगा। आज रुके कार्यों में प्रगति होगी।

तुला राशिः आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। आज अपनी योजनाओं को व्यवस्थित करेंगे। इससे उन पर काम करने में मदद मिलेगी। दूसरों की बजाय अपनी खूबियों पर भरोसा रखेंगे, आपको फायदा मिलेगा। कोई उपलब्धि भी मिल सकती है। जीवनसाथी के साथ भावनात्मक रिश्ते मजबूत होंगे। परिवार के साथ मनोरंजन और घूमने में कुछ समय बीतेगा। आज आपको अपनी इच्छा शक्ति के साथ अपनी भावनाओं में भी सुधार लाने की जरूरत है। इस राशि के छात्रों को प्रतियोगी क्षेत्र में सफलता मिलने के योग बन रहे हैं। डॉक्टर्स के लिए आज का दिन शानदार रहने वाला है।

वृश्चिक राशिः आज आपका दिन अनुकूल रहने वाला है। आज बिजनेस के काम करने के तरीके का जिक्र दूसरे से न करें। नौकरी और बिजनेस में कोई भी महत्वपूर्ण फैसला आज न लें। स्टूडेंट्स को किसी प्रतियोगी परीक्षा का बेहतर परिणाम मिलेगा। आज परिवार के लोग साथ में समय बीताएंगे। लवमेट के साथ मुलाकात का मौका मिलेगा। आज आप कोई नया कारोबार शुरू करने का मन बना सकते हैं। राजनीति से जुड़े लोगों के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है किसी समारोह में हिस्सा लेने का मौका मिलेगा।

धनु राशिः आज आप महत्वपूर्ण कार्यों में व्यस्त रहेंगे। आज बातचीत करते समय ऐसे शब्दों का इस्तेमाल न करें जिससे बाद में पछताना पड़े। आज बीती हुई पुरानी बातों को खुद पर हावी न होने दे। ध्यान और मेडिटेशन से आप मानसिक तौर पर स्वस्थ रहेंगे। आज किसी रिश्तेदार को दिए रुपए आपको वापस मिलेंगे। सोंचे हुए कार्यों में उनका इस्तेमाल करेंगे। राजनीति से जुड़े लोग आज सामाजिक कार्यों में रूचि लेंगे। आज आपके पास कुछ नयी जिम्मेदारियां आएगी, जिनको आप आसनी से निपटा लेंगे।

मकर राशिः आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। आज मीडिया, मार्केटिंग के बिजनेस से जुड़े लोगों के लिए सफलता का समय है। बिजनेस में आसपास के लोगों से चल रही प्रतिस्पर्धा में सफलता के लिए और मेहनत की जरूरत है। नौकरी कर रहे लोग अपने काम पर ज्यादा ध्यान देंगे। आज स्वभाव में लचीलापन लाएं। आपकी जिद से पारिवारिक समस्या बढ़ेगी। छात्र अपनी तैयारी जम कर करें, जल्द अच्छे अंक हासिल होंगे। आपके वेतन में बढ़ोतरी होने के योग बन रहे हैं। आज आप दूसरों को अपनी बातों से आकर्षित कर लेंगे। कोई रुका हुआ काम अपनों की मदद से पूरा हो जाएगा।

कुंभ राशिः आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। आज आपके काम समय मुताबिक पूरे होते जाएंगे। पूरे आत्मविश्वास से कोशिश करते रहें। वाहन खरीदने की योजना है तो दिन शुभ है। व्यस्तता के बावजूद रिश्तेदारों और दोस्तों के साथ समय बीतेगा। आज किसी भी विपरीत परिस्थिति में अपने आत्मविश्वास और आत्म-सम्मान को कम न होने दें। असमंजस में विश्वसनीय लोगों से सलाह- मशवरा करें। आज आपके दाम्पत्य जीवन में खुशियां आएंगी। जीवनसाथी आपको कोई उपहार देंगे।

मीन राशिः आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है। आज फैशन डिजाइनर्स का दिन बेहतर रहेगा। आज कोई ऑनलाइन बड़ा ऑर्डर मिलेगा। आज कहीं रुका हुआ पैसा वापस मिलने से आर्थिक स्थिति बेहतर होगी। गलतियों से सीख लेकर अपने काम करने के तरीको में बदलाव करेंगे। इस राशि के स्टूडेंट्स को परीक्षा मे अच्छे नतीजे मिलेंगे। दांपत्य जीवन में मधुरता बढ़ेगी। इस राशि की महिलाओं को आज जीवनसाथी से सरप्राइज मिल सकता है, जिससे आपका मन प्रसन्न हो जाएगा।

## दुनिया के भीतर दुनिया

डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा उरतृप्त

एक हैं नटवर भैया। औपचारिक रूप से राजस्व विभाग और अनौपचारिक रूप से लेन-देन विभाग में काम करते हैं। वे अपनी करनी के लिए कम और कथनी के लिए अधिक जाने जाते हैं। ऊपर से खुद को सर्वज्ञ और दूसरों को अनभिज्ञ समझने का अहंकार अलग से पाल रखा है। हैं तो सरकारी कर्मचारी लेकिन व्यवहार किसी तरकारी बेचने वाले से कम नहीं है। हमेशा दिमाग में लेन-देन के इलेक्ट्रॉन कुलबुलाते रहते हैं। इसी कुलबुलाहट की बदौलत चार कोठियाँ खड़ी कर दी हैं। घर में सभी सदस्यों के लिए चार चक्का गाड़ियों का इंतजाम है। कुल मिलाकर आँखें जमीन पर कम आसमान पर ज्यादा टिकी रहती हैं। पिछले कुछ दिनों से नटवर भैया के मेज के नीचे वाली कमाई में बहुत कमी आ गयी है। मेज की ऊपर वाली कमाई की उन्होंने कभी परवाह ही नहीं की। उनका मानना है कि मेज के ऊपर की कमाई से इंसान मात्र जी सकता है, लेकिन शौक पूरे करने हों तो मेज के नीचे वाली कमाई के रास्ते तलाशते रहना चाहिए। अनंत इच्छा वाले प्राणी के लिए असली दुनिया मेज के नीचे बसती है। यही वजह है कि बीच-बीच में अपने कर्मचारियों पर झल्ला उठते हैं। एक दिन किसी ने उन्हें असहिष्णु कह दिया। धीरे-धीरे दबी जुबान से सभी लोग यही कहने लगे। जब यह खबर नटवर भैया तक पहुँची तब उनकी उठी भौंहे, चौड़ाई आँखें और लाल-पीली नाक ने कर्मचारियों को सबक सिखाने की ठान ली। आनन-फानन में बैठक का आयोजन किया गया। नटवर भैया कर्मचारियों को शहद लगी छुरी से अपनी बातों का मजा चखाना चाहते थे। शहद लगी छुरी का खेल शुरू हुआ। कहने लगे - एक थाल मोतियों से भरा, सबके सर पर औंधा धरा वाली पंक्ति इंसानी मस्तिष्कीय कणों पर फिट बैठती है। यदि इन कणों की गिनती करने बैठ जाएँ, तो यह जीवन पर्याप्त नहीं होगा। चूंकि कण अनंत हैं इसलिए हमारी समस्याएँ भी अनंत हैं। कण की समस्या और समस्या के कण में केवल दृष्टिकोण का अंतर होता है। वैसे तो ये कण धधकते शरीर के शांत पड़ जाने पर भी होते हैं, किंतु जो मूल्य जीते जी कुछ करने का है वह मरने के बाद करनी को चिढ़ाने भर के लिए काम आते हैं। एक ही तरह का मस्तिष्क दुनिया भर को मिला है, लेकिन कोई उसे जोड़ने के लिए इस्तेमाल करता है तो कोई तोड़ने के लिए। कोई शैतान में इंसान ढूँढ़ने के लिए तो कोई इंसान में शैतान के लिए। यह दुनिया छह को नौ और नौ को छह कहने में इतनी व्यस्त है कि उसे हमेशा अपना नजरिया ही सच लगता है। सामने वाले का नजरिया, नजरिया न हुआ बहस करने का भेड़चाल वाला मुद्दा हो गया। नजरिए की इसी दुविधा को असहिष्णुता कहते हैं। अत्यंत असहनीय और जगव्यापी है यह असहिष्णुता। कभी बाल की खाल तो कभी 'खाल के बाल' के बहाने एक-दूसरे से लड़वाती है, तो कभी हेटस्पीच शब्दावली में आए दिन बढ़ोतरी करवाती है। यही कारण है कि नेता हिंदू को मुस्लिम से, ऊँच को नीच से, गऊ को सुअर से लड़वाने का कोई मौका नहीं छोड़ते। चार वर्षों तक सड़कों, चौराहों पर भटकने वाली सहिष्णु गाय पाँचवें वर्ष में वोट बटोरने वाली असिहष्णु ईवीएम मशीन बन जाती है। सहिष्णु बनने से केवल हमदर्दी मिलती है, असिहष्णु बनने से वोट। कोई एलोपैथी तो कोई आयुर्वेद पर, तो कोई वैक्सिन तो कोई गोमूत्र पर असहिष्णु हो जाता है। अच्छाई में बुराई खोज निकालना, दिन को रात और रात को दिन कहना असहिष्णुता की उर्वर भूमि है। आप लोग सोच रहे होंगे कि मैं यह सब बिन सिर-पैर की बात क्यों कह रहा हूँ? दरअसल मैं आपको असहिष्णुता का मतलब समझाना चाहता हूँ। पिछले कुछ दिनों से मेरी आमदनी में कमी आई है। स्वाभाविक है कि समुंदर में कम होता पानी नदियों और तालाबों को भी सुखा देता है। इसलिए मेरी झल्लाहट को असहिष्णुता नहीं आपकी चिंता समझिए। अपना भाषण समाप्त करते हुए नटवर भैया पानी की बोतल के लिए चपरासी पर झल्ला उठे।

समायिक

मनोज कुमार अग्रवाल

# हैवानियत और बर्बरता का नया उदाहरण यशश्री शिन्दे हत्याकांड



देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में निर्भया जैसा एक और वीभत्स हत्याकांड सामने आया है ।यह हत्याकांड निर्भया हत्याकांड से भी अधिक दिल दहलाने वाला है क्योंकि इस हत्याकांड के पार्श्व में लवजिहाद है और एक जमानत पर छूटे पॉक्सो के अपराधी ने पीड़िता लड़की की नृशंस हत्या की है। नवीं मुंबई के उरन इलाके में यशश्री शिंदे नाम की लड़की की हत्या के आरोप में पुलिस ने दाऊद शेख नामक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है । प्राथमिक रूप से मिली जानकारी के मुताबिक सुरेश शिंदे (लड़की के पिता) ने पुलिस को दिए बयान में बताया कि उनकी पत्नी ने 25 जुलाई को नवी मुंबई के उरन पुलिस स्टेशन में उनकी बेटी यशस्वी शिंदे के लापता होने की शिकायत दर्ज कराई थी। इसके बाद पुलिस ने इसमें मामला दर्ज करते हुए खोजबीन शुरू की।

यह मामला उरण में घटित हुआ, जहां 22 वर्षीय यशश्री शिंदे की बेरहमी से हत्या कर दी गई । उसका शव शनिवार 27 जुलाई को एक खेत में झाड़ियों के बीच मिला था, जिसमें उसके चेहरे, शरीर और निजी अंगों पर चोटों के निशान थे। इस वारदात से नागरिकों में आक्रोश फैल गया । गुस्साए नागरिकों ने प्रशासन के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया और आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की। यशश्री शिंदे 25 जुलाई को लापता हो गई थीं।वह बेलापुर में एक कंपनी में काम करती थीं और उरण में अपने परिवार के साथ रहती थीं।घटना के दिन वह सुबह काम पर निकली थीं और उसके बाद वापस नहीं लौटीं।उसके परिवार ने पुलिस में उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई , जिसके बाद पुलिस ने उसकी तलाश शुरू की। कुछ दिनों बाद, रेलवे स्टेशन के पास झाड़ियों में एक शव मिला। जिसकी पहचान यशश्री के रुप में की गयी।यशश्री के पिता ने अपने बयान में दाऊद शेख नामक व्यक्ति पर हत्या का आरोप लगाया। पीड़ित परिवार ने बताया कि गुमशुदगी के दो दिन बाद पुलिस ने बुलाया और हमें साथ लेकर एक पेट्रोल पंप के पास गए जहां एक लड़की का शव बेहद दयनीय अवस्था में पड़ा हुआ था। उसका चेहरा पूरी तरह से खराब कर दिया गया था और कपड़ों और लड़की के शरीर को देखकर उन्होंने पुलिस को यह जानकारी दी कि वह उनकी बेटी है। कुत्ते शव को नोंच रहे थे।

पुलिस तत्काल रूप से लेकर उसे नवी मुंबई के इंदिरा गांधी अस्पताल में ले गए जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित किया। लड़की के पिता ने अपने बयान में पुलिस को बताया है कि किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा धारदार हथियार से उसकी बेटी की हत्या की गई है। किया था। ऐसा बताया जा रहा है कि उस समय पुलिस ने दाऊद को गिरफ्तार किया था और करीब पांच साल तक दाऊद जेल में रहा। जेल से बाहर आने के बाद वह कर्नाटक चला गया था। परिवार का ऐसा आरोप है कि इसके बाद दाऊद फिर से यशश्री के





पुलिस ने इस मामले में धारा 103 के तहत मामला दर्ज किया और जांच शुरू कर दी। डिप्टी कमिश्नर (डीसीपी) विवेक पानसरे के अनुसार शुक्रवार रात 2 बजकर 15 मिनट पर युवती का शव बरामद किया गया। उन्होंने कहा कि पीड़िता बेलापुर में काम करती थी और उसने शुक्रवार को आधे दिन की छुट्टी ली थी। ऐसी आशंका है कि उसी दिन दोपहर साढ़े तीन से चार बजे के बीच उसकी हत्या की गई।

हालांकि पुलिस के सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक पुलिस को इस मामले में दाऊद शेख नाम के शख्स को गिरफ्तार करने में सफलता मिल गई है। नवी मुंबई पुलिस ने इस मामले के आरोपी दाऊद शेख को हिरासत में लिया है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक, दाऊद को कर्नाटक के गुलबर्गा से पकड़ा गया है।

इसके पूर्व यशश्री शिंदे के पिता ने दाऊद शेख नाम के लड़के पर साल 2019 में एक एफआईआर दर्ज कराई थी। उन्होंने दाऊद शेख को उस वक्त नाबालिग यशश्री के साथ गलत हरकत करते हुए देखा था चूंकि वह नाबालिग थी, इसलिए पुलिस ने इस मामले में पॉक्सो के तहत मामला दर्ज किया था। पुलिस ने धारा 354, 506, चाइल्ड प्रोटेक्शन एक्ट 2012 की धारा 8 और 12 के तहत मामला दर्ज. संपर्क में था और पता चला है यशश्री अपनी मौत से पहले दाऊद के संपर्क में थी। यह भी पता चला है कि दाऊद की लोकेशन उरण में दिख रही थी इसलिए भी आशंका जताई जा रही है कि दाऊद ने कर्नाटक से उरण आने के बाद यशश्री को किसी बहाने अथवा किसी तीसरे युवक की मदद से बुलाया और उसकी बेरहमी से हत्या कर दी और फरार हो गया।

पुलिस ने उसकी तलाश के लिए कई टीम तैयार की इनमें से एक टीम कर्नाटक भेजी गई । मंगलवार 30 जुलाई को पुलिस को इस मामले में दाऊद शेख नाम के शख्स को गिरफ्तार करने में सफलता मिल गई है। नवी मुंबई पुलिस ने इस मामले के आरोपी दाऊद शेख को हिरासत में लिया है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक, दाऊद को कर्नाटक के गुलबर्गा से पकड़ा गया है। वहीं यशश्री शिन्दे की पोस्टमार्टम रिपोर्ट से खुलासा हुआ है कि पीड़ित लड़की के साथ बलात्कार नहीं हुआ था। हत्यारे ने चाकू से कई वार कर उसे मौत के घाट उतारा है। बाद में कुछ कुत्तों ने शव को नोचा है। शरीर के कुछ हिस्से को जानवर खा गए है। यशश्री के चेहरे, शरीर और प्राइवेट पार्ट्स पर गहरे घाव है। बताया जा रहा है कि शव के चेहरे, छाती और गुप्तांगों पर चोटें थीं। परिजनों ने शव की पहचान कपड़े और टैटू से की।

नवी मुंबई के उरण पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ निरीक्षक राजेंद्र कोते ने कहा कि मृतक यशश्री शिंदे कॉमर्स ग्रेजुएट थी और बेलापुर में एक निजी कंपनी में डेटा एंट्री ऑपरेटर के तौर पर काम करती थी। गुरुवार सुबह वह अपने माता-पिता से यह कहकर घर से निकली थी कि वह अपनी सहेली के घर जा रही है। जब वह देर रात तक घर नहीं लौटी तो उसके पिता ने गुमशुदगी की शिकायत दर्ज करायी।रिपोर्ट्स के मुताबिक, 2019 में आरोपी दाऊद शेख ने यशश्री शिंदे का शारीरिक शोषण किया था। तब यशश्री नाबालिग थी, इसलिए दाऊद शेख के खिलाफ पॉस्को एक्ट के तहत केस दर्ज कर उसे गिरफ्तार किया गया था। वह कई साल तक जेल में रहा। इसके बाद जब वह जमानत पर बाहर आया तो फिर से यशश्री के करीब आने लगा।इस पूरी घटना को लव जिहाद से भी जोड़कर देखा जा रहा है। बीजेपी नेता किरीट सोमैया ने लव जिहाद का आरोप लगाते हुए कड़ी से कड़ी कार्रवाई की मांग की है। सोमैया ने उरण जाकर पीड़ित परिवार से मुलाकात की।

नवी मुंबई पुलिस ने इस मामले में दाऊद शेख से पहले कर्नाटक के रहने वाले मोहसिन को हिरासत में लिया था। पुलिस को फोन कॉल डिटेल से पता चला कि मोहसिन लगातार यशश्री के संपर्क में था। पुलिस को शक है कि इस हत्याकांड में मुख्य आरोपी के साथ मोहसिन भी शामिल हो सकता है। दाऊद से उसके कनेक्शन की जांच की जा रही है। मोहसिन और दाऊद शेख दोनों से पुलिस पूछताछ कर रही है।

सवाल फिर वही है कि आखिर ये जालिम लवजेहादी कब तक अपने जाल में फंसा कर मासूम बच्चियों का कत्ल करते रहेंगे? इन हैवानों में पुलिस ,अदालत, कानून, सरकार किसी का भी तनिक भी भय क्यों नहीं है? पिछले कुछ महीनों में एक सौ से अधिक लवजिहाद की वारदात सामने आई है जिनमें दरिंदों ने दरिंदगी, बर्बरता व हैवानियत की तमाम हदें पार की हैं। वैसे देश के कई राज्यों की सरकारों ने लवजिहाद के खिलाफ सख्त कानून बनाया है जिसमें भारी जुमार्ना और सजा का प्रावधान किया गया है लेकिन चिंता की बात है कि इसके बावजूद लगातार हैवानियत की वारदातों की झड़ी लगी है। जरूरत है कि ऐसे संगीन दिल दहला देने वाले मामलों में दोषियों को सख्त से सख्त सजा दी जाए और मामले की सुनवाई फास्ट कोर्ट में की जाए ताकि इन वारदातों को नियंत्रित किया जा सके।

## एक नजर

### केवीके में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया हरेली तिहार



**सुकमा, 5 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** आज हरेली अमावस्या तिहार के उपलक्ष्य में कृषि विज्ञान केन्द्र, सुकमा के मुरतोंडा स्थित प्रक्षेत्र में कृषि यंत्रों की पूजा-अर्चना कर हर्षोल्लास के साथ हरेली तिहार मनाया गया। कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख एच.एस. तोमर, कृषि वैज्ञानिक श्री राजेन्द्र प्रसाद कश्यप, कार्यक्रम सहायक डॉ. संजय सिंह राठौर, एस.आर. एफ. श्री इंद्रपाल साहू सहित अन्य उपस्थित थे।

### जिले के चिंतलनार क्षेत्र से 694 क्विंटल से ज्यादा राशन सामग्री जब्त



**सुकमा, 5 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिले में विगत दिनों से चिन्तलनार क्षेत्र के 05 ग्राम पंचायतों के राशन कार्डधारियों को खाद्यान्न नहीं मिलने संबंधी खबर विभिन्न समाचार पत्र में प्रकाशित हो रहे थे। इस सम्बंध में कलेक्टर श्री हरिस एस. द्वारा तत्काल संज्ञान लेकर निरीक्षण एवं जांच के निर्देश सम्बंधित अधिकारियों को दिए गए थे। कलेक्टर के निर्देशानुसार एसडीएम कोंटा श्री शबाब खान के मार्गदर्शन में तहसीलदार कोंटा सहित खाद्य तथा सहकारिता विभाग की संयुक्त टीम द्वारा लगातार 03 दिनों तक चिन्तलनार बजारपारा स्थित शासकीय उचित मूल्य की दुकानों एवं शासकीय और अशासकीय गोदामों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान लगभग 694 क्विंटल से ज्यादा खाद्यान्न व अन्य राशन सामग्री जब्त किया गया। जिसमें कुल चांवल 1093 बोरी अनुमानित वजन 546.50 क्विंटल, शक्कर 73 बोरी अनुमानित वजन 36.50 क्विंटल, चना 74 बोरी अनुमानित वजन 36.75 क्विंटल, नमक 97 बोरी अनुमानित वजन 48.50 क्विंटल, गुड़ 131 कार्टून अनुमानित वजन 26.32 क्विंटल, धान कोंडा 275 बोरी सहित क्रिस्टल नमक 105 बोरी अनुमानित वजन 52.50 क्विंटल जब्त किया गया है। उक्त कार्यवाही के बारे में खाद्य अधिकारी श्री जयवर्धन ठाकुर ने बताया कि जब्त राशन सामग्री के संबंध में विक्रेता, क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों एवं संबंधित कर्मचारियों का बयान एवं पंचनामा के साथ ही वजन किया गया है। प्रकरण में अग्रिम कार्यवाही जारी है, प्रकरण प्रथम दृष्टया खाद्यान्न की कालाबाजारी का प्रतीत होने के कारण ग्राम पंचायत एलमपल्ली एवं केरलापेंदा के सरपंच, सचिव व विक्रेता के विरूद्ध पुलिस थाने में एफआईआर दर्ज कराई गई है।

### शराब बेचते चार कोचिया गिरफ्तार

**रायपुर, 5 अगस्त।** राजधानी के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में अवैध शराब बेचते पुलिस ने चार कोचियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से कुल 80 पाव देशी शराब व बिक्री रकम 615 रुपए जब्त किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है। मिली जानकारी के अनुसार गोलबाजार पुलिस ने लोहार गली में दबिश देकर अवैध शराब बेचते आरोपी सैयद समीर 44 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 12 पाव देशी शराब व बिक्री रकम 225 रुपए जब्त किया है। वहीं खरोरा पुलिस ने भैरवनगर पुलिया के पास दबिश देकर आरोपी विक्की जांगड़े 35 वर्ष के पास से 23 पाव देशी शराब व बिक्री रकम 150 रुपए जब्त किया है। इसी तरह गुढ़ियारी थाना पुलिस ने आरोपी सुरेश नायक 50 वर्ष के पास से 23 पाव देशी शराब व बिक्री रकम 240 रुपए जब्त किया है।




**सुकमा, 5 अगस्त।** विगत दिवस पर जगदलपुर में आयोजित संभाग स्तरीय शालेय क्रीड़ा चयन क्रिकेट प्रतियोगिता सम्पन्न हुआ। जिसमें सुकमा जिले के तीन खिलाड़ी का चयन राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए हुआ है। जिसमें शसोडी विकास एवम नाजीर खान शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सुकमा के छात्र और आशिफा हुसैन आई.एम.एस.टी. स्कूल की छात्रा शामिल है।

### पीसी ज्वैलर्स लिमिटेड को इंडियन ओवरसीज बैंक से वन टाइम सेटेलमेंट की मंजूरी मिली

**रायपुर 5 अगस्त।** भारत की अग्रणी और तेजी से बढ़ती ज्वेलरी रिटेल चेन पीसी ज्वेलर्स लिमिटेड (बीएसई: 534809, एनएसई: पीसीजेवेलर) ने घोषणा की है कि इंडियन ओवरसीज बैंक ने कंपनी द्वारा प्रस्तुत एकमुश्त निपटान (ओटीएस) प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। कंपनी ने बकाया राशि का निपटान करने के लिए ओटीएस का विकल्प चुना था। स्वीकृत ओटीएस की शर्तों में नकद और इक्विटी पटक, प्रतिभूतियों और गिरवी रखी गई संपत्तियों की रिहाई आदि शामिल हैं। हाल ही में, बैंक ऑफ बड़ौदा और कैनरा बैंक ने भी कंपनी द्वारा स्वीकृत एकमुश्त निपटान को मंजूरी दी थी। इससे पहले, कंपनी ने घोषणा की थी कि उसके बोर्ड ने आईसीडीआर निधर्मी और अन्य लागू कानूनों के अनुसार, सदस्यों की मंजूरी और अन्य आवश्यक नियामक, वैधानिक और अन्य अनुमोदनों के अधीन, 56.20 रुपये प्रति वारंट की कीमत पर पूर्ण रूप से परिवर्तनीय वारंट के तरजीही जारी करने के माध्यम से 2705 करोड़ रुपये तक धन जुटाने को मंजूरी दी है।

# पाट जात्रा पूजा विधान के साथ बस्तर दशहरा का शुभारंभ

## रथ के निर्माण के परंपरागत औजारों की पूजा कहलाता है पाटजात्रा पूजा विधान

- पाटजात्रा पूजा विधान में पूजा की गई लकड़ी से विशालकाय हथौड़ा बनाया जायेगा
- अंडा, मोंगरी मछली व बकरे की बलि की रियासत कालीन परंपरा का किया गया निर्वहन

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**जगदलपुर 5 अगस्त।** रियासत कलीन ऐतिहासिक बस्तर दशहरा पर्व का शुभारंभ रविवार को पाटजात्रा पूजा विधान के साथ हो गया है। सबसे लंबी अवधि 75दिनों तक चलने वाले बस्तर दशहरा पर्व प्रति वर्ष हरियली अमावस्या के दिन दंतेश्वरी मंदिर सिंहद्वार के समक्ष बिलोरी के जंगल से लाई गई साल की लकड़ी की पूजा कर पाट जात्रा पूजा विधान संपन्न किया गया। इस लकड़ी से विशालकाय हथौड़ा बनाया जायेगा, जिसका उपयोग बस्तर दशहरा के दुमंजिला विशाल रथ के पहिए के निर्माण के दौरान हथौड़े के रूप में किया जाता है। इसके साथ ही बस्तर दशहरा के लिए नये विशाल दुमंजिला रथ का निर्माण शुरू हो जायेगा। इस दौरान बस्तर दशहरा के आयोजन में अहम भूमिका निभाने वाले पुजारी, मांझी-मुखिया, चालकी, नाईक रथ निर्माण के कारीगर के साथ बस्तर दशहरा समिति के अध्यक्ष बस्तर सांसद महेश कश्यप, महापौर सफीरा साहू, बस्तर कलेक्टर विजय दयाराम, तहसीलदार व अन्य बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

बस्तर की आराध्य मां दंतेश्वरी के पूजा अनुष्ठान का पर्व बस्तर दशहरा की शुरुआत हरेली अमावस्या से होती है। इसमें बिलोरी के जंगल से लाई गई लकड़ी जिसकी पूजा की परंपरा पाटजात्रा पूजा विधान कहलाती है। वस्तुतः पाटजात्रा पूजा विधान बस्तर दशहरा में बनाये जाने वाले दुमंजिला विशाल रथ के निर्माण में उपयोग की जाने वाले परंपरागत औजारों की पूजा है। इसमें जिस लकड़ी की पूजा की जाती है, उसे स्थानिय बोली में ठुरलू खोटला कहा जाता है, इस लकड़ी से विशालकाय हथौड़ा बनाया जायेगा, जिसका उपयोग बस्तर दशहरा के दुमंजिला विशाल रथ के पहिए के निर्माण के दौरान हथौड़े के रूप में किया जाता है। इस लकड़ी के साथ ही अन्य परंपरागत रथ निर्माण के औजारों की भी परंपरानुसार पूजा रथ निर्माण करने वालों के द्वारा की जाती है, पूजा विधान में अन्य पूजा सामग्रीयों के अलावे विशेष रूप से अंडा, मोंगरी मछ्ली व बकरे की बलि दिये जाने की रियासत कालीन परंपरा का निर्वहन किया गया।

उल्लेखनिय है कि बस्तर दशहरा महापर्व मनाने की शुरूआत के ऐतिहासिक तथ्य के अनुसार वर्ष 1408 में बस्तर के काकतीय शासक महाराजा पुरुषोत्तम देव को जगन्नाथपुरी में रथपति की उपाधि दी गई थी, तथा उन्हें 16 पहियों वाला एक विशाल रथ के साथ भगवान जगन्नाथ, सुभद्रा एवं बलभद्र के विग्रह भेंट किया गया था। इस तरह बस्तर में 617 वर्षों से बस्तर दशहरा मनाया जा रहा है। राजा पुरुषोत्तम देव ने जगन्नाथ पुरी से वरदान में मिले 16 चक्कों के रथ को बांट दिया था। उन्होंने सबसे पहले रथ के चार चक्कों को भगवान जगन्नाथ को समर्पित किया और बाकी के बचे हुए 12 चक्कों को दंतेश्वरी माई को अर्पित कर बस्तर दशहरा व बस्तर गोंचा महापर्व मनाने की परंपरा को शुरू किया था। तब से लेकर अब तक यह परंपरा अनवरत जारी है। बस्तर दशहरा महापर्व हरियाली अमावस्या के दिन शुरू होकर पूरे 75 दिनों तक चलता है, लेकिन इस वर्ष 77 दिनों में पर्व को संपन्न किया जायेगा।



### कथावाचक प्रदीप मिश्रा के आव्हान पर घर-घर हुई पार्थिव शिवलिंग की पूजा

**कुरूद. 5 अगस्त।** सावन महीने के पावन अवसर पर चारों ओर शिव जी भक्ति का सैलाब उमड़ रहा है।मंदिरों में सुबह शाम भक्तों की भीड़ उमड़ रही है । बेल पत्र और पुष्पमाला लिए शिवभक्त गण श्रद्धा भक्ति में डुबकी लगा रहे है।विगत दिनों सीहोर के कथावाचक पं. प्रदीप मिश्रा के आव्हान पर नगर के घरों में पार्थिव शिवलिंग के निर्माण व अभिषेक के पूजन का आयोजन किया गया। पूजन का टीवी पर सीधे प्रसारण के माध्यम से श्रद्धालुओं ने घर बैठे ही भगवान का अभिषेक किया।रातभर शिव भजन का दौर चला और प्रसाद का वितरण किया गया। शिवपुराण के मुताबिक पार्थिव शिवलिंग किसी पवित्र नदी या तालाब की मिट्टी से बनाना चाहिए। इसकी पूजा से उम्र, सुख और शांति में वृद्धि होती है। शिव पुराण के अनुसार, पार्थिव शिवलिंग की पूजा से धन, धान्य, आरोग्य और पुत्र प्राप्ति होती है। वहीं मानसिक और शारीरिक कष्टों से भी मुक्ति मिल जाती है। सनातन धर्म में श्रावण मास को भगवान शिव की भक्ति के लिए विशेष माना गया है।शास्त्रीय मान्यता है कि सावन के महीने में भगवान शिव की उपासना से जीवन में सुख एवं समृद्धि की प्राप्ति तो होती ही है।सावन का सोमवार बहुत ही खास माना जाता है।ऐसा माना जाता है कि इस दिन जप, तप और ध्यान करना बहुत अच्छा होता है।सोमवार का दिन चंद्र ग्रह का होता है और चंद्रमा के नियंत्रक भगवान शिव होते हैं।इस दिन पूजा करने से न केवल चन्द्रमा बल्कि भगवान शिव की कृपा भी मिल जाती है।

## पोटाकेबिन के बच्चों से मिलने पहुंचे प्रदेश कांग्रेस महासचिव दुर्गेश राय

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सुकमा 5 अगस्त।** जिले के कोंटा विकास खंड अंतर्गत संचालित बालक आवासीय पोटाकेबिन चिंतलनार (अ) और पोटाकेबिन चिंतलनार (ब) में निरीक्षण के पहुंचे कांग्रेस प्रदेश महासचिव दुर्गेश राय ने पोटा केबिन परिसर पहुंच कर बच्चों से मुलाकात कर उनसे पढ़ाई और आवासीय सुविधाओ के बारे में चर्चा की। मौसमी बीमारियो के चलते कुछ बच्चे बीमार पाए गए । इन बच्चो से भी मिलकर उनके स्वास्थ संबंधी जानकारी ली और बच्चो को मौसमी बीमारी से बचने के उपाय बताते हुए रात में सोते समय मच्छरदानी का उपयोग करने को कहा। निरीक्षण के दौरान पोटाकेबिन परिसर में फैली अव्यवस्थाओं को ले कर चिंता जाहिर करते हुए प्रदेश महासचिव दुर्गेश राय ने पोटा केबिन अधीक्षक को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि बच्चो के प्रति कोई भी लापरवाही न बरतें। मौसमी बीमारी से निपटने और बच्चो को मौसमी बीमारी से बचाने के लिए उपाय करने और साफ सफाई पर ध्यान देने को कहा। पोटा केबिन में आवासीय विद्यालय संचालित किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान बच्चे विद्यालय में पढ़ाई करते नजर तो प्रदेश सचिव राय ने कक्षा में पहुंच कर बच्चो से पढ़ाई से संबधित चर्चा की ओर पढ़ाई को ले कर कई सवाल भी किए ।वहीं शिक्षको से बच्चो को अच्छे से पढ़ाने के लिए कहा।



## ग्रामीण युवाओं को विकास की मुख्यधारा में जोड़ने होगा बस्तर खेल का आयोजन

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**सुकमा, 5 अगस्त।** छत्तीसगढ़ सरकार की मंशानुरूप खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा विशेष रूप से बस्तर संभाग के ग्रामीण आदिवासी युवाओं को खेल के माध्यम से मुख्यधारा में जोड़ने के साथ ही खेलों के प्रति रुचि पैदा कर इस क्षेत्र में सकारात्मक वातावरण तैयार करने हेतु वृहद स्तर पर बस्तर खेल 2024 आयोजित किया जाना है। उक्त आयोजन संबंधी दिशा-निर्देश शीघ्र जारी किये जाएंगे। प्रभारी जिला खेल अधिकारी श्री विरूपाक्ष पौराणिक ने बताया कि बस्तर खेल 2024 के अंतर्गत बैडमिंटन, बालीबॉल, तीरंदाजी,फुटबॉल, एथलेटिक्स, वेट लिफ्टिंग, हाकी, खो-खो, रस्साकशी खेल विधाओं का आयोजन विकासखंड, जिला और संभाग स्तर पर दो आयु वर्ग 14 से 17 वर्ष और 17 से 21 वर्ष आयु के पुरुष-महिला दोनों वर्ग में आयोजित किया जाएगा। उक्त आयोजन अक्टूबर-नवम्बर 2024 में प्रस्तावित है। उन्होंने बताया कि उक्त जानकारी 02 अगस्त 2024 को संचालक खेल एवं युवा कल्याण विभाग छत्तीसगढ़ श्रीमती तनुजा सलाम द्वारा जगदलपुर में आयोजित संभाग स्तरीय समीक्षा बैठक में दी गई। उन्होंने कहा कि इसके अलावा प्रदेश सरकार द्वारा विशेष रूप से माओवाद प्रभावित क्षेत्रों में अपनी महत्त्वाकांक्षी योजना के तहत आदिवासी युवाओं को रचनात्मक दिशा देने हेतु नियद नेल्लानार योजना का संचालन किया जा रहा है। जिसके तहत चयनित 32 ग्राम में खेल मैदान का निर्माण मनरेगा योजना के तहत किया जाएगा ।

### एक छात्र पर छत से प्लास्टर गिरने के बाद छात्रों ने कलेक्ट्रेट पहुंच दिया था धरना

# जर्जर पोस्ट मैट्रिक छात्रावास को जावंगा के एकलव्य स्कूल के कमरों में किया शिफ्ट

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**दंतेवाड़ा 5 अगस्त।** एक ओर बस्तर सांसद अफसरों के साथ मिटिंग पे मिटिंग कर शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, बिजली, सुपोषण को प्राथमिकता क्रम में रखते हुए इसे दुरूस्त करने की बात कह रहे हैं । शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क और बिजली ये चारों चीजें जो मानव जीवन में सबसे महत्वपूर्ण है और इन सभी सेक्टरों की हालत जिले में बेहद खराब हो चुकी है। सांसद शिक्षा, स्वास्थ्य पर विशेष फोकस की बात तो कह रहें है मगर क्या असलियत में शिक्षा जैसी एक महत्वपूर्ण सेक्टर में दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा की हालत क्या वाकई में अच्छी है या खस्ता हालत इसकी बानगी तो दो दिन पहले ही दिख गई थी जब एक आश्रम शाला की छत का मलबा टूटकर छात्र के उपर जा गिरा था जिसके बाद छात्रों ने कलेक्ट्रेट का घेराव कर दिया था।

सरकारी आवासीय विद्यालयों की बात करें तो दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा जिले में आवासीय विद्यालय, आश्रम, पोटाकेबिन की हालत बदतर स्थिति में है। कहीं आश्रम की छत गिर रही है तो कहीं आश्रम में पानी टपक रहा है तो कहीं अधीक्षक आश्रम से नदारत हैं। बच्चों को अच्छा भोजन नहीं मिलने जैसी तमाम शिकायतें लगातार सामने आ रही है। ऐसा ही एक मामला दो दिनों पूर्व तहसील गीदम में देखने को मिला है जहां एक जर्जर हो चुके पोस्ट मैट्रिक आवासीय बालक छात्रावास के छात्र के उपर सोते वक्त छत का मलबा टूटकर गिर गया था। शुक्र था कि छात्र को केवल मामुली चोट भर आई अगर मलबा का साईज बड़ा होता तो क्षति भी ज्यादा बड़ी हो सकती थी। आश्रम स्ट्रक्चर की खराब कंडीशन के बारे में अधीक्षक महोदय कोई एक्शन कारवाई नहीं कर रहे थे और ना ही वे आश्रम में बराबर समय दे रहे थे। छात्रों को उनके हाल पर छोड़ रखा था। मलबा गिरने से गुस्साए छात्रों ने कलेक्ट्रेट पहुंच धरना दे दिया तब कहीं जाकर प्रशासन की आंख खुली जिसके बाद आनन फानन में दूसरे ही दिन बच्चों को जांवगा स्थित एकलब्य माडल स्कूल परिसर में खाली पड़े दो कमरों को साफ कर वहां बचें को शिफट कराया गया। जिसके बाद छात्रों का गुस्स कुछ शांत हुआ। कुछ ऐसा ही हाल हितामेटा बालक आश्रम का है यहां के छात्रों का एक दल भी करीब सप्ताह भर पूर्व कलेक्ट्रेट पहुंचा था और आश्रम में फैले तमाम समस्याओं जैसे, अच्छा गुणवत्तायुक्त भोजन न मिलना, अधीक्षक का आश्रम से नदारत रहना, एक बेड पर तीन तीन छात्रों को सुलाया जाना, कई छात्र बारिश में जमीन पर सोते हैं, आश्रम के चपरासी द्वारा भी बच्चों के साथ अच्छा व्यवहार न करना, बिजली व साफ पानी नहीं मिलने जैसी शिकायत कलेक्टर के समक्ष किए। कलेक्टर ने व्यवस्था को ठीक करने आश्वाश्न देकर छात्रों को वापस भेज तो दिया मगर समस्या अब भी जस की तस बनी हुई है। पोस्ट मैट्रिक आश्रमशाला की छत से मलबा गिरने के मामले में सहायक आयूक्त ने कहा कि नया आश्रम बनाया जाएगा जिसकी स्वीकृति भी हो गई है। अधीक्षक तीन जगहों के प्रभार में था इसलिए वह ध्यान नहीं दे पा रहा था। उसे अभी पोस्ट मैट्रिक छात्रावास गीदम के प्रभार से मुक्त किया गया है। सहायक आयूक्त श्री मशराम ने कहा कि एक आश्रम में एक ही अधीक्षक का प्रभार रहेगा एक से अधिक आश्रम की जिम्मेदारी निभा रहे अधीक्षकों को चिहिन्त कर उन्हें प्रभार मुक्त किया जाएगा और एक अधीक्षक एक आश्रम की जिम्मेदारी ही सम्हालेगा ऐसी व्यवस्था करेंगे। उन्होने कहा कि एक से ज्यादा अतिरिक्त प्रभार के चलते अधीक्षक आश्रम में ध्यान नहीं दे पाते हैं और अव्यवस्था बन जाता है।

## समाचार संक्षेप

### प्रशासन को हर पोटा केबिन और छात्रावास में एक छोटी मेडिकल टीम तैनात करनी चाहिए



**सुकमा 5 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)** । प्रशासन को हर पोटा केबीन और छात्रावास में एक छोटी मेडिकल टीम तैनात करनी चाहिए, जो नियमित रूप से बच्चों के स्वास्थ्य की जांच करे। मासिक स्वास्थ्य जांच के माध्यम से बच्चों की सेहत पर नजर रखी जानी चाहिए। इससे अचानक बीमारी के मामलों में तत्काल उपचार मिल सकेगा और बच्चों की जान बचाई जा सकेगी। माता पिता अपने बच्चों को बेहतर भविष्य के लिए इन छात्रावासों में भेजते हैं। ऐसे में बच्चों की सुरक्षा और स्वास्थ्य की जिम्मेदारी प्रशासन की है। प्रशासन को इन मुद्दों को गंभीरता से लेते हुए ठोस कदम उठाने चाहिए, ताकि बच्चों का भविष्य सुरक्षित रहे और उन्हें सही समय पर चिकित्सा सहायता मिल सके।

### पीडब्ल्यूडी विभाग ठेकेदार पर मेहरबानः राजेश नाग



**सुकमा 5 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)** । पीडब्ल्यूडी विभाग के द्वारा बगैर सेक्सन के करोड़ों रुपए के पुलिया का निर्माण कराया जा रहा है, आखिर विभाग के जिम्मेदार अधिकारी अपने चहेते ठेकेदारों को करोड़ों के पुलिया निर्माण को कार्य की अनुमति तो दे दी। ये सभी मुलेर,परिया और नांगलगुंडा में करोड़ों के पुलिया है। लेकिन नियमत इस करोड़ों के पुलिया अब तक सेक्सन ही नहीं हुआ और कार्य निर्माणधीन है, इस निर्माण कार्य को लेकर मैं जिला प्रशासन से निवेदन करता हूं कि जल्द ही इन सभी कार्यों की निष्पक्ष जांच किया जाए। और इन सभी कार्यों पर तत्काल रोक लगाए जाएं। ये काम पर जल्द ही कोई कारवाई नहीं होने पर हम एआईएफए के नेतृत्व में जल्द ही पीडब्ल्यूडी कार्यालय का घेराव किया जाएगा। जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन की रहेगी।

### कुन्ना पंचायत में कई दिन से बिजली नहीं

**सुकमा 5 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)** । जिले के विकास खंड छिंदगड़ के कुन्नाग्राम पंचायत मे 4 दिनों से बिजली ठप ग्रामीणों का आरोप है कि सब स्टेशन कूकनार मे फोन करने पर कहा जाता है भेज रहे है लेकिन अभी तक कोई कर्मचारी नहीं पहुंचा है विद्युत विभाग की लापरवाही सामने आई है. ग्रामीणों के द्वारा जान जोखिम मे डाल कर खुद से खम्बे पर चढ कर विद्युत सप्लाई शुरू कर दिया है. कुछ दिनों पूर्व भी करंट लगने से 2 ग्रामीण की जान जा चुकी है इसके बाद भी विभाग के कर्मचारी बड़ी



अनहोनी का इंतजार कर रहे है. ग्रामीणों द्वारा लगातार शिकायत के बावजूद भी बिजली विभाग के द्वारा समस्याओं के का निराकरण की कोई पहल नहीं हुई है.प्रसाशन की लापरवाही सामने आ रही है जहाँ सुकमा मे विकास की बात होती है पर कुन्ना पंचायत के दो गाँव कोरमागोंदि और कवरा पारा के बिच मे पुल नहीं होने से बरसात मे आवागम बंद रहता है जिले से संपर्क टूट जाता है 1200 की जन संख्या है सरपंच भी इसी गाँव मे रहता है पर उसके के द्वारा कोई पहल नहीं होने से ग्रामीणों मे भारी आक्रोश है। विद्युत उपकेंद्र से चंद कदम दूर से गुजर रहे के पास के गांव का है. जहां विद्युत विभाग सड़क पुल ना होने अथवा कर्मचारी नहीं होने का हवला दे रही है ग्रामीणों का आरोप है कि बार-बार शिकायत के बावजूद भी विभाग के कर्मचारी अधिकारी इस तरफ ध्यान नही देते है. इसी रास्ते से हो कर आस पास के सड़क से आने जाने वाले लोगों का आवागमन होता है. जिससे बड़ा खतरा बना हुआ है. यदि समय रहते ठीक नही हुआ तो बड़ा हादसा हो सकता है।

# कलेक्टर के साथ जिला प्रशासन की टीम प्रभावित इलाकों में डोर टू डोर सर्विलेंस के लिए पहुंची





**रायगढ़, 5 अगस्त।** डेंगू सोर्स रिडक्शन के लिए कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल के साथ स्वास्थ्य विभाग एवं नगर निगम की टीम शहर के वार्ड में उतरी। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत श्री जितेन्द्र यादव भी उपस्थित रहे।

शहर में डेंगू के प्रकरण के मद्देनजर कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल ने वार्ड क्रमांक 12 व 13 के गली और मोहल्ले में पहुंच कर घरों, बंद पड़े मकान, बड़े शॉप के गोदाम एवं कबाड़ में सोर्स रिडक्शन करने ऐसे गोदाम, बड़े भवन, स्टोर रूम आदि जगहों पर लोगों को साफ-सफाई के लिए समझाइश दी है। इसके साथ ही जहां नगर निगम और स्वास्थ्य विभाग की टीम को प्रवेश करने नही दे रहे हैं, वहां पुलिस के जवान भी साथ में देने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने निगम को वार्ड के ऐसे घर एवं बड़े भवन जहां लोग नही रह रहे हैं। ऐसे भूमिस्वामी से संपर्क कर साफ-सफाई करवाने अथवा निगम से साफ-सफाई करवा कर राशि वसूल करने के भी निर्देश दिए। कलेक्टर श्री गोयल ने रैपिड रिस्पॉन्स टीम को वार्ड के सभी छतों और ऐसे स्थानों में अनिवार्य रूप से निरीक्षण करने के निर्देश दिए जहां डेंगू के लार्वा पनप सकते है। इस दौरान खुले में पड़ी कंडम गाड़ियों के मालिकों से संपर्क कर साफ-सफाई करवाने एवं कंडम गाड़ियां को उन स्थानों से हटवाने के निर्देश नगर निगम और एसडीएम को दिए। कलेक्टर श्री गोयल ने समझाइश के बाद भी लापरवाही बरतने वाले लोगों पर पेंडेमिक एक्ट के तहत् नगर निगम को कठोर कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर श्री गोयल ने कहा कि डेंगू के रोकथाम के लिए स्वास्थ्य विभाग एवं नगर निगम की टीम प्रतिदिन कार्य कर रही है। आज रविवार को टीम भी मुस्तैदी से अपने कार्य में लगी हुई है। डेंगू को देखते हुए राज्य स्तर से टीम भी सर्वे के लिए रायगढ़ पहुंची हुई है। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि डेंगू के लिए सभी को मिलकर गंभीरता से प्रयास करने होंगे। उन्होंने घरों को बंद करके गए लोगों को टीम का सहयोग करने को कहा, ताकि उन जगहों पर जलजमाव के कारण डेंगू से मोहल्ले के लोग प्रभावित न हो। उन्होंने कहा कि डेंगू के प्रकरणों में गिरावट लाने के लिए लगातार काम कर रहे हैं। इसके साथ ही उन्होंने वार्ड पार्षद व जनप्रतिनिधियों को वार्डवासियों के साफ-सफाई एवं डेंगू से बचाव के लिए लोगों को जागरुक करने के साथ ही जनसामान्य को डेंगू से सतर्क रहने की अपील की है। उल्लेखनीय है कि डेंगू के बढ़ते प्रकरण के रोकथाम के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगातार डेंगू प्रभावित क्षेत्रों में डेंगू सोर्स रिडक्शन का कार्य किया जा रहा है। जिसमें स्वास्थ्य विभाग एवं नगर निगम की टीम संयुक्त रूप से अधिक प्रभावित क्षेत्रों में घरों में पहुंच लोगों से मिलकर डेंगू संभावित स्थानों का निरीक्षण कर दवाईयों का मौके पर छिटकाव भी किया जा रहा है।इस अवसर पार्षद श्री जयंत ठेठवार, पार्षद श्री सलीम नियारिया, श्री प्रवीण द्विवेदी, एसडीएम रायगढ़ श्री प्रवीण तिवारी, तहसीलदार श्री लोमस मिरी सहित नगर निगम एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

## एक नजर

### लगातार वर्षा के चलते शार्ट सर्किट से विद्युत मीटर जल गए

**गरियाबंद, 5 अगस्त।** पी.एच.ई. डिवीजन ऑफिस में शार्टं सर्किट के चलते सध्याँ 7 बजे मीटर में आग लग गई जिसके चलते विभाग में देर रात को विभाग कम कर रहे कर्मचारी,अधिकारियों में हड़कंप मच गया दरअसल लगातार पी.एच.ई.ऑफिस का बिजली का मीटर जो कि बाहरी दिवाल में लगा हुआ है लगातार वर्षा के चलते वह भीगता रहा है जिसके चलते शार्टं सर्किट हुई और आग लग गई इसका असर जहां पी.एच.ई.विभाग के ऑफिस में हुआ वही ट्रांसफार्मर में भी आवाज होते देखा गया तत्काल इस घटना की जानकारी विभाग के अधिकारियों ने राजस्व विभाग , बिजली विभाग एवं फायर ब्रिगेड के कर्मचारियों को दिया जिसके चलते तत्काल मदद पहुंची और अधिकारी कर्मचारियों ने मौके पर पहुंचकर स्थितियों को देखते हुए आग बुझाने के यंत्रों के माध्यम से आग पर काबू पाने का कोशिश किया ।किंतु साथ ही फायर ब्रिगेड एवं बिजली के कर्मचारी भी मौके पर पहुंच गए जिसके चलते तत्काल रावणभाटा डाक बंगला की लाइट को बंद किया गया जिसके बाद मी हटाकर डायरेक्ट लाइन चालू किया गया जिससे देर रात को ऑफिस में होने वाले काम पुनः प्रारंभ हो पाए ।इस शार्टं सर्किट के चलते अधिकारी ऑफिस से बाहर निकल आए थे वहीं उन्होंने तत्काल विभिन्न कंप्यूटर और बिजली से चलने वाले मशीनों को बंद कराया ताकिशार्टं सर्किट के चलते कहीं कोई इलेक्ट्रॉनिक सामान को नुकसान न पहुंचे इस अवसर पर पी.एच.ई.के एजुकेटिव इंजीनियर पंकज जैन ने बताया कि शार्टं सर्किट के चलते उन्होंने सभी अधिकारियों को फोन किया था और समय रहते इस पर नियंत्रण पा लिया गया यह एक संयोग है वही मीटर पूरी तरह से जलकर राख हो गया है।

### बांधों के भराव के बाद अतिरिक्त पानी को नदी-नालों में नहीं नहरों में छोड़ें :भूपेंद्र

**रायपुर ।** आषाढ़ माह में अवर्षा की स्थिति के चलते पनपे अकाल की संभावना पर सावन माह में अभी तक हुये बारिश ने फिलहाल विराम लगा दिया है पर इस बारिश के बाद भी प्रदेश के कई तहसीलों में स्थिति बेहतर नहीं है । इधर बारिश की वजह से बांधों में जल भराव की स्थिति काफी बेहतर हुयी है और कई बांधों से जहां भराव के बाद अतिरिक्त पानी को नदी - नालों में छोड़ा जा रहा है वहीं कई बांधों से छोड़े जाने के कगार पर है । इस अतिरिक्त पानी को नदी - नालों में न छोड़ व्यापक ?किसान हित में नहरों में छोड़ने की मांग जल संसाधन मंत्री केदार कश्यप को मेल से ज्ञापन भेज किसान संघर्ष समिति के संयोजक भूपेन्द्र शर्मा ने की है ।

? ज्ञातव्य हो कि प्रदेश में 46 छोटे - बड़े बांध है जिसमें से अधिकांश आषाढ़ माह बीतने तक अवर्षा की स्थिति के चलते खाली पड़े थे पर सावन माह में शुरुआत से अब तक हुयी बारिश से बांधों में जल भराव की स्थिति में सुधार हुआ है और कई बांधों में पूर्ण भराव के बाद अतिरिक्त पानी को नदी - नालों में छोड़ा जा रहा है वहीं कई बांधों से नदी - नालों में पानी छूटने के कगार पर है । प्रेषित ज्ञापन में सामयिक परिस्थिति ?के परिपेक्ष्य में ?बाधो में भराव के बाद अतिरिक्त पानी को नदी - नालों में छोड़े जाने को पानी की बर्बादी ठहराते हुये व्यापक किसान हित में इसे नहरों में क्षमतानुसार छोड़ने की मांग की गयी है । ज्ञापन में बताया गया है कि इससे बांधों के कमांड क्षेत्र में आने वाले सिंचाई पानी के कमी वाले ग्रामों को सामयिक सिंचाई पानी मिल सकेगा वहीं नहरों में इस पानी के भराव से जहां आवश्यकता पर बांधों के पट खोलने से अंतिम छोर तक पानी पहुंचने में जो समय लगता है उसकी बचत होने के साथ - साथ जरुरत होने पर अन्य माइनरों व वितरक शाखाओं के किसान भी इसका उपयोग करने के साथ - साथ तालाबों को भी भर सकेंगे । इस संबंध में आवश्यक आदेश जारी करने की अपेक्षा श्री कश्यप से ज्ञापन में की गयी है ।

### जिले में अब तक 499.2 मिलीमीटर औसत वर्षा

महासमुंद 5 अगस्त । महासमुंद जिले में चालू मानसून के दौरान 01 जून 2024 से अब तक 499.2 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। भू-अभिलेख से मिली जानकारी के अनुसार जिले में सर्वाधिक औसत वर्षा पिथौरा तहसील में 628.4 मिलीमीटर, बसना में 589.7 मिलीमीटर, महासमुंद में 547.3 मिलीमीटर, बागबाहरा में 467.1 मिलीमीटर, सरायपाली में 428.9 मिलीमीटर और सबसे कम वर्षा 334.0 मिलीमीटर कोमाखान तहसील में दर्ज की गई।

## दो घंटे से भी अधिक चौक के गड्ढे में फंसा रहा भारी वाहन

### शहर की सड़क बनाने में कोई नहीं ले रहा सुध

**पत्थलगांव, 5 अगस्त।** शहर के अंदर सडको की दुर्दशा किसी से छुपी नही है,शहर का एकमा मुख्य चौराहा के पास तीनो ओर जाने वाली सडक के तीनो ओर की 200 मीटर सडक बेहद खराब हो चुकी है। दो सडके राष्ट्रीय राजमार्ग एवं एक सडक स्टेट हाईवे की है,इन सडको मे मरम्मत का काम ना होने के कारण 20 से भी अधिक जानलेवा गडढे बने हुये है। दिन रविवार की सुबह चौक के पास के गडढो मे दो बडी वाहन आकर फंस गयी,दो घंटे से भी अधिक देर तक भारी वाहन सडक के बीच मे फंसी रही,जिसके कारण अंबिकापुर एवं रायगढ की ओर से आने वाली वाहनो को वहा से गुजरना मुश्किल हो रहा था,किसी तरह वाहन के चालको ने सडक के बडे गडढो मे जुगाडतंत्र लगाकर अपनी वाहन को बाहर निकाला। वे बार-बार शहर की दुर्दशा को कोस रहे थे,वाहन चालको का कहना था कि शहर के बीच मे जानलेवा गडढो को देखकर लगता है कि यहा शासन प्रशासन सडको की सुध लेना छोड दिया है,इन दिनो शहर के अंदर की सडको का बेहद बुरा हाल हो चुका है,शहर के अंदर की सडके खराब रहने के कारण हर रोज दुर्घटनायें होने लगी है,कामकाजी महिलाओ को खराब सडको का दंश सबसे अधिक उठाना पड रहा है,वही स्कूली बच्चे भी सडको की दुर्दशा को लेकर अच्छे खासे परेशान है,हर रोज कोई न कोई स्कूली छात्र या छात्रायें शहर के मध्य की सडको मे बने गडढे एवं उनके कीचड की चपेट मे आ रहे है।



जिम्मेदार नही दे रहे ध्यान-शहर की तीनो सडक खराब होने के बाद भी दो विभाग के आलाधिकारीयों द्वारा सिर्फ आश्वासन देकर खानापूर्ति की जा रही है,राष्ट्रीय राजमार्ग के कार्यपालन अधिकारी नितेश तिवारी अत्यधिक बारिश के कारण मरम्मत के काम मे मुश्किल आने की बात कह रहे है,उनका कहना है कि बारिश कम होते ही इंदिरा चौक के आस-पास की सडको मे सुधार कार्य कराया जायेगा,तो वही स्टेट हाईवे के अधिकारी भी मरम्मत मे बारिश का विघ्न बता रहे है,परंतु क्या खुद सी.एम. विष्णु देव साय के नजदीकी शहर की सडको की यह दुर्दशा शासन-प्रशासन से छुपी हुयी है,या फिर अधिकारी बारिश के नाम पर लोगो की असुविधा से जानबुझकर फासला बनाने की कोशिश कर रहे है।।

बरसात रूकने पर फैल रही बिमारी-शहर की तीनो सडके हर मौसम मे लोगो को सिर्फ परेशानी परोस रही है,बारिश मे जानलेवा गडढे कीचड एवं दुर्घटनायें आम बात हो चुकी है,तो वही बारिश रूकने के बाद इन सडको की जानलेवा धूल से लोग गंभीर बिमारी की चपेट मे आने लगे है। सर्दी,खांसी,अस्थमा,बालो का झडना,आंखो मे जलन एवं टी.व्ही जैसी गंभीर बिमारी के लक्षण धूल के कारण पनपने लगे है। डॉक्टर भी इन बिमारीयों के पनपने के पीछे सडक की धूल बताने लगे है,साथ ही वे धूल से परहेज करने के लिए मास्क,चश्मा एवं टोपी का उपयोग करने की सलाह दे रहे है।।

### घर-घर गूंजा हर-हर महादेव श्रद्धालुओं ने अपने-अपने घरों में किया रुद्राभिषेक

**राजनांदगाँव।** भगवान शिव के अति प्रिय सावन माह में भक्ति भाव का सिलसिला निरंतर जारी है, जहां भक्त अपने भगवान भोलेनाथ को प्रसन्न करने के लिए अलग-अलग तरीकों से आराधना करते नजर आ रहे हैं। वहीं कथावाचक प्रदीप मिश्रा के आह्वान पर घरों में रुद्राभिषेक का आयोजन किया गया।

सावन माह में भगवान शिव की पूजा अर्चना का विशेष महत्व होता है, तो वहीं सावन माह में आने वाली महाशिवरात्रि पर इस बार कई संयोग बने। यही कारण रहा कि क्षेत्र के हजारों भक्तों ने घरों में रुद्राभिषेक किया कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा केआह्वान पर हुए रुद्राभिषेक को लेकर भक्तों में काफी उत्साह नजर आ रहा था। भक्त इस धार्मिक अनुष्ठान को करने के लिए उत्सुक दिखाई दे रहे थे। शाम 7 बजे शुरू हुआ यह रुद्राभिषेक 8 बजे तक चला। इस दौरान लोगों ने टीवी और मोबाइल के माध्यम से पूजन देखकर अपने-अपने घरों में रुद्राभिषेक किया। यह पहला ऐसा मौका था, जब इतनी बड़ी संख्या में एक साथ लोगों ने अपने-अपने घरो मे किसी धार्मिक अनुष्ठान किया।

## माओवादी विरोधी अभियान के दौरान 3 नक्सल स्मारक ध्वस्त



**बीजापुर,5 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिले में चलाये जा रहे माओवादी विरोधी अभियान के तहत् दिनांक 04/08/2024 को जिला बीजापुर से डीआरजी, बस्तर फाइटर एवं थाना भैरमगढ़/जांगला की टीम हिंगुम एवं झारामोंगिया की ओर नक्सल विरोधी अभियान पर निकली थीअभियान के दौरान संयुक्त टीम द्वारा ग्राम हिंगुम एवं झारामोंगिया में माओवादियों द्वारा बनाए गए अलग अलग जगहों पर लगभग 15- 20 फिट ऊंचाई के 03 माओवादी स्मारक को ध्वस्त किया गय क्षेत्र में सघन गश्त सर्चिंग जारी है।

## सभी शासकीय स्कूलों में पालक-शिक्षक मेगा बैठक 6अगस्त को

- छात्र हितों पर होगी विस्तार से चर्चा, विगत वर्ष की परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थी होंगे पुरस्कृत
- बैठक में शामिल होंगे पालक, काउंसलर, डॉक्टर, शिक्षाविद एवं जनप्रतिनिधि

**रायगढ़, 5 अगस्त।** राज्य के प्रत्येक शासकीय विद्यालय में पालक-शिक्षक बैठक नियमित रूप से कराये जाने के निर्देश स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा दिये गये हैं। वर्तमान शैक्षणिक सत्र 2024-25 में प्रथम पालक-शिक्षक मेगा बैठक का आयोजन आगामी 06 अगस्त 2024 को प्रत्येक संकुल स्तर पर किया जाना है। शिक्षक-पालक मेगा बैठक का उद्देश्य शिक्षक एवं पालकों के मध्य समन्वय, पालकों को उनके बच्चों के पढ़ाई में मदद हेतु समाधानात्मक कारक उपाय सुझाना तथा शासन द्वारा बच्चों को संचालित विभिन्न हितग्राही योजनाओं एवं शिक्षा गुणवत्ता उन्नयन हेतु राज्य में संचालित विभिन्न कार्यक्रमों से पालकों को अवगत कराना है। साथ सभी संकुलों में आयोजित मेगा पीटीएम के दिन बैठक आयोजन का संकुल स्तर, विकासखंड स्तर, जिला स्तर एवं राज्य स्तर के अधिकारियों के साथ-साथ स्थानीय जनप्रतिनिधियों के द्वारा आकस्मिक निरीक्षण भी किया जायेगा।।

सभी 250 स्कूलों में होगा आयोजित

पालक-शिक्षक मेगा बैठक में 12 मुद्दों पर प्रमुखता से चर्चा करने के निर्देश राज्य शासन के द्वारा दिये गए हैं, उपरोक्त शिक्षक-पालक मेगा बैठक जिले के सभी 250 संकुलों में संकुल स्तर पर राज्य शासन के निर्देशानुसार आयोजित किये जायेंगे। प्रत्येक संकुल स्तरीय कार्यक्रम के लिये स्थल का चयन कर लिया गया है। प्रत्येक संकुल में आयोजित मेगा सम्मेलन संबंधित संकुल के संकुल प्राचार्य के अध्यक्षता में होंगे। प्रत्येक संकुल में आयोजित शिक्षक-पालक मेगा बैठक के लिये एक नोडल अधिकारी का चयन किया गया है। जिन पर पूरे शिक्षक-पालक मेगा बैठक के संचालन की जवाबदेही होगी। शिक्षक-पालक मेगा बैठक में संस्था प्रमुख, प्रत्येक शाला के आधे शिक्षक एवं पालक प्रमुख रूप से शामिल होंगे। साथ ही बैठक में स्थानीय जनप्रतिनिधि, शाला प्रबन्ध समिति और शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के सदस्य, काउंसलर, डॉक्टर, मनोवैज्ञानिक, शिक्षाविद, ड्रॉपआउट हुये बच्चों के पालक भी शामिल होंगे जो आपसी चर्चा उपरांत समाधानकारक सुझाव दिये जायेंगे।

छात्र हितों पर होगी विस्तार से चर्चा-शिक्षक-पालक मेगा बैठक के दौरान 12 बिंदुओं पर छात्र हित में शासन द्वारा संचालित योजनाओं, शिक्षा गुणवत्ता सुधार के लिये संचालित योजनाओं, अध्ययन-अध्यापन में आने वाली समस्याओं, सुचारू अध्यापन, ड्रॉपआउट या लंबी अनुपस्थिति वाले बच्चों की शाला में उपस्थित कराना, बेहतर परीक्षा परिणाम पर विस्तार से चर्चा की जायेगी। बैठक के दौरान विगत वर्ष की परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को पुरस्कृत किया जाएगा।

बैठक में दिये गये सुझावों का पंजीकरण किया जाएगा। संकुल स्तर के आयोजन पश्चात स्कूल स्तर पालकों की बैठक आयोजित कर शैक्षणिक समस्याओं के निराकरण पर चर्चा की जायेगी।

## नवपदस्थ कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने किया पदभार ग्रहण



महासमुंद 5 अगस्त महासमुंद जिले के नए कलेक्टर श्री विनय कुमार लंगेह ने आज विधिवत पदभार ग्रहण किया। उल्लेखनीय है कि श्री विनय कुमार लंगेह वर्ष 2016 बैच के आई.ए.एस अधिकारी है। वे महासमुंद जिले के 23वें कलेक्टर के रूप में पदभार ग्रहण किया। इसके पूर्व वे कोरिया जिले में कलेक्टर के रूप में सेवाएं दे चुके हैं। साथ ही गरियाबंद जिले में जिला पंचायत सीईओ के रूप में भी सेवाएं दे चुके हैं। पदभार ग्रहण करने के तत्काल पश्चात अधिकारियों से परिचय लेकर जिला कार्यालय के विभिन्न शाखाओं और विभागों के कक्षों में पहुंचकर वहां का अवलोकन किया तथा वहां पदस्थ अधिकारियों और कर्मचारियों से विभागीय कार्यों की जानकारी ली। कलेक्टर श्री लंगेह ने अवलोकन के दौरान अधिकारी-कर्मचारियों को समय पर कार्यालय आने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि कार्यालयों की साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देवें। साथ ही रिकॉर्ड संधारण और दस्तावेजों को सुव्यवस्थित रखने के निर्देश दिए। कार्यालय परिसर की साफ-सफाई पर भी विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने विभिन्न विभागीय कार्यां की जानकारी लेते हुए स्टाफ से जानकारी भी ली। इस दौरान उन्होंने जिला कार्यालय में विभिन्न समस्याओं को लेकर पहुंचे आम लोगों से भी जानकारी लेते हुए समस्या के समाधान के लिए संबंधित विभाग को निर्देशित किया।

कलेक्टर श्री लंगेह ने जिला कार्यालय स्थित खाद्य विभाग, निर्वाचन शाखा, आबकारी, खनिज, कोषालय, भू-अभिलेख, एनआईसी, रिकार्ड रूम, हमर गोहार, चिप्स, राहत शाखा, अंत्यावसायी, लोक सेवा केन्द्र, स्थापना शाखा, आदिवासी विकास विभाग सहित विभिन्न विभागों एवं शाखाओं का अवलोकन किया। इस दौरान डिप्टी कलेक्टर श्री हरिशंकर पैकरा व श्री आशीष कर्मा, श्री मनोज कुमार खांडे, जनसंपर्क अधिकारी सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

## बीच सत्र में छात्राओं को संस्था से निकालने की तैयारी,मचा बवाल




■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा, 5 अगस्त।** इंजीनियरिंग व मेडिकल प्रवेश प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी के लिए संचालित छू लो आसमान आवासीय परिसर कारली की छात्राओं को शिक्षण सत्र के बीच अगस्त महीने को स्कूल व संस्था से निकालने की तैयारी चल रही है। इसे लेकर छात्राएं व उनके परिजन काफी मानसिक तनाव में हैं। रविवार को संस्था में पेरेंट्स मीटिंग बुलाई गई थी, जिसमें सुश्री भवानी पुनेम, सहायक खंड शिक्षा अधिकारी गीदम, संस्था प्रमुख सैनी रवींद्र ने पालकों से साफ तौर पर कहा कि एग्जिट टेस्ट में जिन छात्राओं का कमजोर प्रदर्शन है, वे अपनी पसंद का कोई दूसरा स्कूल देख लें। ऊपर से निर्देश हैं कि ऐसे बच्चों को संस्था में रखकर रिजल्ट खराब नहीं करना है। नीट जैसी प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी के लिए यह संस्थान संचालित है, इसीलिए पढ़ाई में कमजोर प्रदर्शन को बर्दाश्त नहीं किया जा सकता है। ज्यादातर पालकों ने संस्थान के इस फैसले का विरोध जताते कहा कि यहां रहकर कक्षा 9 वीं से लेकर 11 वीं पास करने के बाद अचानक टेस्ट लेकर संस्थान से निकालने का फैसला अव्यवहारिक है। बच्चियां खुद को अपमानित महसूस करने के साथ ही सदमे में हैं। खासकर 12 वीं बोर्ड की कक्षा में पढ़ रही छात्राएं अगस्त महीने में किसी नए स्कूल में अचानक कैसे एडजस्ट हो सकती हैं। इस पर संस्था प्रबंधन का कहना था कि सिर्फ होस्टल से निकाला जाएगा, स्कूल वही रहेगा। इस पर पेरेंट्स का कहना था कि जिले भर की छात्राओं को लाकर यहां रखा गया है, तो होस्टल के बाहर किस जगह पर रहने की सुविधा दी जाएगी? काफी गहमा-गहमी के बाद परिजनों ने अपना-अपना आवेदन पत्र लिखकर संस्था प्रमुख को सौंपा और घर लौट गए। अधिकांश परिजनों का कहना था कि एग्जिट टेस्ट में कम नंबर आने के बाद से छात्राओं का रो-रोकर बुरा हाल है। दो दिन से खाना भी नहीं खाया है। नाबालिग बच्चियों को इस तरह का मानसिक तनाव देना अनुचित है। स्क्रीनिंग टेस्ट शुरुआती कक्षा में लिया जाना था, 2-3 साल रहकर पढ़ाई करने के बाद टेस्ट लेना गलत है। इधर इस पूरे विवाद पर छू लो आसमान की संस्था प्रमुख रविन्द्र शैनी से जब बात की गई तो उन्होंने कहा की ऐसी कोई बात नहीं है हम किसी छात्र को निकालने नहीं जा रहे केवल ये कहा है की नीट की परीक्षा में बैठने के लिए ये जरूरी है की छात्र पढ़ाई के स्तर में सुधार लाएं क्योंकि जो छात्राएं अच्छे अंक टेस्ट वगैरह में लाएंगे उन्हे प्रतियोगी परीक्षाओं में अच्छे रिजल्ट मिलेंगे और संस्था का नाम भी रोशन होगा। पेरेंट्स मीटिंग्स में भी हमने यही बात सामने रखी है कहीं पर भी किसी को निकालने वाली बात नहीं हुई है। छात्राओं को या पेरेंट्स को गलतफहमी हुई होगी। बल्कि जो छात्राएं बाहर भी जाकर कोचिंग वगैरह लेना चाहती है उन्हे संस्था से पूरी छूट भी रहेगी। हमारा उद्देश्य केवल बच्चो की बेहतरी एवम उनका उज्ज्वल भविष्य है।

### खरीफ फसलों के बीमा कराने की अंतिम 16 अगस्त तक

**महासमुंद 5 अगस्त।** प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनांतर्गत प्राकृतिक आपदाओं, अवर्षा की स्थिति, कीट एवं रोगों के परिणाम स्वरूप अधिसूचित फसलों के नष्ट होने की स्थिति में किसानों को बीमा कवरेज और नुकसान की भरपाई करने हेतु शासन द्वारा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की शुरूआत की गई है। जारी अधिसूचना अनुसार सभी ऋणी अऋणी किसानों से बैंक या प्राथमिक कृषि सेवा सहकारी समिति या लोक सेवा केंद्र या आनलाईन पंजीयन या बीमा अभिकर्ता से बीमा प्रस्ताव प्राप्त करने एवं प्रीमियम कटौती करने की अंतिम तिथि 31 जुलाई 2024 से बढ़ाकर 16 अगस्त 2024 की गयी है।

योजनांतर्गत जिले में खरीफ फसल हेतु धान-सिंचित, धान-असिंचित, मक्का, अरहर, सोयाबीन, मूँग , उड़द, मूँगफली, कोदो, कुटकी व रागी फसलें अधिसूचित हैं, जिसके लिए प्रीमियम राशि बीमित राशि का खरीफ फसल हेतु 2 प्रतिशत जमा करना है, जो कि किसान द्वारा वहन किया जावेगा।

## हरेली पर्व पर प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों को अभिनंदन पत्र और स्वीकृति पत्र प्रदान किया

**महासमुंद 5 अगस्त ।** हरेली पर्व के अवसर पर जनपद पंचायत पिथौरा के अंतर्गत ग्राम पंचायत सोनासिल्ली में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत पूर्ण आवासों में वृक्षारोपण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती उषा पटेल एवं जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सत्यभामा नाग द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना के श्री साखाराम, श्री धनेश्वर, कौसिल्या एवं श्री रूपसिंग को स्वच्छ एवं सुन्दर आवास निर्माण हेतु अभिनंदन पत्र प्रदान किया गया एवं प्रधानमंत्री जन मन आवास योजना के तहत कमार जनजाति के हितग्राही सुमिन कमार, कुंती कमार एवं शिव कमार को स्वीकृति पत्र प्रदान किए गए। साथ ही 56 वृक्ष लगा कर स्वच्छ और सुंदर वातावरण हेतु योगदान दिया गया।कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि श्री संजय तिवारी, श्री जाम सिंह दीवान,श्री रेवा राम , श्री प्रीतम साहू, सरपंच श्री चोपलाल चौधरी, सचिव श्री परसराम साहू, मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री चंद्रप्रकाश मनहर, करारोपन अधिकारी श्री उमेश दीक्षित, श्री तेजेंद्र साहू, श्रीमती मीनू साहू, और श्री डाकेश्वर यादव उपस्थित रहे।



# हरेली व जड़ी बूटी दिवस पर रोपे गए औषधीय पौधे

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**छुरा, 5 अगस्त।** छत्तीसगढ़ के लोक पर्व हरेली एवं जड़ी बूटी दिवस के अवसर पर ठेठवार यादव समाज भवन में बृहद पैमाने पर पौधारोपण किया गया। लोकपर्व हरेली, किसानों के सबसे बड़े त्यौहारों में से एक है। हरेली में प्रकृति पूजा, लोक आस्था, परम्परा, संस्कृति के विविध रूपों का दर्शन होता है।पतंजलि योगपीठ हरिद्वार के महासचिव एवं आयुर्वेद केंद्र के अध्यक्ष आचार्य बालकृष्ण के जन्मदिन को पतंजलि परिवार द्वारा जड़ी बूटी दिवस के रूप में मनाया जाता है। अंतर्राष्ट्रीय योग गुरु स्वामी रामदेव जी महाराज के अनन्य सहयोगी आचार्य बालकृष्णन को आयुर्वेद, योग के क्षेत्र में अनुसंधान को बढ़ावा देने और स्वास्थ्य सेवाओं में योगदान हेतु अनेकों पुरस्कार से सम्मानित किया जा चुका है। ठेठवार यादव समाज के अध्यक्ष एवं जिले के योग रत्न शंकर लाल यदु, पतंजलि योग समिति जिला प्रभारी अर्जुन धनंजय सिन्हा, जिला कार्यकारिणी सदस्य एवं ठेठवार यादव समाज के सचिव देवनारायण यदु, पतंजलि परिवार के कर्मठ सदस्य एवं साहित्यकार ललित साहू, मन्मानस यज्ञ प्रचार समिति के उपाध्यक्ष बिशेसर दीवान, व्यायाम शिक्षक डोमेश्वर ध्रुव, बरातु यादव, किशोर यादव, पंचू यादव, अभय राम यादव, संतराम यादव, डोमस साहू, उधो, घनिष्ठा साहू द्वारा एरिका पाम, नीम, अमरुद, जामुन के पौधे का रोपण किया गया। पौधों के संरक्षण एवं संवर्धन का शपथ लिया गया।

## एक नजर

### 35 पाव देशी मसाला शराब के साथ कोचिया गिरफ्तार



**बलौदाबाजार, 5 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** पुलिस सहायता केन्द्र निपनिया द्वारा शांति भंग करने वाले असमाजिक तत्वों, जुआ, शराब, सट्टा आदि अनैतिक कार्यों में लिप्त आरोपियों के विरुद्ध धरपकड़ कार्यवाही लगातार जारी है। इसी क्रम में आज दिनांक 04.08.2024 को मुखबिर सूचना पर सहायता केंद्र निपनिया से प्र.आर भूपेन्द्र सिंह वर्मा एवं पुलिस टीम द्वारा रेड कार्यवाही कर ग्राम मोपका में अवैध रूप से शराब बेचने वाले आरोपी भैयाराम उम्र 32 वर्ष निवासी ग्राम मोपका को पकड़ा गया। आरोपी से 35 पाव देसी मदिरा मसाला शराब, कीमती ?3850 जप्त किया गया है। आरोपी के विरुद्ध पुलिस सहायता केंद्र निपनिया, थाना भाटापारा ग्रामीण में धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी को विधिवत गिरफ्तार करते हुए जेल भेजने की प्रक्रिया की जा रही है।

### शराब की अवैध बिक्री करने वाले चार लोगों को पुलिस ने पकड़ा



**बलौदाबाजार, 5 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** थाना सिटी कोतवाली पुलिस द्वारा क्षेत्र अंतर्गत अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले, शराब कोचियों की धरपकड़ कार्यवाही कार्यवाही लगातार जारी है। इसी क्रम में 3 अगस्त को थाना सिटी कोतवाली की पुलिस टीम द्वारा ग्राम रवान ट्रक यार्ड, रायपुर रोड पेट्रोल पंप के पास एवं रिसदा रोड बलौदाबाजार में घेराबंदी कर अवैध रूप से शराब बनाकर बिक्री करने वाले 4 शराब कोचियों को पकड़ा गया है। आरोपियों से कुल 19, 250 कीमत मूल्य का 175 पाव देशी मसाला शराब जप्त किया गया है। साथ ही एक प्रकरण में आरोपी से अवैध रूप से शराब परिवहन में प्रयुक्त स्कूटी क्र. ष्टत्र22 ड्ड4145 भी जप्त किया गया है। आरोपियों के विरूद्ध थाना सिटी कोतवाली में क्रमशः अपराध क्र. 507, 508, 509, 510/2024 धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करते हुए जेल भेजने की प्रक्रिया की जा रही है। आरोपियों के नाम अरविंद उम्र 25 वर्ष निवासी ग्राम छुईहा मालगुजारी थाना सिटी कोतवाली, कन्हैया उम्र 19 वर्ष निवासी दुर्गा चौक बलौदाबाजार थाना सिटी कोतवाली, केशव दास उर्फराजा उम्र 23 वर्ष निवासी भैंसापसरा दशरमा रोड बलौदाबाजार थाना सिटी कोतवाली, उदल प्रताप उम्र 50 साल निवासी ग्राम लटुवा थाना सिटी कोतवाली है।

## विशेष अभियान चलाकर छत्तीसगढ़ सहित ओडिशा व महाराष्ट्र से 230 नग मोबाइल किया रिकवर

# पुलिस ने 32 लाख के मोबाइल बरामद कर मालिकों को सौंपे



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 5 अगस्त।** जिले के विभिन्न थानों में विगत कुछ समय से दर्ज मोबाइल गुमने की रिपोर्ट को गंभीरता से लेते हुये जिला बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस द्वारा गुम हुए मोबाइलों को रिकवर करने हेतु विशेष अभियान चलाया गया, जिसमें सीसीटीएनएस प्रभारी प्रधान आरक्षक विनोद सिंह, आरक्षक मुकेश तिवारी, प्रशांत दीवान, धर्मेंद्र यादव, प्रवीण यादव, कमलेश श्रीवास, नारायण देवांगन, अमीर राय की टीम द्वारा विशेष अभियान के तहत जिले के विभिन्न थानों में दर्ज गुम मोबाइल की रिपोर्ट पर तत्परतापूर्वक अथक प्रयास, लगन एवं मेहनत से खोजबीन करते हुए 230 नग गुम मोबाइलों को रिकवर करने में सफलता प्राप्त हुई है। रिकवर किये गये विभिन्न कंपनियों के मोबाइल की अनुमानित बाजार मूल्य लगभग 32 लाख रूपये है। अभियान में पुलिस टीम द्वारा जिला रायपुर, महासमुंद, दुर्ग, बिलासपुर, मुंगेली, जांजगीर चांपा, बेमेतरा, बालोद, धमतरी, शक्ति, कबीरधाम, कोरिया आदि जिलों के सांथ-सांथ दीगर उड़ीसा, गोंदिया महाराष्ट्र से भी मोबाइल रिकवर किया गया है।

आज दिनांक 04.08.2024 को 12.00 बजे पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक सिंह एवं हेमसागर सिदार द्वारा जिला पंचायत बलौदाबाजार सभागृह में उक्त सभी मोबाइलों को उनके मालिकों के सुपूर्द किया गया। मोबाइल गुम होने पर उसके मिलने की आस खो चुके लोगों को उनका खोया हुआ मोबाइल वापस मिलने पर उन सभी के द्वारा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस का धन्यवाद ज्ञापित कर प्रसन्नता व्यक्त किया गया।

इस दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा चर्चा करते हुए बताया गया कि पुलिस का यह अभियान भविष्य में भी निरंतर चलता रहेगा। साथ ही उन्होंने आमजनों से अपील करते हुए कहा कि किसी भी व्यक्ति को कहीं भी लावारिस मोबाइल पड़ा हुआ मिले या कोई व्यक्ति बिना रसीद के कम कीमत में मोबाइल उपलब्ध करा रहा है, तो ऐसा मोबाइल चोरी का अथवा किसी अपराध में उक्त मोबाइल का प्रयोग किया गया, हो सकता है। ऐसी परिस्थिति में तुरंत अपने निकटतम थाने में इसकी सूचना देकर एक सच्चे नागरिक होने का कर्तव्य निभावे। सांथ ही उन्होंने अपील किया कि, अपना मोबाइल सुरक्षित रखें। किसी व्यक्ति का मोबाइल पाने वाला, दीगर व्यक्ति उस मोबाइल का गलत उपयोग कर सकता है, इसलिए अपना मोबाइल संभाल कर रखें।

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी लोगों को नवीन कानून के विषय, साइबर अपराध एवं यातायात नियमों के संबंध में भी जानकारी दिया गया। कार्यक्रम में निरीक्षक शशांक सिंह द्वारा नवीन कानून में निहित प्रावधानों, प्रक्रिया तथा साइबर अपराध से बचाव सतर्कता एवं बचाव के संबंध में जानकारी दिया गया। इसके अतिरिक्त उनके द्वारा यातायात नियमों का पालन करते हुए सुगम एवं सुरक्षित परिवहन के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान किया गया।

# पहला त्यौहार हरेली लेकर आता है हरियाली और समृद्धि का संदेश : मंत्री टंकराम वर्मा

## पीएम आवास के हितग्राहियों को सौंपा चाबी, अमृत सरोवर की मेड़ में रोपा पौधा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 5 अगस्त।** रजस्व एवं अपदा प्रबंधन मंत्री टंकराम वर्मा रविवार को विकासखण्ड बलौदाबाजार अंतर्गत ग्राम सकरी मेंपंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा आयोजित जिला स्तरीय हरेली पर्व, पीएम आवास लाभर्थियों के गृह प्रवेश एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल हुए। छत्तीसगढ़ के पहली त्यौहार हरली के पावन अवसर पर अतिथियों के द्वारा कृषि औजारों की पारम्परिक रीति से पूजा-अर्चना कर जिलेवासियो की सुख समृद्धि एवं अच्छी फसल की कामना की गई। इस अवसर पर मंत्री वर्मा ने प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण अंतर्गत स्वीकृत आवास पूर्ण होने पर 10 हितग्राहियों को मकान का चाबी सौपा तथा एक पेड़ माँ के नाम अभियान अंतर्गत अमृत सरोवर के मेड पर पौधा लगाया। कैबिनेट मंत्री वर्मा ने ग्रामवासियों की मांग पर ग्राम सकरी मे नवीन पीडीएएस भवन की स्वीकृति एवं मानस भवन के लिए 10 लाख रूपये देने की घोषणा की।



राजस्व मंत्री वर्मा ने हरेली त्यौहार की बधाई एवं शुभकामनायें देते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ की पहली त्यौहार है हरेली जो किसानों सहित सभी के लिए हरियाली, खुशहाली और अमृद्धि का सन्देश लाती है। किसान खेती किसानी के कार्य से निवृत्त होकर अच्छी फसल की कामना के साथ कृषि औजारों और प्रकृति की पूजा करते हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में हरियाली और खुशहाली बनी रहे इसी बात को ध्यान रखते हुए मोदी की गारंटी एवं विष्णु के सुशासन के ध्येय वाक्य को हमारी सरकार साकार कर रही है। प्रधानमंत्री मोदी ने 10 साल में भारत का डंका देश- दुनिया में बजाया और चहुमुखी विकास के लिए प्रतिबद्ध हैं। भारत 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश है जिसे तीसरे स्थान पर लाना है। प्रधानमंत्री मोदी गरीबों के पक्के मकान के सपने पूरे कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में हमारी सरकार ने बहुत कम समय में किये गए वायदो को पूरी की है। महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त करने के लिए महतारी वंदन योजना के तहत महिलाओं के खाते में हर महीना एक हजार दिया जा रहा है। रोजगार उपलब्ध कराकर मातृशक्ति को सुदृढ और आत्मनिर्भर बनाने के लिए समूह के माध्यम से रेडी टू -ईट संचालन का काम दिया जाएगा।

## खुशियों का वास प्रधानमंत्री आवास

**छुरा, (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** आज छत्तीसगढ़ के लोकपर्व हरेली के पावन अवसर पर प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों को पौधा वितरण एवं वृक्षारोपण के जिलास्तरीय कार्यक्रम में राजिम क्षेत्र के ग्राम देवरी में मुख्य अतिथि रोहित साहू विधायक राजिम, अध्यक्षता अध्यक्षता चंदूलाल साहू पूर्व सांसद महासमुंद लोकसभा विशिष्ट अतिथि चंद्रशेखर साहू, मधुबाला रात्रे सदस्य जिला पंचायत गरियाबंद, महेश यादव उपाध्यक्ष भाजपा जिला गरियाबंद, कमल सिन्हा अध्यक्ष मंडल भाजपा राजिम उपस्थित हुआ। इस दौरान प्रधानमंत्री आवास योजनांतर्गत एक लाभार्थी के नवनिर्मित आवास का फीता काटकर लाभार्थी परिवार को शुभकामनायें दी। इस अवसर पर विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण कर ग्रामवासियों को पावन पर्व हरेली की शुभकामनायें दी तथा विधायक राजिम एवं अतिथि गण पारम्परिक गेड़ी का आनंद लिया।



## समाचार संक्षेप

### राजस्व मंत्री वर्मा ने किया निःशुल्क पौधा वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ



**बलौदाबाजार, 5 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जवाहर नवोदय विद्यालय लवन में आयोजित जिला स्तरीय वन महोत्सव के अवसर पर राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने महतारी वंदन योजना के लाभार्थियों को निःशुल्क पौधा वितरण कार्यक्रम का शुभारम्भ किया।उन्होंने इस अवसर पर लाभार्थी महिलाओं को पौधा वितरित किया। इसके साथ ही वन विभाग द्वारा लगाए गए वनोत्पाद प्रदर्शनी का अवलोकन किया। इस अवसर पर पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल, पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा, पूर्व संसदीय सचिव डॉ सनम जांगड़े, कलेक्टर दीपक सोनी, पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल उपस्थित थे। वनमण्डलाधिकारी मयंक अग्रवाल ने बताया कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने महतारी वंदन योजना के लाभार्थियों को निःशुल्क पौधा वितरण कार्यक्रम की शुरुआत की है। इसी क्रम में जिला बलौदाबाजार - भाटापारा में भी कार्यक्रम शुरू किया गया है। उन्होने बताया कि आगामी 15 अगस्त 2024 तक यह कार्यक्रम चलेगा जिसमें वन विभाग द्वारा महतारी वंदन योजना के लाभार्थी 3 लाख 30 हजार महिलाओं को निःशुल्क पौधे वितरित की जाएगी। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष चित्तावर जायसवाल, जनपद अध्यक्ष सुमन वर्मा, नगर पंचायत अध्यक्ष लवन मीना बार्वे, नगर पंचायत अध्यक्ष पलारी यशवर्धन वर्मा, जिला पंचायत सदस्य खुशबु बंजारे, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष लक्ष्मी वर्मा, छगन लाल मुंदडा, विजय केशरवानी सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

■ **जिले के 3 लाख से अधिक महतारी वंदन योजना की लाभार्थियों को बांटा जाएगा**

### संकुल स्तरीय मेगा पालक शिक्षक बैठक 6 को

#### राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की मानकों के अनुरूप शिक्षा पर होगा जोर



**छुरा, 5 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** छत्तीसगढ़ शासन, स्कूल शिक्षा विभाग के आदेशानुसार संकुल स्तरीय मेगा पालक शिक्षक बैठक 6 अगस्त को संकुल केंद्र छुरा में रखा गया है। संकुल प्रभारी एनसी साहू की अध्यक्षता में हुई बैठक में समन्वयक शंकर लाल यदु ने विभिन्न एजेंडा पर विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि प्रत्येक विद्यालय में स्नरूह के मानक अनुरूप अध्ययन अध्यापन सुनिश्चित करेंगे। सभी शालाओं में एक पेड़ मां के नाम लगाकर देखरेख की समुचित व्यवस्था करें। प्रत्येक बच्चों में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बनाएं। अधिक से अधिक संख्या में प्रतियोगी परीक्षा दिलाने हेतु बच्चों को प्रेरित करें।बेगलेस डे पर विविध गतिविधियों द्वारा बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु प्रयास करें। योग, व्यायाम, खेल, पेंटिंग, शिष्टाचार, स्वावलंबन की सीख देवे। विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से दिशा निर्देश दिए। पालक-बालक-शिक्षक-समुदाय के बेहतर समन्वय हेतु वृहद स्तर पर कार्यशाला आयोजन करने के लिए रूपरेखा तैयार की गई। 6 अगस्त को संकुल केन्द्र छुरा में 11 बजे से संकुल केन्द्र छुरा अ एवं ब के समस्त शालाओं के पालकों व शिक्षक का एक साथ बैठक रखा गया है। शिक्षक अर्जुन धनंजय सिन्हा ने सभी पालकों को अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के मानकों के अनुरूप कार्य योजना को सफल बनाने का आह्वान किया।बैठक में प्रमुख रूप से मोहनी गोस्वामी, मीना यादव, संतोषी टांडे, प्रेमवती ध्रुव, केशव प्रसाद साहू, फलेंद्र ठाकुर, हेमलाल साहू, रोहित नेताम, शालिक राम साहू, सुशील पांडे उपस्थित थे।



**सिमगा, 5 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** भाटापारा विधानसभा के सिमगा नगर में पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा ने आर फिटनेस जिम का फीता काट शुभारंभ किया। इस अवसर जिम के संचालक जयेश पंजवानी को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि स्वस्थ शरीर से स्वस्थ मस्तिष्क और स्वस्थ मस्तिष्क एक स्वस्थ राष्ट्र के निर्माण में सहायक होता है।

## प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि ने किया टूटे दरचुरा बांध का निरीक्षण, पीड़ितों से की बात

# बांध के गेट को खोलकर अप्रिय घटना से बचा जा सकता था : सुनील माहेश्वरी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सिमगा, 5 अगस्त।** प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि सुनील माहेश्वरी द्वारा आज दरचुरा बांध एवं उसके टूटने से ग्राम गणेशपुर आदि में प्रभावित आम जनता के बीच पहुंचकर उनकी समस्याओं से अवगत हुए। प्रशासन सक्रिय तो है लेकिन नियमो के चलते समय पर प्रभावित पक्ष को राहत उपलब्ध नहीं करा पाते।



माहेश्वरी ने आगे कहा कि दरचूरा बांध के टूटने के बाद उसके काम चलाऊ निर्माण कार्य की गति प्रारंभ की गई है लेकिन मजदूर रोजगार गारंटी से लगाया गया है और मटेरियल की व्यवस्था जनसहयोग से किए जाने की जानकारी मिली है। जिससे कार्य की गति धीमी है। जिला कलेक्टर को आपदा के समय डीएमएफ सीएसआर आदि से स्वीकृति का असीमित अधिकार दिया जाना चाहिए। माहेश्वरी ने आगे कहा कि विगत 10 वर्षों से विभाग के द्वारा शासन के समक्ष दरचुरा बांध के स्नर्निर्माण हेतु प्रकरण बनाकर लगातार भेजा जाता रहा है लेकिन स्वीकृति नहीं मिलने के कारण इन परिस्थितियों का सामना करना पड़ा। मैदानी कर्मचारी भी यदि समय-समय पर निरीक्षण करते तो समय रहते दरचुरा बांध के गेट को खोलकर पानी के दबाव को काम किया जा सकता था और एक अप्रिय घटना से बचा जा सकता था।

ग्राम गणेशपुर में बाढ़ से डूबे मकान और पीड़ितों से मिलने के बाद माहेश्वरी ने शासन प्रशासन से मांग की है कि नदी, नाला के कारण प्रतिवर्ष जो कच्चे घर डुबान में आते हैं उन्हें प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री आवास योजना में प्राथमिकता दी जानी चाहिए। पीड़ितों को तत्काल राशि उपलब्ध कराना चाहिए। डुबान से प्रताडित को दुकान कम से कम 15 दिन के लिए राशन का किट उपलब्ध कराना चाहिए। माहेश्वरी ने फसल क्षतिपूर्ति के संबंध में बताया कि आरबीसी के तहत अधिकतम छै सात हजार एकड़ की राशि फसल क्षतिपूर्ति के रूप में प्राप्त होती है बाद में उन्हें धान बेचने के नाम से मना कर दिया जाता है। इसलिए किसान मजबूरी वश मुआवजा का प्रकरण नहीं बनना चाहते हैं। शासन से मांग है कि मुआवजा प्रकरण बनने के बाद भी सोसायटी में धान बेचने से किसानों को न रोका जाए।

माहेश्वरी के साथ प्रमुख रूप से गोलू दिवाकर रोहित बंजारे तामेश्वर पाटेश्वर जलेश्वर बघेल, रोहित साहू, प्रदीप पटेल, बलराम साहू, अर्जुन दिवाकर, गणेशपुर सल्लू मसीह, हेमरोन मसीह, पावल मसीह, कोदू मसीह, ईलू मसीह, जान सल्लू, आशीष मसीह, रूपेश मसीह, सोनू मसीह, पाऊलूस मसीह आदि उपस्थित थे।

### न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बालोद, जिला- बालोद (छ.ग.)

ई कोर्ट नं......
ग्राम- बालोद
तहसील- बालोद

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती रंजना बाफना पति स्व. राजेश बाफना निवासी ग्राम महावीर भवन मार्ग वार्ड नं. 04 बालोद तहसील बालोद जिला बालोद द्वारा ग्राम बालोद प.ह.नं. 06 स्थित भूमि खसरा नं. 211/15 रकबा 0.0139 हे. कुल रकबा 0.0139 हे. गैर कृषि प्रयोजनार्थ-आवासीय प्रयोजनार्थ हेतु व्यपवर्तन बाबत् आवेदन नक्शा खसरा एवं बी-1, ब्लू प्रिंट ऋण पुस्तिका व अधिकार अभिलेख की छाया प्रति सहित प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त भूमि को आवासीय प्रयोजनार्थ हेतु परिवर्तित किये जाने में जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति हो वह अपनी आपत्ति/दावा स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से उद्घोषणा दिनांक 16/08/24 के भीतर प्रस्तुत कर सकते हैं, नियत अवधि के पश्चात प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से आज दिनांक 31/07/24 को जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बालोद, जिला-बालोद

### न्यायालय तहसीलदार डोंगरगढ़ तहसील डोंगरगढ़ जिला-राजनांदगांव

रा.प्र.क्रमांक- 202407092100052
अ/6 (अ) वर्ष 2023-24

**ईश्तहार**

एतद् सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक रामचन्द्र वल्द दशरथ जाति गांड़ा निवासी ग्राम कटली तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगाँव द्वारा आवेदन पत्र पेश किया है कि आवेदक रामचन्द्र के अधिकार एवं आधिपत्य की भूमि ग्राम कटली प.ह.न. 19 रा.नि.म. बेलगाँव तहसील डोंगरगढ़ में खाता क्रमांक 350 खसरा नम्बर 277/1 रकवा 0.014 हे. भूमि है। पटवारी द्वारा भूलवश लिपिकीय त्रुटि के कारण आवेदक के ऑनलाईन कम्प्यूटर रिकार्ड में आवेदक का नाम रामचन्द्र पिता दशरथ वर्ग अनु. जनजाति लिखा हुआ है। जबकि आवेदक का वास्तविक नाम रामचन्द्र पिता दशरथ जाति गांड़ा वर्ग अनु. जाति है। जो कि पूर्णतः सत्य एवं सही है। आवेदक उपरोक्त खाता में रामचंद एवं अनु. जनजाति को विलोपित कर वास्तविक नाम रामचन्द्र एवं जाति गांड़ा वर्ग अनु. जाति दर्ज कर रिकार्ड दुरुस्त किए जाने का निवेदन किया है।

उक्त संबंध में जिस किसी को किसी भी प्रकार की दावा आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 21.08.2024 तक स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं, समयावधि पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह आज दिनांक 30.07.2024 को मेरे हस्ताक्षर से अभिकरण की मुद्रा लगाकर दिया गया है।

मुहर — तहसीलदार डोंगरगढ़

### न्यायालय तहसीलदार डोंगरगढ़ के न्यायालय में मामला क्रमांक: 202407092200028

विषय:- ब-121
मामले की श्रेणी:- राजस्व
सन्:- 2023-2024
रेंगाकठेरा प.ह.न. 00032 [(हे.)]
पक्षकारों का विवरण-
आवेदक पक्षकार- जगन्नाथ चंद्रवशी,
अनावेदक पक्षकार-

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व सधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक जगन्नाथ चंद्रवशी आ. फागूराम कंवर जाति कंवर सा. रेंगाकठेरा तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगाँव द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है कि आवेदक के स्वयं जगन्नाथ चंद्रवशी आ. फागूराम कंवर का जन्म दिनांक 01.01.1987 को स्थान रेंगाकठेरा में हुआ है के नाम पर जन्म प्रमाण पत्र प्रदाय किये जाने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर व दावा हो तो वह ईश्तहार प्रकाशन दिनांक 06.08.2024 उसके पूर्व स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 18/07/2024 को जारी किया जाता है।

मुहर — तहसीलदार डोंगरगढ़

### न्यायालय तहसीलदार डोंगरगढ़ के न्यायालय में मामला क्रमांक: 202405092200080

विषय:-ब-121
मामले की श्रेणी:- राजस्व
सन्:- 2023-2024
मेरेगांव प.ह.न. 00031 [(हे.)]
पक्षकारों का विवरण-
आवेदक पक्षकार- शत्रुहन मंडावी,
अनावेदक पक्षकार-

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व सधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक शत्रुहन मंडावी आ. स्व. सोन सिंह मंडावी जाति गोंड सा. मेरेगाँव तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगाँव द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है कि आवेदक के पिता सोन सिंह मंडावी आ. मंगलु का मृत्यु दिनांक 16.11.2020 को स्थान मेरेगाँव में हुआ है के नाम पर मृत्यु प्रमाण पत्र प्रदाय किये जाने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर हो तो वह ईश्तहार प्रकाशन दिनांक 16.08.2024 उसके पूर्व स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 24/07/2024 को जारी किया जाता है।

मुहर — तहसीलदार डोंगरगढ़

# प्रशासनिक चुस्ती के लिए बदले जाएंगे कई अफसर

## आईजी स्तर के अधिकारी भी बदले जाएंगे

**मुख्य नगर संवाददाता**

**रायपुर, 5 अगस्त।** विष्णुदेव सरकार प्रशासन को चुस्त करने के लिए शीघ्र ही प्रशासनिक सर्जरी करने जा रही है। शासन द्वारा शीघ्र ही कई जिलों के कलेक्टरों को बदला जाएगा। वहीं पुलिस महकमे में भी व्यापक फेरबदल किए जाने का प्रस्ताव है।

सत्ता में आने के बाद भाजपा सरकार द्वारा बिलासपुर एवं रायपुर में आयुक्त पद पर नए अधिकारियों की पदस्थापना की गई है। इसके अलावा कई जिलों के चर्चित कलेक्टरों को भी बदला गया है। रायपुर में बतौर संभाग आयुक्त महादेव कावरे को बैठाया गया है। अब जशपुर, मुंगेली एवं जगदलपुर के कलेक्टरों को बदले जाने की चर्चा है। जशपुर कलेक्टर रवि मित्तल की कार्यशैली को लेकर मुख्यमंत्री खासे नाराज हैं। यह मुख्यमंत्री का गृह क्षेत्र है। मुंगेली कलेक्टर और पूर्व नेता प्रतिपक्ष के बीच लम्बे अरसे से अनबन चली आ रही है जिसके कारण यहां पर उनका भी हटना तय माना जा रहा है। मंत्रालय में कई प्रमुख सचिव एवं सचिव स्तर के अधिकारियों की नई पदस्थापना की गई है। इस समय मनोज कुमार पिंगुआ के पास प्रमुख विभाग है। पूर्ववर्ती सरकार के महत्वपूर्ण पदों पर बैठे अधिकारियों को हटाया गया है। समझा जाता है कि यह तबादला लिस्ट शीघ्र ही निकाली जाएगी। राज्य के शिक्षा एवं उच्च शिक्षा विभाग, खनिज तथा अन्य विभागों में भी बड़ी संख्या में स्थानांतरण के प्रस्ताव बनाए गए हैं। अभी कोआर्डिनेशन कमेटी द्वारा इसे पारित नहीं किया गया है। इसके कारण नए विधायक काफी परेशान हैं। बरसात लगने के कारण शिक्षकों एवं राजस्व कर्मियों का स्थानांतरण नहीं किया जा सकता। शिक्षा विभाग में प्राचार्य, व्याख्याता एवं जिला शिक्षा अधिकारी बनने के लिए कई अधिकारी जुगत जमा रहे हैं। उच्च शिक्षा विभाग में भी जो प्राध्यापक राजधानी में बने हुए हैं वे अब यहां से बाहर नहीं जाना चाहते हैं।

### पुलिस महकमे में फेरबदल

बस्तर के आईजी पी.सुंदराज की पदस्थापना एनआईए में हो गई है। राज्य शासन से इसके लिए हरी झंडी मिल गई है। वे शीघ्र कार्यमुक्त हो जाएंगे। राज्य में पुलिस महानिदेशक को बार-बार एक्सटेंशन दिया जा रहा है जिसके चलते निचली स्तर के अधिकारी निराश हैं। राज्य में एसपी, एआईजी, डीआईजी सहित आईजी स्तर के अधिकारियों की भी नई पदस्थापना की जाएगी। इसके लिए पीएचक्यू से प्रस्ताव मंगाए गए हैं। इस समय नक्सल विरोधी अभियान तेजी से चल रहा है जबकि बरसात के दिनों में इसे रोक दिया जाता है।



रायपुर 5 अगस्त। सावन के तीसरे सोमवार पर आज बूढ़ेश्वर मंदिर में शिवभक्तों ने महादेव का अभिषेक किया।

## एरियर्स भुगतान नहीं होने पर 6 को धरना

**रायपुर 5 अगस्त।** सातवें वेतनमान के एरियर्स के अंतिम किस्त के भुगतान के लिए छत्तीसगढ़ शासन के वित्त विभाग ने 11 जून को आदेश जारी कर दिया है शासन के उक्त पत्र के संबंध में कर्मचारी संघ ने दो दो बार कुलसचिव और वित्त-नियंत्रक जी को एरियर्स के संबंध में पत्र देकर भुगतान के लिए निवेदन कर चुका है। कर्मचारी संघ के अध्यक्ष सुनील नामदेव और सचिव संदीप ने बताया कि अपने सभी पदाधिकारिओ के साथ कुलसचीव से मिलकर एरियर्स भुगतान के सम्बन्ध में चर्चा किये उक्त चर्चा में कुलसचिव ने एरियर्स भुगतान किये जाने का आश्वासन दिया था उक्त आश्वाशन के बाद भी आज पर्यंत तक एरियर्स का भुगतान नहीं किये जाने से कर्मचारियो में आक्रोश ब्याप्त है। इस संबंध में 31 जुलाई 2024 को हुई आमसभा मे सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया था कि 5 अगस्त तक यदि एरियर्स की राशि का भुगतान कर्मचारियो के खाते में नही आता है तो 06 अगस्त 2024 को भोजनावकाश 1.30 बजे से सभी कर्मचारीगण एरियर्स की राशि खाते में आते तक सभी नियमित तृतीय/चतुर्थ वर्ग के कर्मचारियो ने धरना प्रदर्शन करने का निर्णय लिया है।

## एक नजर

### रविवि कर्मचारी संघ का चुनाव,श्रवण सिंह निर्वाचन अधिकारी



**रायपुर 5 अगस्त।** पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय कर्मचारी संघ की आमसभा 31 जुलाई 2024 को संघ के पूर्व अध्यक्ष श्रवण सिंह ठाकुर के संघ के कार्यों एवं दीर्घ अनुभवों को देखते हुए सर्वसम्मति से चुनाव अधिकारी बनाया गया। उन्हें एक माह के भीतर गुप्त मतदान प्रणाली से निष्पक्ष एवं पारदर्शी चुनाव कराने का दायित्व सोपा गया। आम सभा में निर्वाचन अधिकारी नियुक्त किए जाने पर ठाकुर ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा की जो भी दायित्व जिसे भी मिले उसे हंसकर स्वीकार करें। जिस विश्वास से कर्मचारियों ने यह दायित्व मुझे दिया है उसे बिना किसी दबाव के पूरी ईमानदारी और निष्ठा के साथ निष्पक्ष एवं पारदर्शी चुनाव एक माह के भीतर करा दिया जाएगा।

### हाईड्रॉलिक एक्सकेवेटर पेश

**रायपुर 5 अगस्त।** वॉल्वो कंस्ट्रक्शन ईक्विपमेंट ने आज 'बिल्ट फॉर भारत' 20-टन एक्सकेवेटर, नया ईसी 210 पेश किया। यह एक्सकेवेटर बढ़ते हुए भारतीय सीई (कंस्ट्रक्शन ईक्विपमेंट) बाजार में इनोवेटिव और अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी वाले समाधान प्रदान करने की कंपनी की प्रतिबद्धता प्रदर्शित करता है, जो देश में ग्राहकों की जरूरतों को पूरा करने के लिए विशेष रूप से डिज़ाईन किए गए हों। ईसी210 एक्सकेवेटर में अनेक विशेषताओं के साथ बेहतर परफॉर्मेंस और शानदार फ्यूल एफिशियंसी भी मिलती है। इस नए एक्सकेवेटर का अनावरण आज अनिरबन बनर्जी, हेड, अपटाईम एवं पार्ट्स, वॉल्वो सीई इंडिया ने पश्चिमी क्षेत्र के अन्य वरिष्ठ नेतृत्वकर्ताओं की मौजूदगी में किया। ईसी210 के लॉन्च के साथ वॉल्वो सीई ने नया ब्रांड कैम्पेन, ''करो ज्यादा की उम्मीद'' भी पेश किया। इस कैम्पेन में मुख्य फिल्म के माध्यम से ज्यादा की इच्छा रखने, उत्कृष्टता की कोशिश करते रहने और सीमाओं को आगे बढ़ाते रहने की मानवीय मानसिकता को दिखाया गया है। इसमें ज्यादा परफॉर्मेंस, ज्यादा वैल्यू, ज्यादा सेविंग्स और ज्यादा अपटाईम के 4 मुख्य गुणों के साथ ईसी210 का मुख्य प्रस्ताव पेश किया गया है।

### बाइक सवार अनियंत्रित होकर गिरा, मौत

**रायपुर, 5 अगस्त।** छतौना चौक के पास बाइक सवार युवक अनियंत्रित होकर गिर गया। जिससे उसकी मौत हो गई। मामले में मंदिरहसौद पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मिली जानकारी के अनुसार मृतक मनीष साहू 42 वर्ष धरमपुरा माना का रहने वाला है। बताया जाता है कि मनीष अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 पीटी 4936 से कहीं जा रहा था, तभी छतौना चौक के पास मनीष अनियंत्रित होकर गिर गया। जिससे उसके सिर पर चोट आई और उसकी मौत हो गई। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं मामले को जांच में लिया है।

### ट्रक की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**रायपुर, 5 अगस्त।** ग्राम चरौदा के पास ट्रक की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। मामले में पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार मृतक पूर्णचंद तारक 23 वर्ष ग्राम डोमा का रहने वाला था। बतााया जाता है कि वह अपनी बाइक से कहीं जा रहा था, तभी ग्राम चरौदा के पास ट्रक क्रमांक सीजी 22 आर 6683 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहनर चलाते हुए बाइक को टक्कर मार दिया। जिहससे पूर्णचंद तारक की मौत हो गई। मामले में आरंग पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### मंडी से बाइक पार

**रायपुर, 5 अगस्त।** लालपुर फल मंडी के पास खड़ी बाइक को अज्ञात चोर ने पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी अरूण महिलांगे 22 वर्ष संतोषी नगर टिकरापारा का रहने वाला है। बताया जाता है कि प्रार्थी अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 एनजी 2492 को लालपुर फल मंडी के पास खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 30 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

## दानी स्कूल मार्ग पर चौपाटी का विरोध

**रायपुर 5 अगस्त।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री कन्हैया अग्रवाल के नेतृत्व में जनदर्शन के दौरान कलेक्टर को ज्ञापन सौंप कर बुढ़ापारा दानी स्कूल परिक्रमा मार्ग में निर्माणाधीन चौपाटी पर तत्काल रोक लगाने की मांग की गई ।श्री अग्रवाल ने कहा कि प्रदेश में सबसे ज्यादा संख्या वाली गर्ल्स कॉलेज ,गर्ल्स स्कूल के साथ ही वहां बच्चियों का छात्रावास भी है ऐसे स्थान पर चौपाटी खुलने से बेटियों की सुरक्षा पर प्रश्न चिन्ह लगता है अतः इस पर तत्काल रोक लगाई जानी चाहिए । उन्होंने कहा कि इससे पूर्व भी पिछले 20 सालों में अनेक बार चौपाटी बनाने का प्रयास किया गया और जन विरोध के चलते हर बार निर्णय वापस लिया गया है । रायपुर दक्षिण विधानसभा क्षेत्र के वामनराव लाखे वार्ड में प्रोफेसर कॉलोनी ,बंजारी नगर ,आदिवासी कॉलोनी में हर वर्ष जल भराव की समस्या उत्पन्न होती है । क्षेत्र के लोगों ने अपने घरों के बाहर पानी को रोकने के लिए दीवारें तक बना रखी है पर इस समस्या का निराकरण पिछले 20 वर्षों में नहीं हो पाया है । श्री अग्रवाल ने कहा कि क्षेत्र में पानी निकासी के लिए नए नालों के निर्माण के साथ ही निर्माण किया जा चुके नालों को कनेक्ट करने की आवश्यकता है ,साथ ही पानी को भी अलग-अलग क्षेत्र में डाइवर्ट करने से क्षेत्र के नागरिक समस्या से मुक्त हो पाएंगे ।

## 16 तक करा सकते है प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनान्तर्गत फसलों का बीमा

**रायपुर, 5 अगस्त।** छत्तीसगढ़ शासन द्वारा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनांतर्गत खरीफ 2024 में किसानों के हित को ध्यान में रखते हुए फसलों की बीमा कराने की तिथि को बढ़ाते हुए 16 अगस्त 2024 कर दिया गया है। भारत सरकार ने सभी अधिसूचित फसलों के लिए ऋणी एवं अऋणी किसानों के नामांकन के लिए कट ऑफ की तिथि को 16 अगस्त कर दिया है। राज्य के कृषकों से निर्धारित तिथि तक अपने फसलों का बीमा कराने की अपील की गई है। कृषि विभाग से मिली जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ शासन ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत जिले के किसान मुख्य फसल धान सिंचित, धान असिंचित एवं अन्य फसल मक्का, मूंगफली,मूंग, उड़द, सोयाबीन, अरहर, कोदो, कुटकी, रागी का बीमा करा सकते हैं। किसानों के फसल को प्रतिकूल मौसम, सूखा, बाढ़, जलप्लावन, कीटव्याधि, ओलावृष्टि आदि प्राकृतिक आपदाओं से होने वाले नुकसान से राहत दिलाने के लिए बीमा में शामिल किया गया है।

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनान्तर्गत ऋणी एवं अऋणी किसान जो भू-धारक व बटाईदार हो सम्मिलित हो सकते हैं, जो किसान अधिसूचित ग्राम व राजस्व निरीक्षक मंडल में अधिसूचित फसल के लिए वित्तीय संस्थानों से मौसमी कृषि ऋण स्वीकृत, नवीनीकृत की गई हो। योजना ऋणी कृषकों के लिए विकल्प चयन आधार पर क्रियान्वित होगी, ऋणी कृषक जो योजना में शामिल नहीं होना चाहते है, उन्हें स्व हस्ताक्षरित घोषणा पत्र बीमा आवेदन के अंतिम तिथि के 7 दिवस पूर्व तक संबंधित वित्तीय संस्था में जमा करना होगा। विकल्प चयन नहीं करने पर अनिवार्य रूप से बीमाकृत किया जाएगा। इनके अलावा ऐच्छिक आधार पर अधिसूचित फसल उगाने वाले सभी गैर ऋणी किसान जो योजना में सम्मिलित होने के इच्छुक हो, वह बुआई प्रमाण पत्र क्षेत्रीय पटवारी, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी द्वारा सत्यापित कराकर एवं अन्य दस्तावेज प्रस्तुत कर योजना का लाभ ले सकते हैं।

## नव प्रवेशित छात्राओं का दीक्षारंभ

**रायपुर 5 अगस्त।** श्रीमती प्रमिला गोकुलदास डागा कन्या महाविद्यालय के सभा भवन में राज्य शासन के निर्देशानुसार स्नातक प्रथम सेमेस्टर में नव प्रवेशित छात्राओं का दीक्षारंभ कर NEP एंबेसडर मनोनयन किया गया। दीक्षारंभ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रायपुर उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा थे।



कार्यक्रम की अध्यक्षता राष्ट्रीय विद्यालय समिति के अध्यक्ष अजय तिवारी ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन, सरस्वती माता पूजन एवं महाविद्यालय में नव प्रवेशीत छात्राओं को तिलक लगाकर किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ संगीता घई द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति2020 के बारे में छात्राओं तथा उनके पालकों को विस्तार पूर्वक समझाया गया। कार्यक्रम के अध्यक्ष अजय तिवारी द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति के मूल्यों पर प्रकाश डाला गया। मुख्य अतिथि पुरंदर मिश्रा द्वारा छात्राओं को मोबाइल का सदुपयोग करने तथा समस्त प्रकार के नशे से दूर रहने की शपथ दिलाई गई। मुख्य अतिथि द्वारा NEP एम्बेसडरों का पुष्प गुच्छ से स्वागत किया गया तथा उच्च शिक्षा का जीवन में महत्व समझाया। दीक्षारंभ कार्यक्रम में राष्ट्रीय विद्यालय समिति के गोकुलदास डागा, मदन लाल तालेड़ा, रूपचंद श्रीमाल, अनिल गुप्ता, सुरेश शुक्ला, हरि बल्लभ अग्रवाल सहित अन्य पदाधिकारी, महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक एवं स्टाफ मौजूद थे ।

## प्राथमिक सहकारी समितियों के चुनाव कराने की मांग


- राज्य एवं जिला स्तरीय समितियों में अधिकारी काबिज

**मुख्य नगर संवाददाता**

**रायपुर, 5 अगस्त।** राज्य में प्राथमिक सहकारी समितियों के चुनाव की सुगबुगाहट शुरू हो गई है। सत्ता परिवर्तन के पश्चात भाजपा के सहकारी नेताओं ने प्राथमिक सहकारी समितियों में चुनाव कराने के लिए दबाव बनाना शुरू कर दिया है। मिली जानकारी के अनुसार राज्य में 2085 सहकारी समितियां हैं जिनमें आरक्षण लागू किया गया है। वर्तमान में लघुवनोपज संघ, मार्कफेड, अपेक्स एवं दुग्ध संघ के भी चुनाव नहीं होने के कारण यहां शासकीय अधिकारी हावी हैं। भाजपा के सहकारी नेता एवं पूर्व उपाध्यक्ष मार्कफेड शशिकांत द्विवेदी ने कहा कि राज्य में प्राथमिक सहकारी समितियों के चुनाव कराया जाना चाहिए। इससे सहकारिता के क्षेत्र में गति आएगी तथा पार्टी कार्यकर्ताओं की गतिविधियां बढ़ जाएंगी। उन्होंने कहा कि अपेक्स बैंक के चुनाव के लिए भी यह जरूरी है कि प्राथमिक सहकारी समितियों के चुनाव कराए जाए। प्राथमिक सहकारी समितियों से भी राज्य एवं जिला स्तर के समितियों के संचालक निर्वाचित होते हैं। राज्य में रायपुर, दुर्ग, राजनांदगांव, बिलासपुर, जगदलपुर एवं अंबिकापुर के केंद्रीय सहकारी बैंकों में वर्तमान में कलेक्टरों को प्राधिकृत अधिकारी बनाया गया है। अधिकारियों के अनुसार कलेक्टरों को प्राधिकृत अधिकारी बनाए जाने के कारण यहां पर कई कार्य लंबित हैं। जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के माध्यम से राज्य शासन की अनेक योजनाओं का संचालन किया जाता है। राज्य में अपेक्स बैंक एक शीर्ष सहकारी बैंक हैं। कई वरिष्ठ भाजपा नेता प्राधिकृत अधिकारी बनने के लिए कोशिश कर रहे हैं। सहकारी नियम के अनुसार जब तक चुनाव नहीं होते तब तक सहकारी संस्थाओं में प्राधिकृत अधिकारियों को शासन द्वारा नियुक्त किया जा सकता है। राज्य में राज्य स्तरीय समितियों में अलग-अलग स्तर के अधिकारी नियुक्त किए गए हैं। वर्तमान में भाजपा के महत्वाकांक्षी नेता सहकारी समितियों में काबिज होना चाहते हैं।

### जैतू साव मठ में छः से सावन झूला

**रायपुर।** श्री ठाकुर रामचन्द्रजी स्वामी जैतू साव मठ में सावन झूले की पूरी तैयारी कर ली गई है यह जानकारी देते हुए महेन्द्र कुमार अग्रवाल सचिव एवं अजय तिवारी न्यास समिति ट्रस्टी ने बताया कि जैतू साव मठ पुरानी बस्ती में 6 अगस्त से सावन झूला प्रारंभ होने जा रहा है जिस में श्री कृष्ण संग श्री राधा रानी सुंदर चाँदी के झूले में बैठाया जायेगा एवं शाम 4 बजे मठ के महंत राजेश्री डॉ रामसुंदर दास की उपास्थिति में आरती की जावेगी। यह झुला कार्यक्रम रक्षाबंधन तक रहेगा और प्रतिदिन संध्या 4 बजे आरती हुआ करेगी।




## रामकृष्ण केयर अस्पताल में 400 से अधिक लोगों ने लिया अंगदान करने का संकल्प

**रायपुर 5 अगस्त।** 3 अगस्त को रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल में राष्ट्रीय अंगदान दिवस के अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं और कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इनका मुख्य उद्देश्य लोगों को अंगदान के प्रति जागरूक करना और उन्हें जीवन रक्षा हेतु अंगदान करने के लिए प्रोत्साहित करना था।

इस अवसर पर अंगदान से जुड़ी भ्रांतियों को दूर करने के लिए हॉस्पिटल प्रबंधन द्वारा पेशेंट्स के लिए प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसके बाद हॉस्पिटल स्टाफ और प्रबंधन ने मिलकर रंगोली एवं नुक्कड नाटक के माध्यम से भावी अंगदाताओं के बीच जागरूकता फैलाई गई तथा अंगदान करने का संकल्प लिया। आयोजन के




दौरान हॉस्पिटल के प्रमुख डॉक्टर्स ने विभिन्न अंगों एवं टिशू दान के महत्व एवं प्रत्यारोपण के बारे में जानकारी दी और लोगों को अंगदान के लिए प्रेरित किया। इनमें प्रमुख रूप से रामकृष्ण केयर के वरिष्ठ चिकित्सकों की टीम डॉ. प्रवास चौधरी, डॉ. एस.एन. मढ़रिया, डॉ. संदीप पांडेय, डॉ. अजय पाराशर, डॉ. संजीव अनंत काले, डॉ. लालित निहाल, डॉ. संतोष सिह डॉ. विशाल कुमार, डॉ. अजीत मिश्रा, डॉ. विनोद आहूजा, डॉ. रवि जायसवाल डॉ. हर्ष जैन, डॉ. मलय रंजन, डॉ. धीरज प्रेमचंदानी, डॉ. साकेत अग्रवाल, डॉ. सोनल बघेल तथा अन्य डॉक्टर्स भी शामिल थे।

इस अवसर पर रामकृष्ण केयर अस्पताल के मैनेजिंग कम मेडिकल डायरेक्टर डॉ. संदीप दवे ने भी अपने टीम को प्रोत्साहित किया एवं अपने टीम की सराहना करते हुए भावी अंग दाताओं को अंगदान करने का संकल्प लेने के लिए बधाई दी। छत्तीसगढ़ ही नहीं बल्कि पूरे मध्यभारत में विश्वस्तरीय चिकित्सा व सर्जरी की अत्याधुनिक सुविधाओं के लिए प्रतिष्ठित रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल की चिकित्सकीय सेवाएं लगातार विस्तारित की जा रही हैं।

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26